Website- Edristi.in

नवप्रभात

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 1 >>> अंक - 4 >>> दिसंबर, 2017

दिल्ली : स्मॉग का कहर

पैराडाइज पेपर्स लीक

PARADISE PAPERS

ICIJ

मिस वर्ल्ड, 2017

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेण्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेण्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए। दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं। करेण्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों।माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं। हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है। आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (**1** नवंबर से **30** नवंबर, **2017**) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं। ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 13

दिल्लीः स्मॉग का कहर 13

पैराडाइज पेपर्स मामला 15

राजस्थान पिछड़ा वर्ग (राज्य की शैक्षिक संस्थाओं में सीटों और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों और पदों का आरक्षण) विधेयक, 2017 17

विश्व प्रतिभा सूचकांक-2017 18

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण, 2017 19

भारत स्टेज-VI 20

भारत युवा विकास सूचकांक एवं रिपोर्ट-2017 20

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉरिशस यात्रा 21

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2017 23

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी 23

ब्लॉकचैन शिखर सम्मेलन एवं हैकाथान 24

जेंडर वल्नरबिलिटी इंडेक्स रिपोर्ट 25

मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस 26

एनटीपीसी स्टेशन में बड़ा हादसा 27

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 28

मिस यूनिवर्स-2017 28

मंत्रिमंडल द्वारा यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक में भारत की सदस्यता के संबंध में मंजूरी 29

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2018 30

सतत विकास युग में टीबी उन्मूलन पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 30

15वां आसियान-भारत और 12वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन 31

15वां एशिया पेसेफिक कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (एपीसीईआरटी) सम्मेलन 33

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 33

एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन 34

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2017 35
कैटेलोनिया की आजादी 36
क्रेडिट सुईस फैमिली रिपोर्ट 37
फोर्ब्सः विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाएं-2017 38
इंग बिजनेस इंडेक्स-2018 39
आर्थिक परिदृश्य 40
15वें वित्त आयोग का गठन 40
मंत्रिमंडल द्वारा 15वें वित्त आयोग के गठन को मंजूरी 42
नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने हेतु कार्यबल का गठन 43
एशिया के सबसे अमीर परिवारों की सूची-2017 43
एथेनॉल के संशोधित मूल्य को मंजूरी 45
भारत में करोड़पतियों की संख्या में वृद्धि, 2017 45
भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र भागीदारी कोष में योगदान 46
वैज्ञानिक परिदृश्य 47
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 47
रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (IDSA) के नए अध्यक्ष 47
डीएएनएक्स-2017 48
प्रथम बहुराज्यीय मेगा मॉक सुनामी अभ्यास-2017 49
मिसाइल डोंगफोंग-41 50
'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण 50
देश की सबसे बड़ी नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली चालू 51
नासा द्वारा मौसम उपग्रह का प्रक्षेपण 51
डिजिटल टैबलेट (Pill) 'एबिलिफाई माईसाइट' को मंजूरी 52
7वां सम्प्रीति (SAMPRITI)-2017 संयुक्त सैन्य अभ्यास 53
प्रॉक्सिमा सेंचुरी के चारों ओर धूल परत 54

चीन द्वारा दो नेविगेशन उपग्रहों का प्रक्षेपण 54
विश्व का पहला पूर्णतः विद्युत संचालित मालवाहक जहाज 55
निर्भय क्रूज मिसाइल का पांचवा परीक्षण 55
खेल परिदृश्य 56
टेनिस 56
निट्टो एटीपी फाइनल्स 2017 56
केपीआईटी-एमएसएलटीए चैलेंजर, 2017 57
रोलेक्स पेरिस मास्टर्स, 2017 58
यूरोपियन ओपन, 2017 58
क्रेमलिन कप, 2017 59
क्रिकेट 60
अंडर-19 युवा एशिया कप 2017 60
रणजी ट्रॉफीः 500वां मैच खेलने वाली टीम 60
हॉकी 61
54वां नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट 61
हॉकी एशिया कप (महिला), 2017 61
बैडमिंटन 62
इंडिया इंटरनेशनल सीरीज, 2017 62
82वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2017 63
मुक्केबाजी 64
AIBA युवा महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017 64
ASBC एशियन महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017 65
दूसरी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017 66
बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश 67
आईबीएसएफ (IBSF) विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, 2017 67

ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2017 68
फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2017 68
खेल विविध 69
फ्रांस को रग्बी वर्ल्ड कप की मेजबानी 69
इमर्जिंग नेशंस कप 70
चर्चित खेल व्यक्तित्व 71
बंगलुरू एफसी का ब्रांड एंबैसडर 71
सईद अजमल 71
प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक दोहरा शतक जड़ने वाले प्रथम भारतीय क्रिकेटर 72
रूस का स्वर्ण पदक विजेता एथलीट आजीवन प्रतिबंधित 72
भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष पुनर्निवाचित 73
संक्षिप्तियां 74
चर्चित व्यक्ति 74
भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट 74
जिम्बाब्वे के नए राष्ट्रपति 74
प्रश्न-हाल ही में किसने जिम्बाब्वे के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की? (a) एमर्सन नंगाग्वा (b) रॉबर्ट मुगाबे (c) एम्मा मुगाबे (d) जैकब मुदेंद्रा उत्तर-(a) संबंधित तथ्य 74
यूनिसेफ की सेलिब्रिटी एडवोकेट 75
न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी 75
प्रिय रंजन दासमुंशी 76
न्यायमूर्ति भगवती प्रसाद 77
देबजानी घोष 77
रवि बांगड़ 78
सुरेश चुक्कापल्ली 78
अजय बिसारिया 79

कुंवर नारायण 79
कीर्ति निधि विष्ट 80
ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने इस्तीफा दिया 80
कर्नाटक की पहली महिला पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक 81
पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के नए महानिदेशक 81
टाटा स्टील के पहले वैश्विक प्रबंध निदेशक एवं सीईओ 82
वरिष्ठ पत्रकार एवं बंगलुरू दूरदर्शन के पूर्व निदेशक का निधन 82
अमेरिका की सबसे युवा वैज्ञानिक 83
भारतीय नौसेना के नए उपप्रमुख 83
राष्ट्रपति के नए निजी सचिव नियुक्त 84
भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व महाप्रबंधक का निधन 84
गाजियाबाद नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर 85
सब टीवी चैनल के सह-संस्थापक का निधन 86
चर्चित स्थल 86
भारत का पहला मेगा तटीय आर्थिक क्षेत्र 86
उत्तरी सिनाई प्रांत में आतंकवादी हमला 87
नेशनल बायोमैटिरियल केंद्र का उद्घाटन 87
भारत का पहला कार्टून नेटवर्क मनोरंजन थीम पार्क 88
उत्तर कोरिया 89
रवांडा 89
विश्व का पहला तैरता हुआ शहर 90
भारत का सबसे बड़ा सीडीक्यू प्लांट 91
धर्मपुरा हवेली 91
देश का पहला इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन 92
मध्य भारत का पहला फॉल्स सिलिंग स्किल ट्रेनिंग सेंटर 93

इस्राइल सेंटर का शुभारंभ 93
रियाद हवाई अड्डे पर हमला 94
पूर्ण समेकित संयुक्त प्रशिक्षण केंद्र 94
अमेरिका में आतंकवादी हमला 95
वालमार्ट का भारत में पहला फुलफिलमेंट सेंटर 95
पुरस्कार/सम्मान 96
इंफोसिस पुरस्कार-2017 96
राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2017 96
इंदिरा गांधी शांति, निःशस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार-2017 97
प्रिक्स गोंकोर्ट पुरस्कार 98
बैड ग्रामर अवॉर्ड 2017 98
विष्णुदास भावे अवॉर्ड 99
सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को एशिया-प्रशांत पुरस्कार, 2017 99
एजूथाचन पुरस्कारम 100
विजिलेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2017 100
53वां ज्ञानपीठ पुरस्कार-2017 101
'द बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड्स 2017' 102
प्रमोद महाजन स्मृति पुरस्कार 103
सखारोव पुरस्कार, 2017 103
योजना/परियोजना 104
प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र 104
प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कारपेट एरिया में वृद्धि 105
मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना 106
'शी पैड' योजना 107
शी-बॉक्स ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली 107

नेशनल पॉवर पोर्टल (एनपीपी) 108
भारतनेट परियोजना के दूसरे चरण की शुरूआत 109
टेली रेडियोलॉजी सुविधा 110
दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना 110
दीनदयाल 'स्पर्श' योजना 111
क्रॉस बॉर्डर ट्रेन सेवा 112
ऑपरेशन/अभियान 112
विटामिन-ए अभियान 112
ब्लू फ्लैग 17 113
'प्रबल दोस्तक 2017' 114
तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच' 114
आयोग/समिति 115
ग्राम जलवायु प्रत्यास्थी कृषि प्रबंधन समिति 115
जीएसटी को सुगम बनाने हेतु परामर्श समूह गठित 116
द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग के गठन को मंजूरी 116
पटियाला में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समिति का गठन 117
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय प्रस्ताव की समीक्षा हेतु समिति गठित 118
सम्मेलन/समारोह 118
आठवां वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन-2017 118
पहला सैन्य साहित्य उत्सव 119
आठवां वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन-2017 120
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2017 120
साइबरस्पेस पर 5वां वैश्विक सम्मेलन-2017 121
चिकित्सा उत्पादों तक पहुंच और व्यापार तथा स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर पहला विश्व सम्मेलन 121
विश्व खाद्य भारत-2017 122

भारत-चीन पर्यटन आदान-प्रदान संगोष्ठी 124
10वां दक्षिण एशिया आर्थिक सम्मेलन 124
अंतरराष्ट्रीय बैलून महोत्सव 125
नॉर्डिक-बाल्टिक युवा फिल्म समारोह 125
अफगानिस्तान पर 7वां क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग सम्मेलन 126
भारत-चीन सीमा संबंधी मामलों की बैठक 127
20वां अंतरराष्ट्रीय भारतीय बाल फिल्म महोत्सव-2017 127
भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 128
42वीं आईसीएमएम वर्ल्ड कांग्रेस ऑन मिलिट्री मेडिसिन 128
नमामि बराक उत्सव 129
पेट्रोकेमिकल इनवेस्टर्स कॉनक्लेव 2017 130
12वां पूर्वोत्तर व्यवसाय सम्मेलन 130
बाल-श्रम के निरंतर उन्मूलन पर चौथा वैश्विक सम्मेलन 131
द्वीप विकास एजेंसी की दूसरी बैठक 131
कार्यशाला 'चिंतन शिविर' 132
शहरी गतिशीलता भारत सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 133
तीसरी विश्व युवा गोष्ठी 133
छठा इन्वेस्ट नार्थ बिजनेस सम्मेलन 134
बालि यात्रा महोत्सव 2017 135
भारत-अमेरिकी महासागर वार्ता 135
जैविक कृषि विश्व कुंभ, 2017 136
विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 18वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 137
रक्षा लेखा विभाग का नियंत्रक सम्मेलन, 2017 137
वैश्विक क्लबफुट सम्मेलन 138
हेली एक्सपो इंडिया-2017 138

फिप्सफिजियोकॉन-2017 139
मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस 140
7वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन 141
संधि/समझौता 142
भारत-रूस समझौता 142
सोलर पार्क परियोजना हेतु समझौता 143
भारत और फिलीपींस में समझौता 144
भारत-कोलंबिया समझौता 144
भारत एवं विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता 145
एआईआईबी द्वारा आंध्र प्रदेश को ऋण की मंजूरी 146
भारत फिलिपींस के मध्य समझौता 146
भारत-हांगकांग के मध्य समझौता 147
भारत और इथोपिया में समझौता 148
भारत एवं विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता 148
संघ/संगठन 149
जी-20 में भारत के नए शेरपा 149
अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का नया सदस्य 149
अंतरराज्यीय परिषद का पुनर्गठन 150
विधि/न्याय 152
नागरिक उड्डयन नियम (सीएआर) ड्राफ्ट अधिनियम 152
राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण अधिनियम, 1993 में संशोधन को मंजूरी 153
वर्ष/दिवस/सप्ताह 154
संविधान दिवस 154
अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 154
विश्व मात्स्यिकी दिवस 155

वर्ल्ड टेलीविजन डे 155
सार्वभौमिक बाल दिवस 156
कौमी एकता सप्ताह 156
बाल अधिकार सप्ताह 'हौसला-2017' 157
विश्व शौचालय दिवस 158
अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस 158
शांति एवं विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस 159
विश्व सुनामी जागरूकता दिवस 159
राष्ट्रीय प्रेस दिवस 160
लोक प्रसारण दिवस 160
राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 161
लीगल सर्विसेज वीक 161
विश्व मधुमेह दिवस 162
विश्व बचत दिवस, 2017 162
पहला अंतरराष्ट्रीय राजनयिक दिवस 163
पुस्तकें 164
पुस्तक-'गीता रीविजेटेड' 164
विविध 164
साइनबोर्ड पर जनजातीय भाषा अनिवार्य 164
पनडुब्बी 'एआरएसैन जुआन' 165
AAAS द्वारा जारी टॉप 20 नियोक्ताओं की सूची 165
बिहार कृषि रोड मैप, 2017-22 166
भारत की प्रथम 'एयर डिस्पेंसरी' 166
छत्तीसगढ़ में माओवाद प्रभावित जिलों हेतु सहायता राशि की घोषणा 167
विश्व की सबसे ऊंची सड़क 168

मुधोल शिकारी कुत्ता....168
सर्वाधिक कमाई करने वाले मृतक सेलिब्रिटियों की सूची....169
पीएफएमएस के अनिवार्य उपयोग का शुभारंभ....169
कपट जोखिम प्रबंधन-नई पहलें....170
ग्राहक सड़क कोयला वितरण एप....171
उर्वरक कपंनियों को बकाया सब्सिडी के भुगतान हेतु मंजूरी....171

दिल्लीः स्मॉग का कहर

3 दिसंबर, 2017 को क्रिकेट इतिहास में पहली बार श्रीलंकाई टीम को फिरोजशाह कोटला मैदान (नई दिल्ली) पर एंटी पॉल्यूशन मास्क पहनकर खेलना पड़ा। इस घटना ने पूरे विश्व में भारत की एक शर्मिंदा कर देने वाली छवि निरूपित की। टीम इंडिया का ध्यान भटकाने का प्रयास या फिर अपने बचाव में चाहे जो भी तर्क गढ़ लीजिए, परंतु देश की राजधानी में प्रदूषण की समस्या अत्यंत गंभीर स्थिति में है।

देश की राजधानी दिल्ली दीपावली के अगले दिन स्मॉग में डूबी हुई थी। नवंबर माह में तो ऐसे भी हालात पैदा हो गये कि विजिबिलिटी स्तर 100 मीटर से भी कम हो गया। हालात ये हो गये कि प्रत्येक क्यूबिक मीटर में PM2.5 पार्टिकल्स लगातार 400 माइक्रोग्राम से भी ऊपर रहे। 200 से 300 तक के स्तर पर वायु बेहद खराब हो जाती है। 300 के ऊपर तो यह जहरीली होने लगती है। दिल्ली पॉल्यूसन कंट्रोल कमिटी की रियल टाइम रिपोर्ट के अनुसार 5 नवंबर, 2017 को प्रत्येक क्युबिक मीटर में PM2.5 पार्टिकल्स 748 माइक्रोग्राम व PM 10 पार्टिकल्स 4,273 माइक्रोग्राम स्तर तक दर्ज किए गये। इससे वायु प्रदूषण की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह चिंताजनक स्थिति केवल दिल्ली में ही नहीं है। पूरा दक्षिण एशिया इस खतरनाक स्थिति से गुजर रहा है।

इसी संदर्भ में 6 दिसंबर, 2017 को यूनिसेफ द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया में 17 मिलियन बच्चे जो कि एक वर्ष से कम आयु के हैं, ऐसे क्षेत्रों से हैं जहां पर प्रदूषण का स्तर अंतरराष्ट्रीय मानक से छः गुना अधिक है। इनमें से 12 मिलियन बच्चे दक्षिण एशिया से हैं। 'वायु संकटः कैसे वायु प्रदूषण छोटे बच्चों के मस्तिष्क विकास को प्रभावित कर सकता है' (Danger in the air: How air Pollution Can affect Brain Development in young Children) नामक इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि वायु प्रदूषण की समस्या से ग्रस्त इन क्षेत्रों में छोटे बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। विषाक्त पदार्थों से मस्तिष्क की सुरक्षा करने वाली एक नाजुक झिल्ली रक्त मस्तिष्क अवरोधक (Blood Brain Barrier) को हानि पहुंचाकर प्रदूषण जनित कण मस्तिष्क तंत्रिका तंत्र में सूजन पैदा कर देती हैं। इसी तरह अल्ट्राफाइन प्रदूषण कण (वे कण

जिनका व्यास 2.5 माइक्रोन या उससे कम है) से भी मस्तिष्क को अत्यधिक हानि पहुंच रही है। घ्राण तंत्रिका (Olfactory Nerve) के माध्यम से चुंबकीय वायु प्रदूषण कण जो अत्यंत सूक्ष्म होते हैं, आसानी से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों का कारण बनते हैं।

विभिन्न अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि जिन क्षेत्रों में वाहनों की सघनता अत्यधिक होती है वहां जीवाश्म ईंधन दहन से एक विशेष प्रकार का प्रदूषण पॉलीसाइक्लिक एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन्स (PAHs) उत्पन्न होता है जो मस्तिष्क के सफेद पदार्थ को नुकसान पहुंचाता है। इस सफेद पदार्थ में उपस्थित तंत्रिका तंतु (Nerve Fibrs) मस्तिष्क के विभिन्न भागों में न्युरॉन्स संवाद में सहायक होते हैं। इस प्रकार प्रदूषण के कारण बच्चों का प्रारंभिक अवस्था में मस्तिष्क विकास प्रभावित होता है, जो कि विभिन्न रोगों और मानसिक दुर्बलता का कारण बन जाता है।

इसी प्रकार एक और महत्वपूर्ण लैंसेट मेडिकल जर्नल की रिपोर्ट की मानें तो वायु प्रदूषण इस स्तर तक खतरनाक हो चुका है कि यह वर्तमान में सर्वाधिक मौतों का कारण बन रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 में भारत में लगभग 25 लाख लोगों की मौत प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण हुई है। प्रदूषण से हुई मौतों में अधिकांश असंक्रामक रोगों से हुईं। इनमें हृदयघात, मधुमेह, रक्तचाप, अस्थमा, एवं फेफड़ों में कैंसर जैसे रोग शामिल हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी दावा है कि डीजल और केरोसिन से पैदा होने वाले प्रदूषण से ही दिल्ली में एक-तिहाई बच्चे सांस की बीमारी की जकड़ में हैं। प्रदूषण को कम करने में पेड़-पौधों की अहम भूमिका होती है। परंतु हाल ही में नए शोधों में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि वायु प्रदूषण से पेड़-पौधों में कार्बन सोखने की क्षमता लगातार घट रही है।

ऐसे खतरनाक स्थिति से रूबरू होने के बावजूद सरकारें ऐसी नीतियां ही अपना रही हैं, जिससे प्रदूषण को नियंत्रित किए बिना औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन मिलता रहे।

ऐसी स्थिति को बदलना होगा और इस पर तुरंत कार्यवाही करनी होगी। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए जीवाश्म ईंधन दहन तथा अन्य हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों के स्थान पर ऊर्जा के स्वच्छ एवं नवीकरणीय स्रोतों जैसे कि-सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, तापीय ऊर्जा, इत्यादि का उपयोग करना होगा। इलेक्टिक वाहनों को बढ़ावा देना होगा। इस भयावह होते स्थिति से उबरने के सभी प्रयासों को अमल में लाना होगा, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा।

पैराडाइज पेपर्स मामला

प्रश्न-निम्नलिखित पेपर्स लीक मामलों को घटते हुए कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें-

(i) आफशोर लीक्स

(ii) विकीलीक्स केबलगेट

(iii) पैराडाइज पेपर्स

(iv) पनामा पेपर्स



(a) iv, iii, i, ii (b) iii, iv, ii, I (c) iv, iii, i, ii (d) iii, iv, i, ii

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 5 नवबंर, 2017 को जर्मन अखबार ज्यूड डॉयचे त्साइटुंग (Suddeutsche Zeitung) द्वारा प्राप्त किए गए 'पैराडाइज पेपर्स' (Paradise Papers) आंकड़े इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इंवेस्टीगेटिव जर्नलिस्ट्स (ICIJ : International Consortium of Investigative Journalists) ने सार्वजनिक किए।
- अमेरिका स्थित आईसीआईजे के साथ 95 अन्य मीडिया पार्टनरों ने 'पैराडाइज पेपर्स' को सार्वजनिक किया।
- पैराडाइज पेपर्स में कुल 180 देशों के नाम हैं जिनमें भारत का स्थान 19वां है।
- इस पेपर्स में कुल 714 भारतीयों के नाम हैं जिनमें बॉलीवुड स्टार अमिताभ बच्चन, संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त (दिलनशीं संजय दत्त), केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा, बीजेपी सांसद आर.के. सिन्हा, कांग्रेस सांसद वीरप्पा मोईली, पी. चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम आदि शामिल हैं।
- भारत में 6 नवंबर, 2017 को वित्तमंत्री अरूण जेटली ने इसकी जांच हेतु आदेश दिए।
- इस वित्तीय दस्तावेज में कर बचाने हेतु 'टैक्स हेवन' देशों में निवेश से संबंधित फाइलें सार्वजनिक हुई हैं जो ऑफशोर लॉ फर्म से जुड़ी हैं। तकनीकी भाषा में इस तरह के निवेश को 'आफशोर फिनांस' (Offshore Finance) कहा जाता है।
- माना जा रहा है कि पैराडाइज पेपर्स में लगभग 1.34 करोड़ दस्तावेज सार्वजनिक किए गए हैं।
- यह दस्तावेज दो वित्तीय कंपनियों से जुड़े हैं-बरमुडा की 'एप्पलबी' (Appleby) तथा सिंगापुर की 'एशियासिटी' (Asiaciti)।
- लीक पेपर्स के माध्यम से ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ-II के लगभग 1 करोड़ पाउंड विदेशी निवेश का खुलासा हुआ है। उन्होंने वर्ष-2004 तथा वर्ष-2005 में आफशोर में निवेश किया था।

- डोनाल्ड ट्रंप के वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस द्वारा रूस की जहाजरानी कंपनी में निवेश का भी खुलासा इस पेपर्स के माध्यम से हुआ। इससे फिर से डोनाल्ड ट्रंप की सरकार तथा रूस के मध्य संबंधों को लेकर प्रश्न चिह्न लगाए जाएंगे।
- इस डिजिटल दस्तावेज को विश्व के कुल 96 मीडिया संस्थानों ने सार्वजनिक किया।
- ध्यातव्य है कि वर्ष-2016 में पनामा पेपर्स भी आईसीआईजे द्वारा सार्वजनिक किए गए थे जिसे जर्मन अखबार 'ज्यूड डॉयचे त्साइटुंग' ने प्राप्त किए थे।
- यह पेपर्स सिर्फ वित्तीय मामलों पर आधारित था।
- इसी तरह बहमास लीक्स (वर्ष-2016), स्विस लीक (वर्ष-2015), लक्जमबर्ग लीक्स (वर्ष-2014), ऑफशोर लीक्स (वर्ष-2013) तथा विकीलीक्स केबलगेट (वर्ष-2010) से जुड़े दस्तावेज भी सभी देशों में सार्वजनिक किए गए थे।

क्या है ऑफशोर फाइनेंस

- ऐसा स्थान जो किसी व्यक्ति के अपने देश के कानूनी क्षेत्र से बाहर है वहां किसी व्यक्ति या कंपनी को धन निवेश के लिए दिया जाता है जिससे कम कर देकर अधिक लाभ कमाया जा सके।
- सामान्यतः ऐसे स्थानों को 'टैक्स हेवन' कहते हैं। इंडस्ट्री की भाषा में इन्हें ऑफशोर फाइनेंशियल सेंटर्स (OFC) कहा जाता है।
- ऐसा जरूरी नहीं कि निवेशक अपना काला धन ही इन सेटरों पर निवेश करता है बल्कि वह कम कर अदायगी का लाभ उठाने के लिए भी इन सेंटरों में निवेश करता है।

क्या है आईसीआईजे

- इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इंवेस्टीगेटिव जर्नलिस्ट्स (ICIJ: International Consortium of Investigative Journalists) की स्थापना वर्ष-1997 में अमेरिकन जर्नलिस्ट चक लेविस (Chuck Lewis) द्वारा की गई थी।
- यह 70 देशों में फैला एक वैश्विक नेटवर्क है जिसमें 200 से ज्यादा जर्नलिस्ट जुड़े हुए हैं।
- **भारत का दैनिक अखबार** द इंडियन एक्सप्रेस (The Indian Express) आईसीआईजे का सदस्य है जिसने भारत से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच की है।
- यह संघ प्राप्त सूचनाओं की जांच करता है तथा सही पाने पर उसे सार्वजनिक करता है।
- इसका मुख्यालय अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में है।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/india/manyata-sanjay-dutt-venkata-narasa-reddy-ravish-bhadana-alpana-kumari-anjna-kumari-archna-kumari-paradise-papers-pavitar-singh-uppal-amitabh-bachachan-4924303/

राजस्थान पिछड़ा वर्ग (राज्य की शैक्षिक संस्थाओं में सीटों और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों और पदों का आरक्षण) विधेयक, 2017

प्रश्न-26 अक्टूबर, 2017 को राजस्थान विधानसभा में राजस्थान पिछड़ा वर्ग (राज्य की शैक्षिक संस्थाओं में सीटों और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों और पदों का आरक्षण) विधेयक, 2017 पारित किया गया। वर्तमान में राजस्थान में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) हेतु आरक्षण की सीमा क्या है?



(a) 22 प्रतिशत (b) 23 प्रतिशत (c) 26 प्रतिशत (d) 27 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2017 को राजस्थान विधानसभा में राजस्थान पिछड़ा वर्ग (राज्य की शैक्षिक संस्थाओं में सीटों और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों और पदों का आरक्षण) विधेयक, 2017 पारित किया गया।
- इस विधेयक के तहत अब राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की सीमा 21 प्रतिशत से बढ़ाकर 26 प्रतिशत कर दिया गया है।
- इस बिल के पारित होने के बाद राजस्थान में कुल आरक्षण 54 प्रतिशत हो गया है जो कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक है।
- राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा वर्ष 2012 में प्रस्तुत रिपोर्ट में की गई सिफारिश के आधार पर पांच जातियों (बंजारा/बालदिया/लबाना, गाडिया लोहार/गाडोलिया, गूजर/गुर्जर, राईका/रैबारी/देबासी, गडरिया/गाडरी/गायरी) का एक अलग वर्ग गठित किया गया था।
- इन पांचों जातियों को वर्ष 2015 में एक अलग अधिनियम द्वारा 5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया था। जिसे राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा कतिपय कमियों की ओर इंगित करते हुए खारिज कर दिया गया।
- राज्य सरकार ने 2015 के अधिनियम की कमियों के परीक्षण हेतु एक उच्च स्तरीय समिति (जस्टिस गर्ग की अध्यक्षता में) का गठन किया।
- इस समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन राज्य पिछड़ा आयोग को निर्दिष्ट किया गया।
- इस आयोग ने ही समग्र पिछड़े वर्ग का आरक्षण 26 प्रतिशत किए जाने की सिफारिश की थी।

संबंधित लिंक

http://www.rajassembly.nic.in/BillsPdf/Bill42-2017.pdf
http://www.thehindu.com/news/national/other-states/obc-quota-raised-in-rajasthan/article19927400.ece
http://indianexpress.com/article/india/rajasthan-assembly-passes-bill-increasing-reservation-for-obc-quota-to-26-per-cent-4907735/

विश्व प्रतिभा सूचकांक-2017

प्रश्न-हाल ही में स्विट्जरलैंड के प्रमुख बिजनेस स्कूल, आईएमडी द्वारा जारी विश्व प्रतिभा सूचकांक में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) 54वां (b) 51वां (c) 60वां (d) 45वां



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में स्विट्जरलैंड के प्रमुख बिजनेस स्कूल आईएमडी (IMD) द्वारा 'विश्व प्रतिभा सूचकांक' (World Talent Ranking) जारी की गई।
- आईएमडी की विश्व प्रतिभा सूचकांक में 63 देशों को शामिल किया गया है।
- इसमें शामिल देशों की रैंकिंग तीन प्रमुख श्रेणियों पर निर्भर करती है।
- यह श्रेणियां निवेश एवं विकास (Investment and Development), लोगों के बीच उसकी अपील (Appeal) और उन्हें लेकर देश की तैयरियां (Readiness) हैं।
- विश्व प्रतिभा सूचकांक में स्विट्जरलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात डेनमार्क, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और फिनलैंड क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे तथा पांचवें स्थान पर रहे।
- विश्व प्रतिभा रैंकिंग में यूरोप के सर्वाधिक देश शामिल हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप की जबरदस्त शिक्षा प्रणाली उसे भीड़ से अलग बनाती है। यह उसे स्थानीय प्रतिभा के विकास और उसी समय विदेशी प्रतिभा और उच्च कुशल पेशेवरों को आकर्षित करने की क्षमता प्रदान करता है।
- विश्व प्रतिभा सूचकांक-2017 में भारत को 51वां स्थान प्राप्त हुआ।
- उल्लेखनीय है कि गतवर्ष (2016) में भारत 60वें स्थान पर था।
- आईएमडी स्विट्जरलैंड के प्रतिस्पर्धात्मकता मामलों के प्रमुख ऑर्चुरो ब्रिस ने कहा कि स्थानीय प्रतिभा को अपने यहां अपनाए रखने और विदेशी कार्यबल को आकर्षित करने के क्षेत्र में भारत अच्छा काम नहीं कर रहा है।
- ब्रिक्स समूह में शामिल चीन की स्थिति सबसे बेहतर है और सूची में उसका 40वां स्थान है।
- इसके बाद रूस 43वें, दक्षिण अफ्रीका 48वें, भारत 51वें और ब्राजील 52वें स्थान पर है।

संबंधित लिंक

https://www.imd.org/globalassets/wcc/docs/talent-ranking/talent_ranking_2017_web.pdf
http://www.business-standard.com/article/economy-policy/imd-world-talent-ranking-2017-117112200093_1.html
https://www.imd.org/uupload/IMD.WebSite/Wcc/NewTalentReport/Talent_20

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण, 2017

प्रश्न-नवंबर, 2017 में 'राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण' (National Achivement Survey) आयोजित किया गया था।



(a) NCERT द्वारा (b) CBSE द्वारा (c) SIEMAT द्वारा (d) NSSO द्वारा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (National Achivement Survey) का आयोजन 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा किया गया।
- यह सर्वेक्षण एनसीईआटी (NCERT) द्वारा ही विकसित किया गया था।
- एनसीईआरटी द्वारा आयोजित यह सर्वेक्षण न केवल भारत का सबसे बड़ा 'राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण' है बल्कि यह विश्व के सबसे बड़े मुल्यांकन सर्वेक्षणों में से भी एक है।
- इस सर्वेक्षण को सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 3,5, एवं 8 के लिए आयोजित किया गया था।
- सर्वेक्षण के अंतर्गत देश के सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 700 जिलों में 25 लाख से अधिक छात्रों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन किया गया।
- इस सर्वेक्षण की निष्पक्षता हेतु एक निगरानी दल का गठन किया गया था।
- इस निगरानी दल में राज्य सरकारों के अंतर- मंत्रालयी विभागों, शिक्षा-विभागों के राष्ट्रीय एवं राज्य पर्यवेक्षकों तथा बहु-पार्श्व संगठनों के पर्यवेक्षक शामिल थे।
- निगरानी दल द्वारा मूल्यांकन के दिन सभी जिलों में किए गये सर्वेक्षण के कार्यान्वयन की निगरानी की गई।
- इस सर्वेक्षण के माध्यम से जिलेवार अध्यापन रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जायेगा।
- इस सर्वेक्षण से ज्ञात निष्कर्ष शिक्षाप्रणाली की दक्षता को समझने में मददगार साबित होगा।
- इस सर्वेक्षण का परिणाम बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार लाने तथा उनमें गुणात्मक सुधार करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला और कक्षा स्तरों या शिक्षा नीति के संबंध में योजना बनाने एवं उनका कार्यान्वयन करने आदि में मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173462

भारत स्टेज-VI

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में भारत स्टेज (बीएस)-VI स्तर के वाहन ईंधन की आपूर्ति किस तिथि से करने का निर्णय किया गया?



(a) 1 अप्रैल, 2018 से (b) 2 अप्रैल, 2018 से

(c) 1 अप्रैल, 2019 से (d) 1 अप्रैल, 2020 से

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2017 को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को लेकर चिन्तित केंद्र सरकार द्वारा 1 अहम निर्णय किया गया।
- सरकार ने दिल्ली में भारत स्टेज (बीएस)-VI स्तर के वाहन ईंधन की आपूर्ति निर्धारित अवधि से 2 वर्ष पूर्व 1 अप्रैल, 2018 से करने का निर्णय किया।
- पहले इस ईंधन की आपूर्ति 1 अप्रैल, 2020 से होनी थी।
- यह निर्णय पेट्रोलियम मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों से परामर्श करके किया है।
- पेट्रोलियम मंत्रालय के इस कदम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और उसके आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय इससे पूर्व 1 अप्रैल, 2017 से भारत स्टेज (बीएस)-IV स्तर के परिवहन ईंधन को पूरे देश में सफलतापूर्वक लागू कर चुका है।
- यह कदम वाहन उत्सर्जन में कमी लाने तथा ईंधन दक्षता में सुधार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस में हुए संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (CoP-21) में जताई गयी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।
- सरकार ने विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श के बाद बीएस-IV से सीधे बीएस-VI ग्रेड को लागू करने का निर्णय किया जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी बेहतर गतिविधियों को अपनाया जा सके।
- ज्ञातव्य है कि तेल शोधन कंपनियां बीएस-VI स्तर के ईंधन उत्पादन हेतु परियोजनाओं के उन्नयन में काफी निवेश कर रही हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173517

भारत युवा विकास सूचकांक एवं रिपोर्ट-2017

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने भारत युवा विकास सूचकांक एवं रिपोर्ट-2017 जारी



की। यह सूचकांक एवं रिपोर्ट किसके द्वारा तैयार की गई है?

(a) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (b) आईआईटी, रुड़की

(c) आईआईएम, अहमदाबाद (d) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, श्रीपेरुम्बुदूर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2017 को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने नई दिल्ली में 'भारत युवा विकास सूचकांक एवं रिपोर्ट-2017' जारी की।
- इसका उद्देश्य राज्यों में युवाओं के विकास की स्थिति पर करीबी नजर रखना है।
- इस सूचकांक के जरिए लचर और बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों की पहचान आसानी से हो सकेगी। इससे राज्यों में युवाओं के विकास को प्रभावित करने वाले पहलुओं को चिन्हित किया जाएगा और नीति निर्माताओं को जिन क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है उसके बारे में जानकारी दी जाएगी। यह सूचकांक एवं रिपोर्ट श्रीपेरुम्बुदूर (तमिलनाडु) स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान द्वारा तैयार की गई है।
- संस्थान ने वर्ष 2010 में इस पहल की शुरूआत की थी जो कि वर्ष 2017 में भारत युवा विकास सूचकांक के तौर पर सामने आई है।
- सूचकांक को तैयार करते समय राष्ट्रीय युवा नीति 2014 (भारत) के अनुसार युवा की परिभाषा और कॉमनवेल्थ की विश्व युवा विकास रिपोर्ट (15-29 वर्ष) के साथ-साथ वैश्विक तुलना के लिए कॉमनवेल्थ सूचकांकों का प्रयोग किया गया है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173434
http://rgniyd.gov.in/sites/default/files/pdfs/publications/youth_development_in

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉरिशस यात्रा

प्रश्न-विश्व का वह कौन-सा अकेला राष्ट्र है जिसे भारत द्वारा ओ.सी.आई. (OCI-Overseas citizen of India) कार्ड के लिए एक विशेष अधिकार प्रदान किया गया है?



(a) म्यांमार (b) मॉरिशस (c) भूटान (d) सूरीनाम

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1 नवंबर से 3 नवंबर, 2017 तक मॉरिशस यात्रा पर रहे।
- 2 नवंबर, 2017 को मुख्यमंत्री ने मॉरिशस के 183वें अप्रवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी की।

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मॉरिशस वासियों को उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले प्रयागराज कुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया।
- 3 नवंबर, 2017 को मुख्यमंत्री ने मॉरिशस स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया।
- यह संस्थान मॉरिशस सरकार द्वारा भारत सरकार के सहयोग से स्थापित किया गया है।
- यह संस्थान भारत संबंधी अध्ययन का उच्चस्तरीय केंद्र है।
- इस संस्थान के अभिलेखागार में भारत से मॉरिशस गए शर्तबंद मजदूरों के अभिलेख संरक्षित हैं।
- मुख्यमंत्री ने भारतीय मूल के 9 मॉरिशसवासियों को ओ.सी.आई (OCI: Overseas Citizen of India) कार्ड भी वितरित किए।
- इसी दिन मुख्यमंत्री ने मॉरिशस स्थित रामायण सेंटर का भी भ्रमण किया तथा पोर्ट लुईस में भारतीय उच्चायुक्त के तत्वाधान में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित किया।
- वर्तमान में इस देश में भारतीय उच्चायुक्त अभय ठाकुर हैं।
- केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरिराज सिंह और एक प्रतिनिधिमंडल भी मुख्यमंत्री के साथ यात्रा पर गया था।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह दूसरी विदेश यात्रा थी। इससे पूर्व उन्होंने कुछ माह पहले म्यांमार की यात्रा की थी।
- ज्ञातव्य है कि मॉरिशस विश्व का अकेला राष्ट्र है जिसे भारत ने ओ.सी.आई. (OCI-Overseas Citizen of India) कार्ड के लिए एक विशेष अधिकार प्रदान किया है।
- यह अधिकार जनवरी, 2017 में संपन्न 14वें प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=759
http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=763
http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=761
http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=760
https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/up-cm-adityatnath-mauritius-bound-after-rolling-out-red-carpet-to-us-firms/articleshow/61321951.cms
http://indianexpress.com/article/india/yogi-adityanath-to-visit-myanmar-from-august-5-7-his-first-foreign-tour-4778302/

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2017

प्रश्न-14-27 नवंबर, 2017 के मध्य 'भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला' (IITF)-2017 का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस वर्ष मेले का भागीदार देश है-



(a) चीन (b) किर्गिज गणतंत्र (c) वियतनाम (d) जापान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14-27 नवंबर, 2017 के मध्य 37वां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (India International Trade Fair)-2017 का आयोजन प्रगति मैदान नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- वर्ष 2017 में मेले की थीम 'स्टार्टअप इंडियाः स्टैंडअप इंडिया' (Start up India: Stand up India) है।
- इसका उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया।
- इस वर्ष वियतनाम मेले का भागीदार देश है जबकि किर्गिज गणतंत्र फोकस देश है।
- इस मेले का आयोजन वाणिज्य मंत्रालय के अधीन भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (India Trade Promotion Organisation: ITPO) द्वारा किया जा रहा है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173474
http://indiatradefair.com/iitf/
http://www.timesnownews.com/business-economy/article/india-international-trade-fair-2017-starts-today-hereis-how-you-can-avail-tickets/125018

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

प्रश्न-राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत एक सोसाइटी के रूप में की जाएगी?

(a) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1856 (b) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860

(c) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1865 (d) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1872

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु परीक्षाएं आयोजित करने के लिए एक स्वायत्त और आत्मनिर्भर शीर्ष परीक्षा संगठन, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (National Testing Agency) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई।
- इसकी स्थापना सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत सोसाइटी के रूप में की जाएगी।
- किसी प्रख्यात शिक्षाविद् को इस एजेंसी का अध्यक्ष नियुक्त किए जाएगा।

- अध्यक्ष की नियुक्ति मानव संसाधन विकास मंत्रालय करेगा।
- इस एजेंसी में सीईओ, महानिदेशक होंगे जिनकी नियुक्ति सरकार द्वारा की जाएगी।
- एक शासक मंडल होगा जिसमें सदस्य प्रयोक्ता संस्थाओं में से नियुक्त किए जाएंगे।
- प्रारंभ में यह उन परीक्षाओं को संचालित करेगी जो फिलहाल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित की जा रही हैं।
- यह वर्ष में दो बार ऑनलाइन पद्धति में परीक्षाएं संचालित करेगी।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को प्रथम वर्ष में भारत सरकार 25 करोड़ रुपये का एकबारगी अनुदान प्रदान करेगी।
- तत्पश्चात, एनटीए अपने संचालन हेतु वित्त की व्यवस्था स्वयं करेगा।
- एनटीए की स्थापना से सीबीएसई, एआईसीटीई तथा अन्य एजेंसियां इन प्रवेश परीक्षाओं को आयोजित करने की जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएंगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173381

ब्लॉकचैन शिखर सम्मेलन एवं हैकाथान

प्रश्न-नवंबर, 2017 में ब्लॉकचैन शिखर सम्मेलन एवं हैकाथान कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) आईआईटी, बॉम्बे (b) आईआईटी, मद्रास

(c) आईआईटी, दिल्ली (d) आईआईटी, रुड़की



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10-13 नवंबर, 2017 के मध्य नीति आयोग, प्रॉफर (Proffer) के साथ दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में ब्लॉकचैन शिखर सम्मेलन एवं हैकाथान आयोजित किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत के लिए ब्लॉकचैन आर्किटेक्चर (Architecture) के माध्यम से नए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर (Digital Infrastructure) की खोज करना है। जिसकी सहायता से पारदर्शिता, निजता तथा क्षमता को बढ़ाया जा सके और सभी क्षेत्रों में लागत मूल्य कम की जा सके।
- माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, एसेल, क्वाइनबेस तथा अमेजन जैसी दिग्गज कंपनियां सम्मेलन की प्रायोजक (Sponsor) हैं।
- इस सम्मेलन में आईआईटी, एमआईटी, हार्वर्ड तथा बर्कले जैसे इंजीनियरिंग संस्थानों से 1500 से ज्यादा छात्र भाग लेंगे।

- Proffer, ब्लॉकचैन स्टार्टअप एमआईटी तथा हार्वर्ड के स्नातकों द्वारा स्थापित किया गया है।
क्या है ब्लॉकचैन (Blockchain)
- प्रतिदिन नए-नए रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं जिसे समूह के रूप में एक साथ रखा जाता है। इस समूह को ब्लॉक (Block) कहते हैं।
- जब इन ब्लाकों को आपस में क्रिप्टोग्रॉफी (Cryptography) का उपयोग कर सुरक्षित रूप से जोड़ दिया जाता है, तब जुड़े हुए ब्लाकों को ब्लॉकचैन (Blockchin) कहते हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173334
https://firenewsfeed.com/lifestyle/712961
http://businessworld.in/article/IIT-Delhi-To-Organise-Blockchain-Summit-Hackathon-From-10-13-November/09-11-2017-131110/
https://en.wikipedia.org/wiki/Blockchain

जेंडर वल्नरबिलिटी इंडेक्स रिपोर्ट

प्रश्न-देश की पहली जेंडर वल्नरबिलिटी इंडेक्स रिपोर्ट में कौन-सा राज्य महिलाओं हेतु सबसे सुरक्षित है?

(a) नगालैंड (b) मिजोरम (c) उत्तर प्रदेश (d) गोवा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा देश की पहली जेंडर वल्नरबिलिटी इंडेक्स रिपोर्ट (Gender Valnerability Index Report) को जारी की गई।
- यह रिपोर्ट भारत के गैर-सरकारी संगठन (NGO) 'प्लान इंडिया' द्वारा तैयार की गई है।
- **जेंडर वल्नरबिलिटी इंडेक्स को निम्नलिखित चार क्षेत्रों में प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया गया है-**
  (i) निर्धनता (Poverty)
  (ii) संरक्षण (Protection)
  (iii) शिक्षा (Education)
  (iv) स्वास्थ्य (Health)
- इन क्षेत्रों में प्रदर्शन के आधार पर GVI स्कोर दिया जाता है जो 0 से 1 के मध्य होता है।
- 0 से 1 की तरफ बढ़ता हुआ अंक बेहतर प्रदर्शन को इंगित करता है।
- देश स्तर पर निर्धनता एवं शिक्षा का स्कोर सामान्य से कम क्रमशः 0.490 तथा 0.630 है। संरक्षण के क्षेत्र में सर्वाधिक 0.630 तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में 0.526 स्कोर रहा। भारत का जीवीआई स्कोर 0.5314 रहा।
- देश के राज्यों की सूची में 0.656 जीवीआई स्कोर के साथ गोवा पहले स्थान पर रहा।

- इसके पश्चात केरल (GVI स्कोर-0.634) इसरे, मिजोरम (GVI स्कोर-0.627) तीसरे, सिक्किम (GVI स्कोर-0.613) चौथे तथा मणिपुर (GVI स्कोर 0.610) पांचवे स्थान पर है।
- इस सूची में निचले क्रम के राज्यों में बिहार (स्थान-30वां), उत्तर प्रदेश (स्थान-29वां), दिल्ली (स्थान-28वां), झारखंड (स्थान-27वां) तथा अरुणाचल प्रदेश (स्थान-26वां) रहे।
- इस सूची में भारत के 29 राज्यों के साथ दिल्ली को भी शामिल किया गया है।
- इस रिपोर्ट में विभिन्न क्षेत्रों की व्यक्तिगत सूचियां भी जारी की गई हैं।
- शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष राज्य हिमाचल प्रदेश, सिक्किम तथा पंजाब रहे जबकि दिल्ली (स्थान-30वां), अरुणाचल प्रदेश (स्थान-29वां) तथा झारखंड (स्थान- 28वां) निचले स्थान पर रहे।
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में शीर्ष राज्य केरल, तमिलनाडु, सिक्किम रहे जबकि बिहार (स्थान-30वां), मेघालय (स्थान-29वां) तथा झारखंड (स्थान 28वां) निचले स्थान पर रहे।
- निर्धनता के क्षेत्र में मणिपुर, मिजोरम तथा तमिलनाडु शीर्ष स्थान पर तथा बिहार (स्थान-30वां), उत्तर प्रदेश (स्थान-29वां) एवं जम्मू-कश्मीर (स्थान 28वां) निचले स्थान पर हैं।
- संरक्षण के क्षेत्र में गोवा, हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू कश्मीर शीर्ष स्थान पर रहे जबकि उत्तर प्रदेश (स्थान-30वां), पश्चिम बंगाल (स्थान-29वां) तथा दिल्ली (स्थान-28वां) निचले पायदान पर रहे।
- संयुक्त सूची में पहले स्थान पर रहे गोवा की स्थिति सभी क्षेत्रों की व्यक्तिगत सूची में इस प्रकार रही-निर्धनता (स्थान-8वां) स्वास्थ्य, (6वां स्थान),5वां स्थान तथा संरक्षण में पहला स्थान।
- संयुक्त सूची में 28वें स्थान पर रही दिल्ली की अन्य क्षेत्रों के व्यक्तिगत सूची में स्थिति निर्धनता-21वां स्थान स्वास्थ्य-24वां स्थान शिक्षा-30वां स्थान तथा संरक्षण-28वां स्थान
- 'प्लान इंडिया', प्लान इंटरनेशनल संघ (Plan International Federation) का सदस्य है।
- यह राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत एवं स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाला 'बाल विकास संगठन' है जो समुदाय एवं परिवार से बहिष्कृत बच्चों में स्थाई प्रभाव सृजित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

संबंधित लिंक

https://www.planindia.org/sites/all/themes/plan_india/images/pdf/gender-vulnerability-index.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173273
http://indiatoday.intoday.in/education/story/gender-vulnerability-index-india/1/1080679.html

मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस

प्रश्न-2-5 नवंबर, 2017 के मध्य मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) भारत (b) अमेरिका (c) सिंगापुर (d) ताइवान



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2-5 नवंबर, 2017 को मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस (21st World Congress of Mental Health) नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'मानसिक स्वास्थ्य के लिए भागीदारी' (Partnership for Mental Health) निर्धारित की गई है।
- इसका आयोजन दो वर्ष में एक बार किया जाता है।
- इससे पूर्व 20वीं विश्व कांग्रेस का आयोजन मिस्र के कायरो में किया गया था।
- यह पहला अवसर है जब भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है।
- मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया।
- इसका आयोजन 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य संघ' (WFMH: World Federation for Mental Health) द्वारा किया जाता है।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य संघ की स्थापना वर्ष 1948 में की गई थी। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना तथा मानसिक विकार की रोकथाम करना है।
- आयोजन में केयरिंग फाउंडेशन (Caring Foundation) तथा अन्य संस्थानों की भी भागीदारी होती है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2016 के अनुसार भारत की 14 फीसद जनसंख्या को मानसिक स्वास्थ्य के लिए सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्रोग्राम के तहत पूरे देश में 22 केंद्रों की स्थापना की गई है।

संबंधित लिंक

http://www.wfmhindia.com/
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173165
https://www.wfmh.global/events/

एनटीपीसी स्टेशन में बड़ा हादसा

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश के किस स्थान पर एनटीपीसी स्टेशन में बॉयलर फटने पर हादसा हुआ था?

(a) सोनभद्र (b) ऊंचाहार (c) शक्तिनगर (d) अंबेडकरनगर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) लिमिटेड की उत्तर प्रदेश राज्य के रायबरेली जिले की ऊंचाहार स्थित इकाई में बॉलयर फटने से लगभग 30 लोगों की मृत्यु हो गई।
- इस घटना में लगभग 100 लोग घायल हुए हैं।
- एनटीपीसी की 500 मेगावाट बिजली उत्पादन की अंडर ट्रायल इकाई में बॉयलर फटने से यह हादसा हुआ।

- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रु. की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की गई।
- इस हादसे के कारणों की जांच हेतु तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की समिति गठित की जाएगी जिसकी अध्यक्षता जोनल निदेशक आर.एस. राठी करेंगे।
- यह एनटीपीसी का कोयला-आधारित ताप विद्युत प्लांट है। इस तरह के कुल 5 प्लांट उत्तर प्रदेश में लगाए गए हैं।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/ntpc-boiler-blast-raebareli-death-toll-30-top-developments-unchahar-plant/1/1081258.html
http://zeenews.india.com/uttar-pradesh/raebareli-boiler-blast-toll-reaches-29-ntpc-forms-expert-committee-to-probe-explosion-2053913.html
https://www.bhaskar.com/news/UP-LUCK-boiler-blast-in-ntpc-plant-raebareli-uttar-pradesh-5734805-NOR.html
http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=758

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

मिस यूनिवर्स-2017

प्रश्न-26 नवंबर, 2017 को अमेरिका के लॉस वेगास में आयोजित 66वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता, 2017 का खिताब किसने जीता?



(a) पॉलिना वेगा (b) डेमी ले नेल-पीटर्स
(c) श्रद्धा शशिधर (d) आइरिस मिटेनाएरे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2017 को मिस यूनिवर्स सौन्दर्य प्रतियोगिता का 66वां संस्करण लॉस वेगास, अमेरिका में संपन्न हुआ।
- इसमें विभिन्न देशों की कुल 92 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- प्रतियोगिता में दक्षिण अफ्रीका की डेमी-ले नेल-पीटर्स (Demi-Leigh Nel-Peters) ने वर्ष 2017 का मिस यूनिवर्स खिताब जीता।
- वर्ष 2016 की मिस यूनिवर्स फ्रांस की आइरिस मिटेनाइरे ने डेमी-ले नेल-पीटर्स को मिस यूनिवर्स 2017 का ताज पहनाया।

- इस प्रतियोगिता की प्रथम उपविजेता (I Runner Up) कोलंबिया की लॉरा गोंजालिस (Laura Gonzalez) तथा द्वितीय उपविजेता (II Runner Up) जमैका की डेविना बेनेट (Davina Bennett) रहीं।
- इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व श्रद्धा शशिधर ने किया।

संबंधित लिंक

https://www.missuniverse.com/post/2340
https://www.missuniverse.com/contestants

मंत्रिमंडल द्वारा यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक में भारत की सदस्यता के संबंध में मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (EBRD) में भारत की सदस्यता के संबंध में मंजूरी दी है। इसका मुख्यालय कहां स्थित है?



(a) ब्रुसेल्स (b) लंदन (c) रोम (d) पेरिस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (EBRD: European Bank for Reconstruction & Development) में भारत की सदस्यता के संबंध में मंजूरी दी है।
- ईबीआरडी की सदस्यता प्राप्त करने के लिए आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।
- **इसकी सदस्यता से भारत को निम्नलिखित फायदे होंगे-**
  (i) भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि में और अधिक निखार आएगा तथा इसके आर्थिक हितों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।
  (ii) भारत के निवेश अवसरों में बढ़ोत्तरी होगी।
  (iii) इस सदस्यता से विनिर्माण, सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी और ऊर्जा में सह-वित्तपोषण अवसरों के जरिए भारत और ईबीआरडी के बीच सहयोग के अवसर बढ़ेंगे।
  (iv) इससे देश में निवेश का माहौल बनाने में योगदान मिलेगा।
  (v) आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के कारण रोजगार सृजन की क्षमता में विकास होगा।
- उल्लेखनीय है कि ईबीआरडी की स्थापना वर्ष 1991 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय लंदन (यू.के.) में है।
- वर्तमान में इसके अध्यक्ष सर सुमा चक्रवर्ती हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173734
http://www.ebrd.com/corporate-information/london-headquarters.html
http://www.ebrd.com/who-we-are.html

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2018

प्रश्न-जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2018 (Climate Change Performance Index 2018-CCPI) में भारत की रैंकिंग है-



(a) 14 वीं (b) 20वीं (c) 15वीं (d) 21वीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- पर्यावरण संगठन जर्मनवाच (Germanwatch) द्वारा 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2018' नवंबर, 2018 में जारी किया गया।
- यह सूचकांक पहली बार वर्ष 2005 में जारी किया गया था।
- वर्ष 2018 के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में 74.32 स्कोर के साथ स्वीडन शीर्ष स्थान पर है जबकि विगत वर्ष फ्रांस प्रथम स्थान पर था।
- प्रथम तीन स्थान रिक्त रखे जाने के कारण स्वीडन सूचकांक में चतुर्थ क्रम पर है।
- रिपोर्ट के अनुसार प्रथम तीन स्थानों पर कोई भी देश अपना स्थान नहीं बना सका।
- प्रथम पांच शीर्ष देश हैं- स्वीडन (4th), लिथुआनिया (5th), मोरक्को (6th), नार्वे (7th) तथा युनाइटेड किंगडम (8th)।
- भारत को इस सूचकांक में 60.02 स्कोर के साथ 14वां स्थान प्राप्त हुआ।
- इस प्रकार भारत ने इस वर्ष की रैंकिंग में 6 स्थानों का सुधार किया है।
- इस वर्ष के सूचकांक में भारत की स्थिति सूचकांक के उच्च (High) रेटिंग/वर्ग में स्थित है जबकि गत वर्ष वह मध्यम रेटिंग वर्ग में स्थित था।

संबंधित लिंक

https://germanwatch.org/en/download/20503.pdf
https://www.irishtimes.com/news/environment/climate-change-talks-ngos-rebuke-ireland-over-inertia-1.3298961
http://www.climate-transparency.org/climate-change-performance-index
https://germanwatch.org/en/download/16484.pdf

सतत विकास युग में टीबी उन्मूलन पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

प्रश्न-16-17 नवंबर, 2017 के मध्य सतत विकास युग में टीबी उन्मूलन पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?



(a) न्यूयार्क (b) नई दिल्ली (c) पेरिस (d) मॉस्को

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16-17 नवंबर, 2017 के मध्य सतत विकास युग में टीबी उन्मूलन-एक बहुआयामी प्रतिक्रिया पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (Global Ministerial Conference on Ending TB in the Sustainable Development Era-A Multisectoral Response) मॉस्को, रूस में संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने किया।
- इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन को लेकर प्रतिबद्ध है।
- हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संशोधित राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम (RNTCP) के अंतर्गत पूरे देश में टीबी रोग पीड़ितों के लिए दवा की दैनिक खुराक व्यवस्था लागू करने की घोषणा की है।
- मंत्रालय ने इससे पूर्व टीबी की बिमारी के इलाज के लिए दवा की खुराक सप्ताह में तीन बार लेने को कहा था।
- स्वास्थ्य मंत्रालय टीबी के सभी मरीजों तक मिश्रित दवाओं की तय खुराक दैनिक रूप से उपलब्ध कराने के लिए इसका विस्तार सभी बड़े अस्पतालों, आईएमए, आईएपी तथा पेशेवर चिकित्सा संगठनों तक करेगा।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2017 के अनुसार, टीबी ग्रसित लोगों की संख्या 28.2 लाख से घटकर 27 लाख हो गई है और पिछले एक वर्ष में मृत्यु में 60 हजार की कमी आयी है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173580
http://www.who.int/mediacentre/events/2017/ministerial-conference-tb/en/
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173607

15वां आसियान-भारत और 12वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन

प्रश्न-14 नवंबर, 2017 को 15वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?



(a) सिंगापुर (b) मनीला (c) लाओस (d) ढाका

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2017 को 15वें आसियान-भारत और 12वें पूर्वी एशिया शिखर

सम्मेलन का आयोजन मनीला, फिलीपींस में आयोजित किया गया।

- 15वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में 10 दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों-इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रुनेई, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, वियतनाम तथा थाईलैंड के नेताओं ने भाग लिया।
- इस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।
- उल्लेखनीय है कि भारत-आसियान के मध्य वर्ष 2016-17 के दौरान 71 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कारोबार हुआ।
- यह विश्व के साथ भारत के कुल कारोबार का 10.85 प्रतिशत है।
- इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आसियान नेताओं द्वारा आसियान के साथ भारत की वार्तालाप साझेदारी के पच्चीसवें वर्ष को चिन्हित करने के लिए वर्ष 2017 में आरंभ की गई संस्मारक गतिविधियों के साथ-साथ आसियान-भारत सहयोग की विस्तृत श्रेणी के सभी पक्षों की समीक्षा की गई।
- 14 नवंबर, 2017 को 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के बैठक में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस के राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों ने भाग लिया।
- वर्ष 2005 में गठित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन का भारत संस्थापक सदस्य है।
- इस शिखर बैठक में आतंकवाद, परमाणु अप्रसार और अनियमित विस्थापन समेत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।
- इसी के साथ 10 सदस्यीय आसियान देशों का 31वां शिखर सम्मेलन 13-14 नवंबर, 2017 को मनीला में ही संपन्न हुआ।
- 31वें आसियान शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-'Partnering for Change Engaging the World' था।
- इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता फिलीपींस के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने की।
- अपनी फिलीपींस की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 नवंबर, 2017 को एशियन व्यापार और निवेश सम्मेलन (ABIS) को संबोधित किया।
- इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने विश्व के कई अन्य नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें की।

संबंधित लिंक

http://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29102/15th_ASEANIndia_Summit_and_12th_East_Asia_Summit_in_Manila_Philippines_November_14_2017
http://www.ptinews.com/news/9227845_Modi–Trump–other-leaders-to-arrive-in-Manila-for-ASEAN
http://indiatoday.intoday.in/story/modi-trump-other-leaders-to-arrive-in-manila-for-asean/1/1087528.html

15वां एशिया पेसेफिक कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (एपीसीईआरटी) सम्मेलन

प्रश्न-12-15 नवंबर, 2017 के मध्य 15वां एशिया पेसेफिक कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (एपीसीईआरटी) सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?

(a) न्यूयार्क (b) मनीला (c) नई दिल्ली (d) बैंकाक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12-15 नवंबर, 2017 के मध्य 15वां एशिया पेसेफिक कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (एपीसीईआरटी) सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "डिजिटल अर्थव्यवस्था में विश्वास निर्मित करना" (Building Trust in the Digital Economy) था।
- एसीसीईआरटी का यह सम्मेलन भारत और दक्षिण एशिया में पहला है।
- इसका आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वाधान में इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) द्वारा किया गया।
- सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने किया।
- सम्मेलन में एशिया प्रशांत क्षेत्र, अमेरिका, यूरोप से उद्योग, शिक्षा, सरकार और मीडिया से जुड़े 300 साइबर सुरक्षा पेशेवरों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173473
http://pib.nic.in/newsite/printrelease.aspx?relid=173520

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन

प्रश्न-नवंबर, 2017 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) जर्मनी (b) फिजी (c) मोरक्को (d) फ्रांस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 6-17 नवंबर, 2017 के मध्य संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UN Climate Change Conference) जर्मनी के बॉन में आयोजित किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन को COP23/CMP13/CMA -2 द्वारा संदर्भित किया जाता है।
- सम्मेलन की मेजबानी यूएन फ्रेमवर्क कंवेंशन आन क्लाइमेट चेंज (UN Framework Convention on Climate Change) के सचिव कर रहे हैं।
- फिजी इस सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है।

- यह विश्व के राष्ट्रों का 23वां वार्षिक 'दलों का सम्मेलन' (COP: Conference of the Parties) है जिसका उद्देश्य 'जलवायु प्रणाली के साथ खतरनाक मानवजनित व्यवधानों को रोकना' है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष-2016 में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP22/CM12/CMA1) मोरक्को के माराकेच में आयोजित किया गया था।
- इससे पूर्व फ्रांस के पेरिस में आयोजित जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP21/CMP11) में ऐतिहासिक 'पेरिस समझौता' हुआ था।

संबंधित लिंक

http://www.un.org/sustainabledevelopment/cop23/
http://unfccc.int/meetings/bonn_nov_2017/meeting/10084.php

एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन

प्रश्न-एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन के संबंध में क्या सही है-
(I) 7वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी थाईलैंड ने की।
(II) 6वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन का आयोजन कतर में हुआ था।



(a) केवल I सही है। (b) केवल II सही है। (c) दोनों गलत हैं। (d) दोनों सही हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1-3 नवंबर, 2017 के मध्य 7वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन (AMER7: 7th Asian Ministerial Energy Roundtable) थाईलैंड के बैंकांक में आयोजित किया गया।
- सम्मेलन का मुख्य विषय-संक्रमणकाल में वैश्विक ऊर्जा बाजारः अवलोकन से कार्रवाई तक (Global Energy Markets in Transition: From Vision to Action) है।
- इस सम्मेलन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा फोरम (आईईएफ) द्वारा किया जाता है।
- इसका उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा की सुरक्षा तथा ऊर्जा के क्षेत्र से जुड़े ज्ञान का आदान-प्रदान करना है।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की तरफ से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भाग लिया।
- सऊदी अरब, रूस, यूएई, थाईलैंड, इराक, कतर, कुवैत, बांग्लादेश, मलेशिया तथा ब्रुनेई के ऊर्जा मंत्रियों ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया।
- 7वें एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन हेतु थाईलैंड मुख्य तथा यूएई सहायक मेजबान देश था।
- इस सम्मेलन का आयोजन 3 वर्ष में एक बार होता है।

- इससे पूर्व वर्ष 2015 में कतर के दोहा में 6वीं एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन आयोजित की गई थी।
- वर्तमान में भारत अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा फोरम (आईईएफ) का अध्यक्ष है जिसमें कुल 72 देश सदस्य हैं।
- ध्यातव्य है कि अप्रैल, 2018 में होने वाले आईईएफ के 16वें मंत्री स्तरीय सम्मेलन का आयोजन भारत में ही होगा।

संबंधित लिंक

https://www.ief.org/7th-asian-ministerial-energy-roundtable.aspx
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173093
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173163

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2017

प्रश्न-2 नवंबर, 2017 को विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट में लैंगिक अंतराल सूचकांक में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) 108 (b) 109 (c) 110 (d) 111



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 नवंबर, 2017 को विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा 'वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट-2017' (Global Gender Gap Report-2017) जारी की गई।
- इस वर्ष लैंगिक अंतराल सूचकांक में 144 देशों को सूचीबद्ध किया गया है।
- सूची में आइसलैंड को पहला स्थान दिया गया। इसका कुल स्कोर 0.878 है।
- इसके पश्चात सूची में नॉर्वे (स्कोर-0.830) को दूसरा, फिनलैंड (स्कोर-0.823) को तीसरा, रवांडा (स्कोर-0.822) को चौथा तथा स्वीडन (स्कोर-0.816) को पांचवां स्थान दिया गया है।
- इस सूची में निचले क्रम के 5 देश हैं-यमन (144वां स्थान), पाकिस्तान (143वां स्थान), सीरिया (142वां स्थान), चाड (141वां स्थान) तथा ईरान इस्लामिक गणराज्य (140वां स्थान)।
- **भारत को 0.669 स्कोर के साथ सूची में 108वें स्थान** पर रखा गया है। गत वर्ष 144 देशों की सूची में भारत को 87वां स्थान दिया गया था।
- सूचकांक के विभिन्न क्षेत्रों में भारत की स्थिति इस प्रकार रही-
  (i) आर्थिक भागीदारी एवं अवसर-139वां स्थान
  (ii) शैक्षणिक उपलब्धियां-112वां स्थान
  (iii) स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता-141वां स्थान
  (iv) राजनीतिक सशक्तिकरण-15वां स्थान

- सूची में भारत के पड़ोसी देशों में बांग्लादेश को 47वां स्थान, चीन को 100वां स्थान, नेपाल को 111वां स्थान, भूटान को 124वां स्थान तथा श्रीलंका को 109वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ब्रिक्स देशों में दक्षिण अफ्रीका 19वें स्थान, रूस 71वें स्थान तथा ब्राजील 90वें स्थान पर रहा।
- वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक चार क्षेत्रों में लैंगिक अंतराल का परीक्षण करता है। यह निम्नलिखित हैं-
  1. आर्थिक भागीदारी और अवसर (Economic Participation and Opportunity)
  2. शैक्षणिक उपलब्धियां (Educational Attainment)
  3. स्वास्थ्य एवं उत्तर जीविता (Health and Sarvival)
  4. राजनीतिक सशक्तिकरण (Political Empowerment)
- यह सूचकांक 0 से 1 के मध्य विस्तारित है। इसमें 1 का अर्थ पूर्ण लैंगिक समानता तथा 0 का अर्थ पूर्ण लैंगिक असमानता है।

संबंधित लिंक

https://www.weforum.org/reports/the-global-gender-gap-report-2017
http://www3.weforum.org/docs/WEF_GGGR_2017.pdf

कैटेलोनिया की आजादी

प्रश्न-27 अक्टूबर, 2017 को कैटेलोनिया ने खुद को स्पेन से आजाद घोषित किया। इससे संबंधित तथ्यों पर प्रकाश डालिए-

(I) आजादी के लिए जनमत संग्रह 1 अक्टूबर, 2017 को कराया गया था।

(II) जनमत संग्रह के पहले कैटेलोनिया की प्रांतीय संसद में आजादी प्रस्ताव 70:10 के बहुमत से पास हुआ।

(a) केवल I सही है। (b) केवल II सही है।

(c) I और II दोनों सही है। (d) I और II दोनों गलत है।



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2017 को स्पेन के प्रांत कैटेलोनिया ने प्रांतीय संसद में आजादी के पक्ष में बहुमत के बाद खुद को आजाद घोषित किया।
- 135 सीटों वाली प्रांतीय संसद में आजादी के पक्ष में 70 तथा विपक्ष में 10 वोट पड़े। इस वोटिंग में विपक्षियों ने हिस्सा नहीं लिया।
- वित्तीय रूप से मजबूत कैटेलोनिया का स्पेन की राष्ट्रीय आय में लगभग 20 फीसदी हिस्सेदारी है।
- ध्यातव्य है कि स्पेन से अलग राष्ट्र बनने के लिए 1 अक्टूबर, 2017 को कैटेलोनिया में जनमत संग्रह भी कराया गया था जिसे स्पेन के न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया था।

- इस जनमत संग्रह में 43 फीसद मतदाताओं ने भाग लिया जिसमें 90 प्रतिशत मत आजादी के पक्ष तथा 10 फीसद विपक्ष में पड़े।
- प्रांतीय संसद में आजादी प्रस्ताव बहुमत से पारित होने के बाद स्पेन की संसद ने कैटेलोनिया की स्वायत्तता समाप्त कर दी जिससे अब कैटेलोनिया में स्पेन सरकार का प्रत्यक्ष नियंत्रण रहेगा।
- स्पेन के प्रधानमंत्री मारियानो राजॉय ने कैटेलोनिया के नेता कार्लस प्यूडेमोंट तथा उनकी कैबिनेट को बर्खास्त कर दिया।
- प्रधानमंत्री ने 21 दिसंबर, 2017 को कानून की सीमा में रहकर स्वच्छ तरीके से पुनः चुनाव कराने की घोषणा की है।
- उल्लेखनीय है कि स्पेन में गृहयुद्ध से पहले कैटेलोनिया को स्वायत्तता प्रदान की गई थी जिसे 1939 से 1975 के मध्य जनरल फ्रांसिस्को के नेतृत्व में समाप्त कर दिया गया था।
- जनरल फ्रैंको की मृत्यु के बाद 1978 के संविधान द्वारा इसे पुनः राजनैतिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता प्रदान की गई, जिसे 2006 के अधिनियम द्वारा अधिक बल प्राप्त हुआ। परंतु 2010 में स्पेन के न्यायालय ने उससे सारी शक्तियां छीन लीं।
- वर्ष-2015 के चुनाव में कैटोलोनिया में कार्लस प्यूडेमोंट के नेतृत्व में नई सरकार चुनी गई जिसने कैटेलोनिया की आजादी हेतु जनमत संग्रह कराने का वादा किया था।

संबंधित लिंक

http://edition.cnn.com/2017/10/27/europe/catalonia-independence-spain/index.html

क्रेडिट सुईस फैमिली रिपोर्ट

प्रश्न-क्रेडिट सुईस रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी रिपोर्ट 'सीएस फैमिली 1000' में परिवार के स्वामित्व वाले व्यवसायों के देशों की सूची में भारत का कौन-सा स्थान है?

(a) पहला (b) दूसरा (c) तीसरा (d) चौथा



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- सितंबर, 2017 में स्विट्जरलैंड के बहु-राष्ट्रीय वित्तीय सेवा ग्रुप 'क्रेडिट सुईस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (Credit Suisse Research Institute) द्वारा 'सीएस फैमिली 1000' रिपोर्ट प्रकाशित की गई।
- इस रिपोर्ट में परिवार के स्वामित्व वाले व्यवसायों के देशों की सूची में 167 व्यवसायों के साथ चीन शीर्ष पर है।
- 121 व्यवसायों के साथ अमेरिका दूसरे तथा 108 व्यवसायों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है।
- औसत बाजार पूंजीकरण के आधार पर परिवार के स्वामित्व वाले व्यवसायों के देशों की सूची में स्पेन पहले स्थान पर है।
- इस सूची में नीदरलैंड दूसरे, जापान तीसरे तथा स्विट्जरलैंड चौथे स्थान पर है।

- इस सूची में भारत 22वें तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्रों में जापान को छोड़कर 5वें स्थान पर है।
- व्यवसाय के प्रदर्शन के आधार पर इस रिपोर्ट में परिवार स्वामित्व वाले व्यवसायों का प्रदर्शन उम्दा माना गया है।
- चीन, भारत तथा इंडोनेशिया के परिवार स्वामित्व वाले व्यवसायों का देश स्तर पर 12 महीनों में मूल्य-आय अनुपात (पी/ई) 15-16 गुना रहा जबकि कोरिया, हांगकांग तथा सिंगापुर का 10-13 गुना रहा।
- रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की 35 फीसद कंपनियां सामाजिक मुद्दों तथा पर्यावरण संबंधी नीतियों को लागू करती हैं जबकि चीन की 65 फीसद कंपनियां इन नीतियों को लागू करती हैं।

संबंधित लिंक

https://www.credit-suisse.com/corporate/en/articles/news-and-expertise/the-irresistible-charm-of-the-family-factor-201709.html

फोर्ब्सः विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाएं-2017

प्रश्न-हाल ही में अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा जारी वर्ष 2017 हेतु विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची में निम्न में से कौन-सी भारतीय महिला शामिल रही?

(a) प्रियंका चोपड़ा (b) दीपिका पादुकोण (c) नीता अंबानी (d) अरुंधति भट्टाचार्य



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' ने वर्ष 2017 हेतु विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं (The World's 100 Most Powerful Women in 2017) की सूची जारी की।
- इस सूची में जर्मनी की चांसलर एंजेला मार्केल को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।
- यूनाइटेड किंगडम की प्रधानमंत्री 'थेरेसा मे' तथा बिल एवं मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह अध्यक्ष मेलिंडा गेट्स इस सूची में क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर हैं।
- फेसबुक की मुख्य संचालन अधिकारी शेरील सैंडबर्ग चौथे तथा जनरल मोटर्स की सीईओ मैरी बर्रा पांचवें स्थान पर रहीं।
- सूची में 5 भारतीय महिलाओं को भी शामिल किया गया है।
- आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक की प्रबंध निदेशक चंदा कोचर को 32वां, एचसीएल टेक्नोलॉजिस (HCL Technologies) की सीईओ रोशनी नादर मल्होत्रा को 57वां, भारत की जैव-प्रौद्योगिकी एवं

औषधि उद्योग कंपनी बायोकॉन (Biocon) की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ को 71वां तथा एचटी मीडिया (HT Media) की शोभाना भारतीय को 92वां स्थान प्राप्त हुआ है।

- बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को सूची में 97वां स्थान मिला।
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वजिद को सूची में 30वां स्थान दिया गया है।
- सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली पुत्री इवानका ट्रंप को 19वां, भारतीय मूल की अमेरिकी इंद्रा नूयी तथा निक्की हेली को क्रमशः 11वां तथा 43वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- वर्ष 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने वाली हिलेरी क्लिंटन को 65वां स्थान प्राप्त हुआ।

संबंधित लिंक

https://www.forbes.com/sites/carolinehoward/2017/11/01/the-worlds-100-most-powerful-women-in-2017/#548357303148
https://www.forbes.com/pictures/59f23e33a7ea436b47b468b6/2017-power-women-top-20/#3d253151bf8c
https://www.forbes.com/power-women/list/
https://www.forbes.com/profile/angela-merkel/?list=power-women

इंग बिजनेस इंडेक्स-2018

प्रश्न-31 अक्टूबर, 2017 को विश्व बैंक तथा अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम द्वारा जारी रिपोर्ट 'डूइंग बिजनेस इंडेक्स-2018' के अनुसार भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?



(a) 130वां (b) 30वां (c) 115वां (d) 100वां

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 अक्टूबर, 2017 को अमेरिका के वाशिंगटन स्थित विश्व बैंक तथा अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम द्वारा 15वीं रिपोर्ट 'डूइंग बिजनेस-2018' (Doing Business-2018) जारी किया गया।
- इस वर्ष की रिपोर्ट का केंद्रीय विषय (Theme) 'रोजगार सृजन में सुधार' (Reforming to Create Jobs) है।
- वर्ष-2018 हेतु जारी रिपोर्ट में 190 देशों की अर्थव्यवस्था को सम्मिलित किया गया है।
- डूइंग बिजनेस इंडेक्स-2018 की रिपोर्ट में 86.55 स्कोर के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात सिंगापुर (स्कोर-84.57) को दूसरा, डेनमार्क (स्कोर-84.06) को तीसरा, कोरिया गणराज्य (स्कोर-83.92) को चौथा तथा हांगकांग (स्कोर-83.44) को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है।

- इस रिपोर्ट में सबसे निम्न व्यापार नियामक माहौल वाले देशों की सूची में क्रमशः सोमालिया (190वां स्थान), इरिट्रिया (189 वां स्थान), वेनेजुएला (188वां स्थान), दक्षिणी सूडान (187वां स्थान) तथा यमन गणराज्य (186वां स्थान) शामिल हैं।
- वर्ष 2018 हेतु डूइंग बिजनेस इंडेक्स में भारत को 100वां स्थान (स्कोर-60.76) प्राप्त हुआ है। गत वर्ष भारत को 130वां स्थान प्राप्त हुआ था।
- इस सूचकांक में ब्रिक्स देशों में रूस 35वें, चीन 78वें, दक्षिण अफ्रीका 82वें तथा ब्राजील 125वें स्थान पर रहे। ब्रिक्स देशों में व्यापार की सुगमता हेतु पिछले वर्ष की तुलना में सबसे ज्यादा सुधार भारत में ही हुआ।
- भारत के पड़ोसी देशों में भूटान को 75वां, नेपाल को 105वां, श्रीलंका को 111वां, पाकिस्तान को 147वां, बांग्लादेश को 177वां तथा अफगानिस्तान को 183वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार उच्च रैंकिंग का अर्थ है कि उस विशिष्ट देश की सरकार ने कारोबार करने के लिए अनुकूल विनियामक माहौल उपलब्ध कराया है जबकि निम्न रैंकिंग व्यापार के प्रतिकूल माहौल को दर्शाती है।

संबंधित लिंक

http://www.doingbusiness.org/~/media/WBG/DoingBusiness/Documents/Annual-Reports/English/DB2018-Full-Report.pdf
http://www.doingbusiness.org/questionnaires
http://www.doingbusiness.org/

आर्थिक परिदृश्य

15वें वित्त आयोग का गठन

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसकी अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग का गठन किया?



(a) डॉ. अनूप सिंह (b) डॉ. रमेश चंद (c) डॉ. रघुराम राजन (d) एन. के. सिंह

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2017 को केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग का गठन किया।
- आयोग की अध्यक्षता पूर्व राज्य सभा सदस्य एवं केंद्र सरकार के पूर्व सचिव और योजना आयोग के पूर्व सदस्य एन. के. सिंह करेंगे।
- केंद्र सरकार के पूर्व सचिव शक्तिकांत दास और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनूप सिंह आयोग के अन्य सदस्य होंगे।

- बंधन बैंक के अध्यक्ष (गैर-कार्यकारी अंशकालिक) डॉ. अशोक लाहिड़ी और नीति आयोग के सदस्य डॉ. रमेश चंद आयोग के अंशकालिक सदस्य होंगे।
- अरविंद मेहता आयोग के सचिव होंगे।
- आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्य उस तारीख से, जिसको वे अपना पद धारण करते हैं, रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख तक या 30 अक्टूबर, 2019 तक जो भी पहले हो, पद धारण करेंगे।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 (1) के अंतर्गत वित्त आयोग का गठन किया जाता है।
- 15वां वित्त आयोग 1 अप्रैल, 2020 से लागू होगा।
- **आयोग निम्नलिखित विषयों के बारे में सिफारिशें करेगा, अर्थात-**
  (i) संघ और राज्यों के बीच शुद्ध आगमों का,
  (ii) भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान को शासित करने वाले सिद्धांत और उन राज्यों को जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 275 के अधीन उनके राजस्वों में सहायता अनुदान के रूप में उस अनुच्छेद के खंड (1) के परंतुक में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए सहायता की आवश्यकता है, संदत्त की जाने वाली धनराशियां, और
  (iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि के संवर्धन के लिए आवश्यक अध्युपाय।
- इसके अलावा आयोग संघ और राज्यों की वर्तमान वित्त व्यवस्था, घाटे, ऋण स्तरों, नकद अनिशेष और राजकोषीय अनुशासन कायम रखने के प्रयासों की स्थिति की समीक्षा करेगा और मजबूत राजकोषीय प्रबंधन के लिए राजकोषीय समेकन की रूपरेखा की सिफारिश करेगा।
- आयोग, 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों का अनुसरण करते हुए राज्यों को कर, न्यागमन में सारवान रूप से वृद्धि के साथ-साथ न्यू इंडिया, 2022 सहित राष्ट्रीय विकास एजेंडा की अनिवार्यता जारी रखने से संघ की सरकार की वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करेगा।
- आयोग, केंद्र और राज्यों के वित्त साधनों पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) के प्रभाव पर विचार करेगा।
- जिसमें 5 वर्षों के लिए संभावित राजस्व हानि के लिए प्रतिकर का भुगतान और प्रतिकर के लिए कतिपय उपकरों की समाप्ति जिन्हें प्रतिकर हेतु निर्धारित किया जाएगा और अन्य संरचनागत सुधार भी सम्मिलित हैं।
- आयोग अपनी सिफारिश करते समय वर्ष 2011 की जनसंख्या आंकड़ों का उपयोग करेगा।
- आयोग 1 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ होने वाली 5 वर्ष की अवधि को संभावित करते हुए 30 अक्टूबर, 2019 तक अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्रस्तुत करेगा।

संबंधित लिंक
http://www.egazette.nic.in/WriteReadData/2017/180483.pdf

मंत्रिमंडल द्वारा 15वें वित्त आयोग के गठन को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की। भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत वित्त आयोग का गठन किया जाता है?



(a) अनुच्छेद 280 (1) (b) अनुच्छेद 260 (1)
(c) अनुच्छेद 300 (A) (d) अनुच्छेद 246 (1)

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की।
- 15वां वित्त आयोग 1 अप्रैल, 2020 से लागू होगा।
- 15वां वित्त आयोग अपने गठन के बाद अगले 5 वर्षों की अवधि के दौरान विशेष रूप से 14वें वित्त आयोग द्वारा सिफारिश की गई राजवित्तीय समेकन रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए, संघ और राज्यों की वित्तीय स्थिति घाटे, ऋण स्तरों का पुनर्विलोकन कर अपनी सिफारिशें देगा।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 (1) के अंतर्गत वित्त आयोग का गठन किया जाता है।
- इसके अनुसार, संविधान के प्रारंभ से दो वर्ष के भीतर और उसके बाद प्रत्येक पांच वर्ष की समाप्ति पर या पहले जिसे राष्ट्रपति आवश्यक समझते हों, एक वित्त आयोग का गठन किया जाएगा।
- अभी तक 14 वित्त आयोगों का गठन किया जा चुका है।
- ज्ञातव्य है कि 14वें वित्त आयोग का गठन 2 जनवरी, 2013 को किया गया था जिसके अध्यक्ष वाई.वी. रेड्डी हैं।
- 14वें वित्त आयोग ने 15 दिसंबर, 2017 को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था।
- 14वें वित्त आयोग की सिफारिशें वित्तीय वर्ष 2019-20 तक के लिए वैध है।
- प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष के.सी. नियोगी थे।
- वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों की हिस्सेदारी तय करना है।

संबंधित लिंक
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173726
http://indianexpress.com/article/business/15th-finance-commission-gets-cabinet-go-ahead-4950183/

नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने हेतु कार्यबल का गठन

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसकी अध्यक्षता में नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया?



(a) गिरीश आहुजा (b) डॉ. अरविंद सुब्रमण्यम
(c) सुनील चंद्रा (d) अरबिंद मोदी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के सदस्य (कानून) अरबिंद मोदी की अध्यक्षता में नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने हेतु एक कार्यबल का गठन किया।
- इस कार्यबल के अन्य सदस्यों में गिरीश आहुजा (प्रैक्टिस कर रहे चार्टर्ड अकाउंटेंट और गैर-सरकारी निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक), राजीव मेमानी (E & Y के अध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रबंध सहयोगी), मुकेश पटेल (एडवोकेट, अहमदाबाद), मानसी केडिया (सलाहकार, आईसीआरआईईआर, नई दिल्ली) और जी.सी. श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी और एडवोकेट) शामिल हैं।
- मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. अरविंद सुब्रमण्यम कार्यबल में स्थायी रूप से विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।
- **कार्यबल निम्नलिखित विषयों पर विचार कर उपयुक्त प्रत्यक्ष कर कानून तैयार करेगा-**
  (i) विभिन्न देशों में मौजूद प्रत्यक्ष कर प्रणाली
  (ii) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रणाली
  (iii) देश की आर्थिक जरूरतें
  (iv) इससे जुड़ा कोई अन्य मुद्दा
- कार्यबल 6 माह के भीतर सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा।
- ज्ञातव्य है कि सितंबर, 2017 में आयोजित राजस्व ज्ञान संगम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयकर कानून, 1961 की समीक्षा हेतु प्रस्ताव रखा था।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173742
http://www.thehindu.com/business/new-direct-tax-law-coming/article20664346.ece

एशिया के सबसे अमीर परिवारों की सूची-2017

प्रश्न-हाल ही में प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स द्वारा जारी एशिया के सबसे अमीर परिवारों की सूची में किस परिवार को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?



(a) ली परिवार (b) अंबानी परिवार (c) कोक परिवार (d) प्रेमजी परिवार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2017 को प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स द्वारा एशिया के सबसे अमीर परिवारों की (Asia's Richest Families) सूची जारी की गई।
- इस सूची में एशिया के 50 सबसे अमीर परिवारों को शामिल किया गया है।
- रिलायंस समूह का अंबानी परिवार 44.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ एशिया का सबसे अमीर परिवार है।
- इसके पश्चात सैमसंग समूह (दक्षिण कोरिया) का ली (बाइयुंग-चुलः Byung-Chull) परिवार 40.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर रहा।
- सन हुंग काई एंड कंपनी (हांगकांग) का कोक (Kwok) परिवार 40.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- थाइलैंड के चारोएन पोक्पहैंड (Charoen Pokphand: CP) समूह का चियारावैनांट परिवार 36.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर रहा।
- इस सूची में अंबानी परिवार के अलावा प्रेमजी परिवार (विप्रो, कुल संपत्ति 19.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 11वें, हिन्दुजा परिवार (कुल संपत्ति 18.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 12वें, मित्तल परिवार (कुल संपत्ति 17.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 14वें, मिस्त्री परिवार (कुल संपत्ति 16.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 16वें, बिरला परिवार (कुल संपत्ति 14.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 19वें, गोदरेज परिवार (कुल संपत्ति 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 20वें, बजाज परिवार (कुल संपत्ति 9.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 26वें तथा जिंदल परिवार (कुल संपत्ति 7.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 32वें, स्थान पर रहे।
- इसके अलावा अन्य सबसे अमीर परिवार क्रमश; डाबर समूह का बर्मन परिवार 35वें, आयशर समूह का लाल परिवार 36वें, श्री सीमेंट समूह का बांगर परिवार 37वें, ऑटो पार्टस उद्योग का सहगल परिवार 41वें, वाडिया परिवार 42वें, के. पी. सिंह परिवार (रियल इस्टेट) 44वें, कैडिला हेल्थकेयर समूह का पटेल परिवार 45वें, पिरामल परिवार 47वें तथा हीरो समूह का मुंजाल परिवार 48वें स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक

https://www.forbes.com/sites/forbespr/2017/11/15/indias-ambani-family-tops-forbes-list-of-asias-richest-families/#ec99973d63d0
https://www.forbes.com/asia-families/list/#tab:overall

एथेनॉल के संशोधित मूल्य को मंजूरी

प्रश्न-आगामी चीनी सीजन 2017-18 हेतु एथेनॉल की संशोधित कीमत ईबीपी (एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) के तहत कितना निर्धारित की गई है?



(a) 52.5 रुपये प्रति लीटर (b) 49.50 रुपये प्रति लीटर

(c) 48.50 रुपये प्रति लीटर (d) 40.85 रुपये प्रति लीटर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को आपूर्ति हेतु एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP-Ethanol Blended Petrol) कार्यक्रम के अंतर्गत एथेनॉल के मूल्य में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई।
- एथेनॉल की संशोधित कीमत ईबीपी के तहत 40.85 रुपये प्रति लीटर निर्धारित की गई है और यह आगामी चीनी सीजन 2017-18 के लिए लागू होगी।
- इसके अतिरिक्त जीएसटी और परिवहन शुल्क भी देय होगा।
- संशोधित मूल्य 1 दिसंबर, 2017 से 30 नवंबर, 2018 तक एथेनॉल आपूर्ति अवधि के दौरान लागू रहेगा।
- इस मंजूरी से एथेनॉल आपूर्ति हेतु लाभप्रद मूल्य और कीमतों में स्थामित्व प्रदान करने की सरकार की नीति को जारी रखने में मदद मिलेगी।
- इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत के साथ ही पर्यावरण को होने वाली हानि में कमी आएगी।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2003 में केंद्र सरकार द्वारा एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम शुरू किया गया था।
- यह कार्यक्रम अधिसूचित 21 राज्यों और 4 संघ शासित प्रदेशों में लागू किया गया है।
- एथेनॉल की आपूर्ति बढ़ाने हेतु सरकार ने दिसंबर, 2014 में ईबीपी कार्यक्रम के तहत एथेनॉल के मूल्य को प्रशासित करने का निर्णय किया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173135

भारत में करोड़पतियों की संख्या में वृद्धि, 2017

प्रश्न-हाल ही में 'क्रेडिट सुईस' द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 तक भारत में परिवारों की कुल सम्पत्ति किस दर से बढ़कर 7.1 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है?



(a) 7.5% (b) 4.6% (c) 7.9% (d) 5.7%

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2017 को 'क्रेडिट सुईस' द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में करोड़पतियों की संख्या 245000 के स्तर पर पहुंच गई है।
- साथ ही भारत में परिवारों की कुल सम्पत्ति भी बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।
- रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 तक देश में करोड़पतियों की संख्या बढ़कर 372000 होने का अनुमान है, जबकि परिवारों की कुल सम्पत्ति 7.5% की दर से बढ़कर 7.1 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है।
- रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2000 से भारत में लोगों की सम्पत्ति वर्ष दर वर्ष 9.2% की दर से बढ़ी है जो कि वैश्विक वृद्धि 6% से अधिक है।
- जनसंख्या में वास्तविक वृद्धि दर 2.2% आकलित है।
- भारत की सम्पत्ति में 451 बिलियन डॉलर की वृद्धि वैश्विक आधार पर किसी एक देश की सम्पत्ति में हुई वृद्धि के मामले में 8वीं बड़ी वृद्धि के रूप में दर्शाता है।
- लगभग 92% वयस्क जनसंख्या के पास 10000 डॉलर से भी कम संपत्ति है जबकि दूसरी तरफ कुल आबादी का छोटा-सा हिस्सा (वयस्क आबादी का मात्र 0.5%) की शुद्ध सम्पत्ति 100000 डॉलर से अधिक है। जो भारत की जनसंख्या को देखते हुए मात्र 4.2 मिलियन है।
- भारत में निजी सम्पत्ति का ज्यादा हिस्सा भूमि एवं अन्य रियल स्टेट के रूप में है जो कुल पारिवारिक संपत्ति का लगभग 86% है।
- एकल संपत्ति में निजी वर्ग की हिस्सेदारी मात्र 9% होने का अनुमान है।
- प्रति व्यक्ति संपत्ति के हिसाब से स्विटजरलैंड का विश्व में प्रथम स्थान है जहां प्रति व्यक्ति संपत्ति वर्ष 2017 में 537600 अमेरिकी डॉलर है।
- इसके बाद 402600 अमेरिकी डॉलर के साथ ऑस्ट्रेलिया दूसरे तथा 388000 अमेरिकी डॉलर के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका तीसरे स्थान पर है।
- वर्ष 2012 के बाद से कुल वैश्विक पूंजी 6.4% की तीव्र गति से बढ़कर 280 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है।
- वैश्विक सम्पत्ति रिपोर्ट (Global Wealth Report, 2017) इस शृंखला की 8वीं रिपोर्ट है।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/indicators/india-home-to-245000-millionaires-household-wealth-at-5-trillion/articleshow/61644558.cms

भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र भागीदारी कोष में योगदान

प्रश्न-हाल ही में भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र भागीदारी कोष में कितनी अतिरिक्त राशि देने का आश्वासन दिया गया है?

(a) 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (b) 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर



(c) 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर (d) 225 मिलियन अमेरिकी डॉल्र

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2017 को भारत ने न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र संकल्प (Pledging) सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र भागीदारी (साझेदारी) कोष में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि देने का आश्वासन दिया।
- यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर अंजनी कुमार ने की।
- यह योगदान अन्य संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रमों में 10.582 मिलियन डॉलर के भारत के योगदान के अतिरिक्त होगा।
- सम्मेलन सत्र के दौरान लगभग 20 देशों ने 398.38 मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान का आश्वासन दिया।
- इस वर्ष के प्रारंभ में विकासशील देशों में सतत विकास परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए भारत और संयुक्त राष्ट्र के दक्षिण-दक्षिण सहयोग संगठन (UNFSSC) कार्यालय ने भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी निधि की स्थापना की थी।
- सात प्रशांत द्वीप देशों में 'जलवायु प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' इस कोष से सहायता प्राप्त करने वाली पहली परियोजना है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/education/story/india-un-partnership-fund-usd-100-million/1/1084863.html
http://www.newsbharati.com/Encyc/2017/11/7/India-UN-fund.html

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (IDSA) के नए अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में किसे रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (IDSA) का नया अध्यक्ष चुना गया?

(a) निर्मला सीतारमण (b) सुषमा स्वराज (c) मनोहर परर्िकर (d) एस. जयशंकर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

23 नवंबर, 2017 को केंद्रीय रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण को रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (IDSA: Institute for Defence Studies and Analysis) का अध्यक्ष चुना गया।

- इस पद पर वह मनोहर पर्र्िकर का स्थान लेंगी।
- आईडीएसए की स्थापना नवंबर, 1965 में रक्षा मंत्रालय द्वारा एक स्वायत्त थिंक टैंक के रूप में की गई थी।
- परंपरागत रूप से देश के रक्षामंत्री ही इस संस्थान के अध्यक्ष होते हैं।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/news-ians/nirmala-sitharaman-elected-idsa-president-117112500699_1.html
http://www.newindianexpress.com/nation/2017/nov/25/defence-minister-nirmala-sitharaman-elected-as-idsa-president-1710969.html
https://idsa.in/aboutidsa

डीएएनएक्स-2017

प्रश्न-20-24 नवंबर, 2017 के मध्य किस कमान के तत्त्वावधान में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह रक्षा अभ्यास (डीएएनएक्स) 2017 संपन्न हुआ?



(a) त्रिशूल कमान (b) अंडमान एवं निकोबार कमान
(c) पूर्वी कमान (d) दक्षिणी कमान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20-24 नवंबर, 2017 के मध्य अंडमान एवं निकोबार कमान के तत्त्वावधान में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह रक्षा अभ्यास (डीएएनएक्स)-2017 संपन्न हुआ।
- इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सभी कमान बलों की प्रक्रियाओं एवं ड्रिलों की प्रैक्टिस करना तथा सुदृढ़ीकरण कर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की रक्षा प्रणाली मजबूत करना है।
- फाइटर्स, विशेष बल, नौसेना जहाजों तथा हैवी लिफ्ट ट्रांसपोर्ट वायुयानों समेत भारत की मुख्य भूमि के अत्याधुनिक बलों (Accretional Forces) ने इस अभ्यास में भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173818

प्रथम बहुराज्यीय मेगा मॉक सुनामी अभ्यास-2017

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के संपूर्ण पूर्वी तट पर सुनामी तैयारी को लेकर एक बहुराज्यीय मेगा मॉक सुनामी अभ्यास का संचालन किया। इस अभ्यास में कुल कितने राज्य/केंद्र शासित राज्य शामिल थे?

(a) 5 (b) 3 (c) 4 (d) 7



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2017 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के संपूर्ण पूर्वी तट पर सुनामी तैयारी को लेकर प्रथम बहुराज्यीय मेगा मॉक सुनामी अभ्यास (First Multi State Mega Mock Tsunami Exercise)-2017 का संचालन किया।
- यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) तथा भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS) के सहयोग से किया गया।
- यह अभ्यास 4 राज्यों-पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु तथा 1 केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के 35 तटीय जिलों में एक साथ किया गया।
- इस अभ्यास का उद्देश्य शुरूआती चेतावनी को बेहतर बनाने तथा उच्च तीव्रता वाली सुनामी के प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिक्रिया तंत्र का मूल्यांकन करना था।
- यह कार्यक्रम 5 नवंबर, 2017 को मनाए गए दूसरे विश्व सुनामी जागरूकता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में से एक है।
- इस अभ्यास के तहत पूर्वी समुद्री तट पर तैयारी का मूल्यांकन करने के लिए सुनामी आपदा का कृत्रिम परिदृश्य प्रस्तुत किया गया।
- यह अभ्यास महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत का पूर्वी समुद्री तट चक्रवात और सुनामी के दृष्टिकोण से अतिसंवेदनशील है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2004 के हिंद महासागर सुनामी के कारण यह क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ था।
- यह अभ्यास राज्यों को उनके संसाधनों, प्रक्रियाओं और योजनाओं को अद्यतन बनाने में बहुत मदद करेगा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173811

मिसाइल डोंगफोंग-41

प्रश्न-हाल ही में चीन ने अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल डोंगफोंग-41 का निर्माण किया है। इसकी मारक क्षमता कितनी है?



(a) 7,000 किमी. (b) 10,000 किमी.

(c) 12,000 किमी. (d) 15,000 किमी.

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार चीन ने अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल 'डोंगफोंग 41' का निर्माण किया है।
- यह एक तीन स्तरीय ठोस ईंधन मिसाइल है।
- इस मिसाइल की गति 10 मैक तक है।
- इसकी मारक क्षमता 12,000 किमी. है।
- इस मिसाइल से विश्व के किसी कोने में भी निशाना साधा जा सकता है।
- यह मिसाइल 10 परमाणु हथियारों को एक साथ ले जा सकती है और अलग-अलग निशाना लगा सकती है।
- इस मिसाइल को अगले वर्ष चीन की सेना में शामिल किए जाने की संभावना है।

संबंधित लिंक

http://www.dailymail.co.uk/sciencetech/article-5103667/China-s-ballistic-missile-ready-months.html

'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न-22 नवंबर, 2017 को भारतीय वायुसेना के किस लड़ाकू विमान से 'ब्रह्मोस' 'एयर लांच क्रूज मिसाइल' (ALCM) का सफल परीक्षण किया गया?



(a) तेजस (b) मिग-21 (c) चेतक (d) सुखोई-30 एमकेआई

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से 'ब्रह्मोस' एयर लांच क्रूज मिसाइल (ALCM) का बंगाल की खाड़ी में सफल परीक्षण किया गया।
- उल्लेखनीय है कि विश्व की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' को पहली बार सुखाई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से छोड़ा गया है।

- ब्रह्मोस एएलसीएम का वजन 2.5 टन है, जो सुखोई-30 एमकेआई में प्रयुक्त होने वाला सबसे भारी हथियार (Weapon) है।
- वर्तमान में ब्रह्मोस के नवीन संस्करण की मारक क्षमता 450 किमी. है।
- यह मिसाइल 2.5 से 3.0 मैक की गति से वार करने में सक्षम है।
- इसे जमीन, हवा तथा युद्धपोत सभी स्थानों से छोड़ा जा सकता है।
- इसका विकास भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और रूस के 'एनपीओ मशीनोस्ट्रोनिया' (NPO Mashinostroyeniya) के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस (BrahMos Aerospace) द्वारा किया गया।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/india-successfully-test-fires-brahmos-from-sukhoi-30-fighter-aircraft/articleshow/61751675.cms

देश की सबसे बड़ी नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली चालू

प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा कहां पर देश की सबसे बड़ी अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली चालू की गई?



(a) मुगलसराय (b) गोरखपुर (c) पटना (d) खड़गपुर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2017 को रेल मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल के खड़गपुर स्टेशन पर देश की सबसे बड़ी अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली चालू की गई।
- यह प्रणाली एशिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक इटरलॉकिंग प्रणाली में से एक है।
- इसे 423 रूटों के साथ पुरानी रूट रिले इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के स्थान पर स्थापित किया गया है।
- इस प्रणाली से दक्षिण-पूर्व रेलवे की रेलगाड़ियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित होगी।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/rlys-installs-asia-s-largest-electronic-interlocking-system-in-kharagpur-117112001161_1.html

नासा द्वारा मौसम उपग्रह का प्रक्षेपण

प्रश्न-हाल ही में नासा द्वारा एक अत्याधुनिक मौसम उपग्रह प्रक्षेपित किया गया? प्रक्षेपित उपग्रह का क्या नाम है?



(a) वांडेनवर्ग पोलर सैटेलाइट सिस्टम (b) एनओएए

(c) ज्वाइंट पोलर सैटेलाइट सिस्टम-1

(d) ज्वाइंट पोलर सैटेलाइट सिस्टम-2

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 नवंबर, 2017 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने वांडेनबर्ग एयरफोर्स बेस, कैलिफोर्निया से डेल्टा-II राकेट के माध्यम से एक अत्याधुनिक मौसम उपग्रह को प्रक्षेपित किया।
- इस मौसम उपग्रह का नाम ज्वाइंट पोलर सैटेलाइट सिस्टम-1 है।
- यह चार प्रक्षेपित किए जाने वाले मौसम उपग्रहों की सीरीज का पहला उपग्रह है।
- यह उपग्रह नासा और वायुमंडलीय प्रशासन तथा राष्ट्रीय महासागर का संयुक्त प्रयास है।
- इसे अत्याधुनिक तकनीक द्वारा निर्मित और डिजाइन किया गया है।
- यह वैश्विक वातावरण की निगरानी करेगा।
- इससे मौसम के बारे में अधिक सटीक पूर्वानुमान लगाने में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक

https://www.nasa.gov/press-release/nasa-launches-noaa-weather-satellite-aboard-united-launch-alliance-rocket-to-improve

डिजिटल टैबलेट (Pill) 'एबिलिफाई माईसाइट' को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में अमेरिका के 'खाद्य और औषधि प्रशासन' द्वारा डिजिटल ट्रैकिंग उपकरण से युक्त टैबलेट (Digital Pill) को मंजूरी प्रदान की गई। इस डिजिटल टैबलेट का क्या नाम है?

(a) एबिलिफाई माईसाइट (b) एबिलीफाई डिजी

(c) डीजीआई साइट (d) माईसाइट डीजी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अमेरिका के 'खाद्य और औषधि प्रशासन' द्वारा डिजिटल ट्रैकिंग उपकरण से युक्त एक ऐसे टैबलेट (Pill) को मंजूरी प्रदान की गई, जिसकी मदद से डॉक्टर यह निगरानी कर सकेंगे कि मरीज वक्त पर दवायें ले रहा है या नहीं।
- अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन के अनुसार, 'एबिलिफाई माईसाइट' (Abilify MyCite) नामक इस टैबलेट (Pill) का सेंसर अनाज से ही बना है जिसका आकार बालू के कण के बराबर है।
- इस टैबलेट को खासतौर से शिजोफ्रेनिया, बायोपोलर डिसऑर्डर तथा अवसाद से ग्रस्त मरीजों के लिए तैयार किया गया है।

- इस टैबलेट की निर्माता कंपनी ओटसुका फार्मास्यूटिकल कंपनी लिमिटेड है। अमेरिका में अनुमोदित होने वाला यह डिजिटल इनजेशन ट्रैकिंग प्रणाली (Digital Ingestion Tracking System) वाला पहला टैबलेट है।
- यह टैबलेट मरीज द्वारा निगलने के बाद पेट के एंजाइम के संपर्क में आकर सक्रिय हो जायेगा और दवाओं से संबंधित संदेश भेजता रहेगा।
- इस टैबलेट को वर्ष 2002 में शिजोफ्रेनिया (Sehizophrenia) के इलाज हेतु अनुमोदित किया गया था और वर्ष 2012 में विपणन (Marketing) के लिए मंजूरी दी गई थी।

संबंधित लिंक

https://www.fda.gov/NewsEvents/Newsroom/PressAnnouncements/ucm584933.htm
https://www.forbes.com/sites/brucelee/2017/11/13/fda-approved-first-digital-pill-that-you-and-others-can-track/#8cdbad76419e

7वां सम्प्रीति (SAMPRITI)-2017 संयुक्त सैन्य अभ्यास

प्रश्न-6-18 नवंबर, 2017 के मध्य 7वां सम्प्रीति (SAMPRITI)-2017 संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास किन देशों के मध्य संपन्न हुआ?

(a) भारत-नेपाल (b) भारत-श्रीलंका (c) भारत-बांग्लादेश (d) भारत-मंगोलिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-18 नवंबर, 2017 के मध्य 7वां सम्प्रीति (SAMPRITI)-2017 संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास भारत-बांग्लादेश के मध्य काउंटर इनसरजेंसी एंड जंगल वारफेयर स्कूल, वेरेंगटे, मिजोरम में संपन्न हुआ।
- इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य भारत और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच पारस्परिक सहयोग के पहलुओं को मजबूत बनाना और उनका विस्तार करना है।
- साथ ही संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के अंतर्गत विद्रोही और आतंकवादियों गतिविधियों से निपटने के लिए मिलकर कार्य करना है।
- इस युद्धाभ्यास को गजराज कोर की रेड हॉर्न्स डिवीजन के तत्वावधान में किया गया और इसमें कमांड पोस्ट अभ्यास (CPX) और फील्ड ट्रेनिंग अभ्यास (FTX) शामिल था।
- युद्धाभ्यास के दौरान बांग्लादेश सेना के 38 ईस्ट बंगाली रेजीमेंट और भारतीय सेना की महार रेजीमेंट के जवानों ने अपनी-अपनी सेनाओं का प्रतिनिधित्व किया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173572
http://pib.nic.in/newsite/printrelease.aspx?relid=173614

प्रॉक्सिमा सेंचुरी के चारों ओर धूल परत



प्रश्न-कौन सा तारा सूर्य के सबसे निकट स्थित है?

(a) साइरस (b) प्रॉक्सिमा सेंचुरी

(c) बर्नाड (d) वोल्फ 359 (सीएन लियोनिस)

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में वैज्ञानिकों द्वारा प्रॉक्सिमा सेंचुरी के आस-पास धूल की परत का पता लगाया गया।
- इस निष्कर्ष से यह संकेत प्राप्त होता है कि प्रॉक्सिमा सेंचुरी ग्रह मंडल की मेजबानी करता है।
- चिली स्थित प्रेक्षणशाला के नए आकलन से खुलासा हुआ है कि क्षेत्र में ठंडी धूल से आने वाली रोशनी प्रॉक्सिमा सेंचुरी से उस दूरी की तुलना में एक से चार गुना है जितनी की सूर्य से धरती की दूरी।
- प्रॉक्सिमा सेंचुरी सूर्य का सबसे करीबी तारा है।
- यह हमसे लगभग चार प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है।
- 'प्रॉक्सिमा बी' इसकी परिक्रमा करता है।

संबंधित लिंक

http://www.almaobservatory.org/en/press-release/alma-discovers-cold-dust-around-nearest-star/
https://www.eso.org/public/news/eso1735/
https://imagine.gsfc.nasa.gov/features/cosmic/nearest_star_info.html
https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC5495281/

चीन द्वारा दो नेविगेशन उपग्रहों का प्रक्षेपण



प्रश्न-हाल ही में चीन ने दो बेदोउ-3 उपग्रहों को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। चीन द्वारा बेदोउ परियोजना किस वर्ष शुरू की गई थी?

(a) वर्ष 1993 (b) वर्ष 1994 (c) वर्ष 1998 (d) वर्ष 2003

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर, 2017 को चीन ने दो बेदोउ-3 उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया।
- ये दोनों उपग्रह रॉकेट लांग मार्च-3बी की सहायता से सिचुआन प्रांत स्थित शिचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किए गए।
- प्रक्षेपित उपग्रह बेदोउ नेविगेशन उपग्रह प्रणाली के तीसरे चरण का प्रतिनिधित्व करता है।

- यह प्रणाली चीन की बेल्ट एंड रोड पहल में शामिल देशों को सेवायें प्रदान करेगी।
- यह प्रणाली वर्ष 2020 तक पूर्णतः नियंत्रित उपग्रह नेविगेशन व्यवस्था बनाएगी।
- वर्ष 1994 में बेदोउ परियोजना प्रारंभ हुई थी।
- पहली पीढ़ी के उपग्रहों की तुलना में बेदोउ-3 अन्य उपग्रहीय नेविगेशन प्रणाली से अधिक अच्छे संकेत भेजने में सक्षम है।
- यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तलाश और बचाव कार्य में भी उपग्रह आधारित बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकता है।

संबंधित लिंक

http://news.xinhuanet.com/english/2017-11/06/c_136730074.htm
http://indiatoday.intoday.in/story/china-launches-2-navigation-satellites/1/1083094.html

विश्व का पहला पूर्णतः विद्युत संचालित मालवाहक जहाज

प्रश्न-हाल ही में किस देश ने विश्व का पहला पूर्णतः विद्युत संचालित मालवाहक जहाज लांच किया है?

(a) चीन (b) अमेरिका (c) रूस (d) â◌ंस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में चीन द्वारा विश्व का पहला पूर्णतः विद्युत संचालित मालवाहक जहाज लांच किया गया।
- इसे दक्षिणी चीन के गुआंगढोंग प्रांत की राजधानी गुआंगझोउ (Guangzhou) में लांच किया गया।
- इसमें लगी बैटरी को 2 घंटे चार्ज किए जाने के बाद यह जहाज 2000 टन माल के साथ 80 किलोमीटर तक की यात्रा कर सकता है।
- इसका निर्माण गुआंगझोउ शिपयार्ड इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड ने किया है।
- यह लीथियम बैटरी (26 टन) द्वारा संचालित है।
- इस जहाज की लंबाई 70.5 मीटर तथा अधिकतम गति 12.8 किमी./घंटा है।
- यह अपशिष्ट गैस प्रदूषक का उत्सर्जन नहीं करता है।

संबंधित लिंक

http://www.hindustantimes.com/world-news/china-launches-world-s-first-fully-electric-cargo-ship/story-ceg5ZbMb67yOLpYFZNdg4I.html
http://www.chinadaily.com.cn/business/2017-11/14/content_34511312.htm

निर्भय क्रूज मिसाइल का पांचवा परीक्षण

प्रश्न-हाल ही में भारत द्वारा निर्मित निर्भय क्रूज मिसाइल का पांचवा परीक्षण कहां किया गया?

(a) जैसलमेर (b) विशाखापत्तनम
(c) चांदीपुर (d) लेह



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 नवंबर, 2017 को लंबी दूरी की पहली भारत में विकसित सब सोनिक क्रूज मिसाइल 'निर्भय' का पांचवा परीक्षण किया गया।
- यह परीक्षण ओडिशा के बालासोर स्थित चांदीपुर एकीकृत परिक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक के अनुसार यह परिक्षण सफल रहा।
- डीआरडीओ द्वारा विकसित 'निर्भय' मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।
- सतह से सतह मार करने वाले इस प्रक्षेपास्त्र की मारक क्षमता 1000 किमी. से अधिक है।
- यह हवा, जमीन, समुद्री जहाज और पनडुब्बियों से वार करने में सक्षम है। इसकी अधिकतम गति 0.6 से 0.7 मैक (Mach) तक है।
- लांच के समय इसका वजन 1500 किग्रा. था। इस मिसाइल की भार-वहन क्षमता 200-300 किग्रा. है।
- पेड़ की ऊंचाई (ट्री टॉप) के बराबर उड़ने की क्षमता के कारण यह 'ट्री टॉप' मिसाइल के नाम से जानी जाती है।
- इससे पूर्व वर्ष-2016 में इसका चौथा विकासात्मक परीक्षण विफल रहा था।
- ज्ञातव्य है कि 12 मार्च, 2013 को निर्भय मिसाइल का पहला परीक्षण किया गया जो आंशिक रूप से सफल रहा क्योंकि पथभ्रष्ट होने से पूर्व मिसाइल 30 प्रतिशत तक लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी थी।
- वर्ष 2014 को दूसरा परीक्षण किया गया जो सफल रहा तथा वर्ष 2015 में किया गया तीसरा विकासात्मक परीक्षण भी विफल रहा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173291

खेल परिदृश्य

टेनिस

निट्टो एटीपी फाइनल्स 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 'निट्टो एटीपी फाइनल्स 2017' के एकल स्पर्धा के विजेता कौन हैं?



(a) ग्रिगोर दिमित्रोव (b) जैक सोक (c) डेविड गॉफीन (d) जॉन पीयर्स

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12-19 नवंबर, 2017 के मध्य पुरुष टेनिस प्रतियोगिता निट्टो एटीपी फाइनल्स 2017' (Nitto ATP Finals 2017) लंदन, ग्रेट ब्रिटेन में संपन्न।
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-ग्रिगोर दिमित्रोव (बुल्गारिया)
  उपविजेता-डेविड गॉफीन (बेल्जियम)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-जे.पीयर्स (ऑस्ट्रेलिया) और हेनरी कोंटीनेन (फिनलैंड)
  उपविजेता-लुकास कुबोट (पोलैंड) और मार्सेलो मेलो (ब्राजील)

संबंधित लिंक

https://www.atpworldtour.com/en/tournaments/nitto-atp-finals/605/overview
https://www.atpworldtour.com/en/news/record-breaking-attendance-2017-atp-world-tour

केपीआईटी-एमएसएलटीए चैलेंजर, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 'केपीआईटी-एमएसएलटीए चैलेंजर 2017' का एकल खिताब किसने जीता?



(a) यूकी भांबरी (b) रामकुमार रामनाथन
(c) रोहन बोपन्ना (d) सोमदेव देववर्मन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13-18 नवंबर 2017 के मध्य पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 'केपीआईटी-एमएसएलटीए चैलेंजर 2017' (KPIT-MSLTA Challenger 2017) पुणे में संपन्न।
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-यूकी भांबरी (भारत)
  उपविजेता-रामकुमार रामनाथन (भारत)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-टोमिस्लाव बारकिक (बोस्निया) और एंटे पेविक (क्रोएशिया)
  उपविजेता-पेड्रो मार्टिंज और एड्रियन मेनेंडिज (दोनों स्पेन)

संबंधित लिंक

http://kpitchallenger.com/

रोलेक्स पेरिस मास्टर्स, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता रोलेक्स पेरिस मास्टर्स, 2017 का एकल खिताब किसने जीत लिया?

(a) रोजर फेडरर (b) राफेल नडाल (c) जैक सोक (d) मार्सेलो मेलो



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- ATP वर्ल्ड टूर सत्र 2017 की पेशेवर पुरुष टेनिस प्रतियोगिता पेरिस (फ्रांस) में संपन्न। (30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-जैक सोक (अमेरिका)
  उपविजेता-फिलिप क्राजिनोविक (सर्बिया)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-लुकास्ज कुबोत (पोलैंड) एवं मार्सेलो मेलो (ब्राजील)
  उपविजेता-इवान डोडिग (क्रोएशिया) एवं मार्सेल ग्रैनोलर्स (स्पेन)

संबंधित लिंक

http://www.atpworldtour.com/en/news/sock-krajinovic-kubot-melo-paris-2017-tournament-story

यूरोपियन ओपन, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 'यूरोपियन ओपन, 2017' में विजेता युगल जोड़ी में भारत के दिविज शरण के साथी कौन हैं?

(a) पूरव राजा (b) स्कॉट लिपस्की (c) पाब्लो कुएवास (d) बेनोइट पाइरे



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 'यूरोपियन ओपन, 2017' एंटवर्प, बेल्जियम में संपन्न हुई। (16 से 22 अक्टूबर, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-जो विल्फ्रेड सोंगा (फ्रांस)
  उपविजेता-डिएगो श्वर्ट्जमैन (अर्जेंटीना)

- **पुरुष युगल**
  विजेता-दिविज शरण (भारत) एवं स्कॉट लिपस्की (संयुक्त राज्य अमेरिका)
  उपविजेता-सैंटियागो गोंजालेज (मेक्सिको) एवं जूलियो पेशल्टा (चिली)

संबंधित लिंक

http://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/antwerp/7485/2017/results?matchType=singles
http://www.atpworldtour.com/en/news/tsonga-schwartzman-antwerp-2017-final

क्रेमलिन कप, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न टेनिस प्रतियोगिता क्रेमलिन कप, 2017 का महिला एकल खिताब किसने जीत लिया?



(a) निकोले मेलिचर (b) एना स्मिथ (c) तिमेया बाबोस (d) जूलिया जॉर्जेस

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता क्रेमलिन कप, 2017 मॉस्को, रूस में संपन्न। (16-22 अक्टूबर, 2017)
- **प्रतियोगिता के एकल स्पर्धा के परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-दामिर टुमहुर (बोस्निया एवं हर्जेगोविना)
  उपविजेता-रिचर्ड्स बेरैंकिस (लिथुआनिया)
- **महिला एकल**
  विजेता-जूलिया जॉर्जेस (जर्मनी)
  उपविजेता-डारिया कासात्कीना (रूस)

संबंधित लिंक

https://kremlincup.ru/en/about/2017/
https://kremlincup.ru/en/news/289/
https://kremlincup.ru/en/draws/singles/women/final/
https://kremlincup.ru/en/draws/singles/men/final/

क्रिकेट

अंडर-19 युवा एशिया कप 2017

प्रश्न-हाल ही में मलेशिया में संपन्न अंडर-19 युवा एशिया कप 2017 का खिताब किसने जीता?

(a) भारत (b) अफगानिस्तान (c) पाकिस्तान (d) मलेशिया



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10-19 नवंबर, 2017 के मध्य मलेशिया में अंडर-19 युवा एशिया कप 2017 का आयोजन संपन्न।
- इस प्रतियोगिता में आठ देशों (भारत, नेपाल, मलेशिया, बांग्लादेश, श्रीलंका, यूएई, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान) ने हिस्सा लिया।
- 19 नवंबर, 2017 को कुआलालंपुर (मलेशिया) में आयोजित फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 187 रनों से हराकर पहली बार यह खिताब जीता।
- 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'-मुजीब जादरान (अफगानिस्तान), शृंखला में सर्वाधिक 20 विकेट
- शृंखला में सर्वाधिक 250 रन मोहम्मद ताहा (पाकिस्तान)
- अफगानिस्तान अंडर-19 एशियाकप टीम के कप्तान नवीन उल हक हैं।

संबंधित लिंक

http://www.asiancricket.org/index.php/tournaments/u-19-youth-asia-cup-2017

रणजी ट्रॉफीः 500वां मैच खेलने वाली टीम

प्रश्न-9 नवंबर, 2017 को भारत की कौन-सी घरेलू टीम रणजी ट्रॉफी का 500वां मैच खेलने वाली टीम बन गई?



(a) कर्नाटक (b) उत्तर प्रदेश (c) गुजरात (d) मुंबई

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- रणजी ट्रॉफी 2017-18 में मुंबई टीम बड़ौदा के विरुद्ध वानखेड़े स्टेडियम में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का अपना 500वां मैच खेलने उतरी। (9 नवंबर, 2017)
- मुंबई यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम बन गई।
- मुंबई ने रिकॉर्ड 41 बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है।

- इस टीम ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों को मिलाकर भारत को सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर दिए हैं।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/sport/cricket/mumbais-500th-ranji-trophy-match-500-not-out-mumbais-performance-in-the-ranji-trophy/article20008609.ece

हॉकी

54वां नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट

प्रश्न-54वां सीनियर नेहरू हॉकी टूर्नामेंट का खिताब किस टीम ने जीता?

(a) केनरा बैंक (b) पंजाब नेशनल बैंक

(c) राष्ट्रीय हॉकी अकादमी (d) आरसीएफ कपूरथला



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4-14 नवंबर, 2017 के मध्य, शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली में 54वां नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट संपन्न।
- 14 नवंबर, 2017 को फाइनल मुकाबले में पंजाब नेशनल बैंक ने पंजाब एंड सिंध बैंक को निर्धारित समय में 3-0 से हराकर यह खिताब जीता।
- इस प्रतियोगिता में 13 टीमों ने हिस्सा लिया।

संबंधित लिंक

http://nehruhockey.com/result_t5.htm
http://nehruhockey.com/download/tournament/17-18/fixture_54th_senior_hockey_tournament.jpg

हॉकी एशिया कप (महिला), 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न हॉकी एशिया कप (महिला), 2017 का खिताब भारत ने किसे पराजित कर जीत लिया?

(a) चीन (b) जापान (c) द. कोरिया (d) मलेशिया



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- हॉकी एशिया कप (महिला) का 9वां संस्करण काकामिगाहारा, गिफू (जापान) में संपन्न। (28 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2017)

- टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया था।
- भारतीय महिला टीम ने फाइनल में 1-1 की बराबरी के बाद पेनाल्टी शूट आउट में चीन को 5-4 से पराजित कर दूसरी बार एशिया कप का खिताब (स्वर्ण पदक) जीत लिया।
- द.कोरिया ने मेजबान जापान को 1-0 से पराजित कर कांस्य पदक जीत लिया।
- चीन की झोंग जियाकी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 11 गोल किए।
- भारतीय महिला हॉकी टीम ने इससे पूर्व वर्ष 2004 में नई दिल्ली में संपन्न एशिया कप का पहला खिताब जापान को हराकर जीता था।
- भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल और मुख्य कोच हरेंद्र सिंह थे।
- इस जीत के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने 6 नवंबर, 2017 की जारी FIH विश्व रैंकिंग में स्पेन को पीछे छोड़कर 10वां स्थान हासिल किया।
- रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर काबिज है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/sport/hockey/indian-women-win-asia-cup-qualify-for-hockey-world-cup/article19987232.ece
http://indianexpress.com/article/sports/hockey/india-beat-china-5-4-to-win-women-hockey-asia-cup-4923576/

बैडमिंटन

इंडिया इंटरनेशनल सीरीज, 2017

प्रश्न-26 नवंबर, 2017 को संपन्न इंडिया इंटरनेशनल सीरीज बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब किसने जीता?



(a) पी.कश्यप V(b) चेतन आनंद (c) लक्ष्य सेन (d) यी हान चोंग

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- BWF सुपर सीरीज सत्र, 2017 की बैडमिंटन प्रतियोगिता इंडिया इंटरनेशनल सीरीज, हैदराबाद में संपन्न। (23-26 नवंबर, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
- विजेता-लक्ष्य सेन (भारत)

- उपविजेता-यी हान चोंग (मलेशिया)
- **महिला एकल**
- विजेता-तनिष्क ममिल्ला पाल (भारत)
- उपविजेता-शिखा गौतम (भारत)
- **पुरुष युगल**
- विजेता-अरूण जॉर्ज और संयम शुक्ला (दोनों भारत)
- उपविजेता-फ्रांसिस एल्विन और के. नंदगोपाल (दोनों भारत)
- **महिला युगल**
- विजेता-पुट्री सारी सिट्रा और यूजिआ जिन (दोनों सिंगापुर)
- उपविजेता-जी लिन लिम और जेन यप (Zhen yap) (दोनों मलेशिया)
- **मिश्रित युगल**
- विजेता-तांग जि चेन और लियू यिंग गोह (दोनों मलेशिया)
- उपविजेता-रोहन कपूर और कूहू गर्ग (दोनों भारत)

संबंधित लिंक

http://bwfbadminton.com/results/3058/india-international-series-2017/podium
http://www.firstpost.com/sports/lakshya-sen-beats-yee-han-chong-to-defend-india-international-series-m-tanishq-claims-womens-singles-crown-4229769.html

82वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2017

प्रश्न-हाल ही में नागपुर में संपन्न 82वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल का खिताब किसने जीता?



(a) अश्विनी पोन्नप्पा (b) एन. सिक्की रेड्डी
(c) साइना नेहवाल (d) संयोगिता घोरपड़े

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 82वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2017 नागपुर, महाराष्ट्र में संपन्न। (2-8 नवंबर, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-एच.एस. प्रणय (PSPB)
  उपविजेता-किदांबी श्रीकांत (PSPB)

- **महिला युगल**
  विजेता-अश्विनी पोन्नप्पा एवं एन. सिक्की रेड्डी (दोनों PSPB)
  उपविजेता-संयोगिता घोरपड़े एवं प्राजक्ता सावंत (दोनों AI)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-मनु अत्री (PSPB) एवं बी. सुमिथ रेड्डी (TS)
  उपविजेता-सात्विक साईराज रंकीरेड्डी (AP) एवं चिराग शेट्टी (MAHA)
- **महिला एकल**
- विजेता-साइना नेहवाल (PSPB)
  उपविजेता-पीवी सिंधु (AP)
- मिश्रित युगल
  विजेता- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (AP) एवं अश्विनी पोन्नप्पा (PSPB)
  उपविजेता-प्रणव जे. चोपड़ा एवं एन.सिक्की रेड्डी (दोनों PSPB)
- साइना ने दस वर्षों बाद यह खिताब जीता जबकि एचएस प्रणय ने पहली बार यह खिताब जीता।

संबंधित लिंक

https://www.facebook.com/SNBCIndia2017/
http://indianexpress.com/article/sports/badminton/pv-sindhu-vs-saina-nehwal-live-score-updates-senior-national-badminton-championship-nagpur-live-streaming-online-4927851/
http://www.espn.in/badminton/story/_/id/21327970/future-star-lakshya-sen-learns-valuable-big-match-lessons-nationals-loss-kidambi-srikanth
http://www.firstpost.com/sports/highlights-national-badminton-championships-final-results-saina-nehwal-hs-prannoy-crowned-champions-4199435.html
https://timesofindia.indiatimes.com/sports/badminton/saina-nehwal-hs-prannoy-win-national-titles/articleshow/61561908.cms

मुक्केबाजी

AIBA युवा महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017

प्रश्न-नवंबर, 2017 में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले AIBA युवा महिला विश्व मुक्केबाजी का शुभंकर कौन है?



(a) हप्पी (b) डम्पी (c) गप्पी (d) सम्पी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (BFI) ने पहली AIBA युवा महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के आधिकारिक गीत, लोगो और शुभंकर जारी किए। (6 नवंबर, 2017)

- असम के मशहूर एक सींग वाले गैंडे (मादा) को आधिकारिक शुभंकर (Mascot) बनाया गया है, जिसे गप्पी (GUPPY) नाम दिया गया है।
- यह शक्ति और धैर्य का प्रतीक है।
- चैंपियनशिप का आधिकारिक गीत (Anthem) 'मेक सम नॉइज' (Make Some Noise) है।
- कुंवर जुनेजा के बोलों को शान ने संगीतबद्ध किया है और सुनिधि चौहान ने इसे अपनी आवाज दी है।
- इस लोगो में दो आवश्यक तत्व शामिल हैं-असम की संस्कृति (मेजबान राज्य) और एक महिला की ताकत।
- 19-26 नवंबर, 2017 तक गुवाहाटी, असम में होने वाली इस प्रतियोगिता में 39 देशों के लगभग 193 मुक्केबाज हिस्सा लेंगी।
- भारत ने वर्ष 2006 में सीनियर महिला विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की थी।
- भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी काम, शिव थापा तथा जुबीन गर्ग इस चैंपियनशिप के लिए AIBA की ब्रांड एंबेसडर हैं।

संबंधित लिंक

https://www.aiba.org/blog/30-days-go-2017-aiba-womens-youth-world-championships-begin-guwahati-19-november/
http://www.india.com/sports/2017-aiba-youth-womens-world-boxing-championship-logo-mascot-unveiled-2606730/
https://sports.ndtv.com/boxing/assam-set-to-host-aiba-youth-womens-world-boxing-championship-1771987
http://hindi.firstpost.com/sports/others/logo-song-and-mascot-all-set-for-the-youth-women-boxing-world-championship-sks-65162.html

ASBC एशियन महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न ASBC एशियन महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में एम.सी. मैरीकॉम ने स्वर्ण पदक जीता। एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मैरीकॉम ने कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?

(a) तीन (b) पांच (c) सात (d) नौ



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- ASBC एशियन महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017 हो-चि-मिन्ह, विएतनाम में संपन्न। (2-8 नवंबर, 2017)
- पांच बार की विश्व चैंपियन और 'मैग्निफिसेंट मैरी' के उपनाम से प्रसिद्ध भारतीय महिला मुक्केबाज एम.सी. मैरीकॉम ने इस चैंपियनशिप में पांचवी बार स्वर्ण पदक जीत लिया।

- 48 किग्रा. भार वर्ग के फाइनल में मैरी ने उत्तर कोरिया की किम ह्यांग मि को 5-0 से पराजित किया।
- लाइट फ्लाईवेट 48 किग्रा. भार वर्ग में मैरी का यह पहला पदक है।
- भारत ने चैंपियनशिप में कुल 7 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य पदक) जीते।
- मैरीकॉम एशियाई चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्व की पहली मुक्केबाज बन गई हैं।
- इन्होंने 6 बार एशियाई मुक्केबाजी में हिस्सा लिया और हर बार फाइनल में पहुंची।
- 5 बार उन्होंने स्वर्ण पदक जीता तथा वर्ष 2008 गुवाहाटी में रजत पदक जीतने में सफल रहीं।
- अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ने उन्हें वर्ष 2010 में 'मैग्निफिसेंट मैरी' उपनाम दिया था।
- 35 वर्षीय मैरीकॉम राज्य सभा सांसद और भारत में मुक्केबाजी की सरकारी पर्यवेक्षक भी हैं।
- इन्हें 2003 में अर्जुन अवॉर्ड, 2006 में पद्मश्री, 2009 में राजीव गांधी खेल रत्न तथा 2013 में पद्म भूषण पुरस्कार मिल चुका है।
- चैंपियनशिप में भारत के अन्य पदक विजेता
- सोनिया लाथेर (57 किग्रा.)-रजत
- शिक्षा (54 किग्रा.)-कांस्य
- प्रियंका चौधरी (60 किग्रा.) कांस्य
- लैशराम सरिता देवी (64 किग्रा.) कांस्य
- लवलिना बोरगोहेन (69 किग्रा.)-कांस्य
- सीमा पूनिया (81+किग्रा.)-कांस्य
- मुख्य कोच-शिव सिंह
- चैंपियनशिप की सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का पुरस्कार लिन यू टिंग (चीनी ताइपे) को प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक

http://www.asbcnews.org/wp-content/uploads/2017/11/medal-by-weight.pdf

दूसरी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न दूसरी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017 में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज किसे चुना गया?

(a) शिव थापा (b) मनोज कुमार (c) मंदीप जांगरा (d) पराग चौहान



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- भारतीय मुक्केबाजी संघ (BFI) द्वारा आयोजित दूसरी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017 विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में संपन्न। (24-30 अक्टूबर, 2017)

- रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (RSPB) ने प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान (ओवरऑल चैंपियन) प्राप्त किया।
- RSPB के मनोज कुमार को प्रतियोगिता का 'सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज' चुना गया।
- सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (SSCB) के मनीष कौशिक को 'सर्वश्रेष्ठ उदीयमान मुक्केबाज' चुना गया।
- 'सर्वश्रेष्ठ चैलेंजर' का पुरस्कार मिजोरम के एनटी लालबियाकिमा को प्रदान किया गया।
- SSCB ने 4 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- हरियाणा 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा।
- मनोज कुमार ने वेल्टर वेट वर्ग (69 किलो) में SSCB के दुर्योधन सिंह को 4-1 से पराजित किया।
- मनीष कौशिक ने लाइट वेट वर्ग (60 किलो) में असोम के शिव थापा को 4-1 से पराजित किया।
- एनटी लालबियाकिमा लाइट फ्लाईवेट वर्ग (46-49 किलो) में RSPB के के.श्याम कुमार के हाथों पराजित हो गये।

संबंधित लिंक
http://boxingfederation.in/national-boxing-championship-at-visakhapatnam/

बिलियर्डस/स्नूकर/स्क्वैश

आईबीएसएफ (IBSF) विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, 2017

प्रश्न-IBSF विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, 2017 के पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किसने जीता है?
(a) आमिर सरखोस (b) पंकज आडवाणी (c) वेन जोंस (d) झाओ झिनतांग



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17-27 नवंबर, 2017 के मध्य IBSF विश्व स्नूकर चैंपियनशिप अल-अरबी स्पोर्ट्स क्लब, दोहा, कतर में संपन्न हुआ।
- **प्रतियोगिता के पुरुष, महिला व मार्स्ट्स वर्ग के पदक विजेता इस प्रकार हैं-**
- **पुरुष वर्ग**
- स्वर्ण-पंकज आडवाणी
- रजत-आमिर सरखोस (ईरान)
- **महिला वर्ग**
- स्वर्ण-वेंडी जांस (बेल्जियम)
- रजत-वारात्थनुन सुकृत्थांस (थाईलैंड)

- **मास्टर्स वर्ग**
- स्वर्ण-डैरेन मॉर्गन (वेल्स)
- रजत-ऐडन ओवेन्स (इंग्लैंड)

संबंधित लिंक

http://www.ibsf.info/index.php?option=com_k2&view=item&id=745:advani-wins-world-snooker-morgan-wendy-claims-world-masters-and-world-women-titles&Itemid=180
http://www.hindustantimes.com/other-sports/pankaj-advani-wins-world-snooker-championship-pockets-18th-global-title/story-wXxe3nFMPbM5I5Ip56qrTJ.html
http://ebsa.pl/turnieje/2017/ms/en/show_results.php?&day=10

फॉर्मूला वन

ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स 2017 फॉर्मूला वन कार रेस का खिताब किस चालक ने जीता?

(a) लुईस हैमिल्टन
(b) सेबस्टियन वेट्टल
(c) मैक्स वेर्सटाप्पेन
(d) वाल्टेरी बोट्टास



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2017 को फॉर्मूला वन सत्र 2017 की 19वीं रेस 'ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स 2017' इंटरलोगास, साओ पाउलो (ब्राजील) में संपन्न।
- यह रेस इटैलियन टीम फेरारी के चालक सेबस्टियन वेट्टल (जर्मनी) ने 1 घंटा, 3 मिनट, 26.262 सेकेण्ड में पूरा कर खिताब जीता।
- सत्र 2017 में अब तक संपन्न 19 फार्मूला वन रेसों में सेबस्टियन वेट्टल की यह 5वीं जीत है।

संबंधित लिंक

https://www.formula1.com/en/latest/features/2017/11/brazil-stats-_-vettel-gives-ferrari-first-interlagos-win-in-10-y.html
https://www.formula1.com/en/results.html/2017/races/977/brazil/race-result.html

फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2017

प्रश्न-हाल ही में संपन्न मेक्सिकन ग्रैंड प्रिक्स रेस के बाद किसने फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया?

(a) लुईस हैमिल्टन (b) निको रॉसबर्ग



(c) वाल्टेरी बोटास (d) डैनियल रिक्कियार्डो

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- फॉर्मूला वन सत्र, 2017 की मैक्सिकन ग्रैंड प्रिक्स कार रेस मेक्सिको सिटी में संपन्न। (29 अक्टूबर, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- विजेता-मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स), टीम-रेड बुल रेसिंग।
- वर्ष 2017 की 20 रेसों में से 18 की समाप्ति के बाद आंकड़ों के आधार पर लुईस हैमिल्टन ने चौथी बार फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।
- जर्मन टीम मर्सिडीज बेंज के ब्रिटिश चालक लुईस ने 9 रेस जीतकर सर्वाधिक 333 अंक प्राप्त किए।
- हैमिल्टन चार बार यह चैंपियनशिप जीतने वाले प्रथम ब्रिटिश कार चालक बन गये हैं।
- वर्ल्ड कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप का खिताब सर्वाधिक 595 अंकों के साथ मर्सिडीज बेंज ने जीत लिया।
- इस सत्र की शेष दो रेसों ब्राजिलियन ग्रैंड प्रिक्स (12 नवंबर) तथा अबु धाबी ग्रैंड प्रिक्स (26 नवंबर) का आयोजन अभी बाकी है।

संबंधित लिंक

https://www.formula1.com/en/results.html/2017/races/976/mexico.html
https://www.formula1.com/en/results.html/2017/drivers.html
https://www.formula1.com/en/results.html/2017/team.html
http://www.telegraph.co.uk/formula-1/2017/10/30/lewis-hamilton-won-fourth-formula-one-world-championship-race/

खेल विविध

फ्रांस को रग्बी वर्ल्ड कप की मेजबानी

प्रश्न-हाल ही में फ्रांस को रग्बी वर्ल्ड कप के किस संस्करण की मेजबानी सौंपी गई?

(a) 2018 (b) 2019 (c) 2022 (d) 2023

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- फ्रांस रग्बी वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी करेगा।
- 15 नवंबर, 2017 को लंदन में वर्ल्ड रग्बी काउंसिल की अंतरिम बैठक में यह निर्णय लिया गया।
- रग्बी वर्ल्ड कप 2015 का संस्करण इंग्लैंड में संपन्न हुआ।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 का रग्बी वर्ल्ड कप जापान में आयोजित किया जाएगा।

संबंधित लिंक

https://www.rte.ie/sport/rugby/2017/1115/920153-world-cup-bid/
http://www.bbc.com/sport/rugby-union/41995220

इमर्जिंग नेशंस कप

प्रश्न-एशियन क्रिकेट काउंसिल इमर्जिंग नेशंस कप (क्रिकेट) अप्रैल, 2018 में किस देश में आयोजित किया जाएगा?

(a) श्रीलंका (b) पाकिस्तान (c) बांग्लादेश (d) भारत

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2017 को एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) की बैठक लाहौर, पाकिस्तान में हुई।
- इस बैठक में अगले वर्ष होने वाले एशियन क्रिकेट काउंसिल के इमर्जिंग नेशंस कप की मेजबानी पाकिस्तान को देने का निर्णय किया गया।
- इसका आयोजन अप्रैल, 2018 में पाकिस्तान में किया जाएगा।
- इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें भाग लेंगी।
- छह टीमों में से पांच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के पूर्ण सदस्य हैं (भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान)।
- छठीं टीम क्वालीफायर मैच में क्वालीफाईंग टीम होगी।
- वर्तमान में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी हैं।
- एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का मुख्यालय कोलंबो, श्रीलंका में स्थित है।
- वर्तमान में इस संस्था के प्रमुख शाहरयार खान हैं।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/sports/cricket/pakistan-to-host-acc-emerging-nations-cup-in-april-2018-4912665/
http://indiatoday.intoday.in/story/pakistan-to-hosts-acc-emerging-nations-cup-in-april-2018/1/1078012.html
http://www.asiancricket.org/index.php/the-acc

चर्चित खेल व्यक्तित्व

बंगलुरू एफसी का ब्रांड एंबैसडर

प्रश्न-आईएसएल सत्र 4, 2017 के लिए बंगलुरू एफसी ने अपना ब्रांड एंबैसडर किसे चुना?

(a) जहीर खान (b) राहुल द्रविड़ (c) बाईचुंग भूटिया (d) मैरीकाम



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2017 को बंगलुरू एफसी ने आईएसएल 2017 (India Super League 2017) के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान राहुल द्रविड़ को अपना ब्रांड एंबेसडर चुना।
- वर्ष 2013 में प्रारंभ यह आईएसएल फुटबाल लीग का चौथा सत्र है और इस लीग में बंगलुरू एफसी का पहला सत्र है।
- आईएसएल 2017 का आयोजन 17 नवंबर 2017-17 मार्च 2018 के मध्य किया जायेगा।
- वर्तमान समय में बंगलुरू एफसी के कप्तान सुनील छेत्री हैं।

संबंधित लिंक

http://www.bengalurufc.com/fortress-gets-wall-dravid-becomes-bengaluru-fc-ambassador/

सईद अजमल

प्रश्न-हाल ही में किस पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया?

(a) शाहिद अफरीदी (b) सईद अजमल

(c) अब्दुल रज्जाक (d) मिस्बाह उल हक



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर 2017 को पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर सईद अजमल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया।
- इन्होंने पाकिस्तान की तरफ से 35 टेस्ट मैच और 113 वनडे मैच खेले हैं।
- टेस्ट मैचों में इन्होंने 178 और वनडे मैचों में 184 विकेट प्राप्त किए हैं।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/sports/cricket/saeed-ajmal-announces-retirement-from-all-forms-of-cricket-4936043/
http://www.espncricinfo.com/pakistan/content/story/1125991.html

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक दोहरा शतक जड़ने वाले प्रथम भारतीय क्रिकेटर

प्रश्न-हाल ही में किस क्रिकेटर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक 12वां दोहरा शतक लगाकर विजय मर्चेंट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया?



(a) गौतम गंभीर (b) अनमोलप्रीत सिंह

(c) गुरकीरत सिंह (d) चेतेश्वर पुजारा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- रणजी ट्रॉफी 2017-18 के एक मैच में चेतेश्वर पुजारा ने सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए झारखंड के विरुद्ध दोहरा शतक (204 रन) लगाया। (2 नवंबर, 2017)
- इसी के साथ पुजारा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक 12 दोहरे शतक लगाने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गये।
- इस दोहरे शतक से पूर्व क्रिकेटर विजय मर्चेंट के 11 दोहरे शतकों का रिकॉर्ड टूट गया।
- 3 तिहरे शतक भी घरेलु क्रिकेट में पुजारा के नाम हैं।
- प्रथम श्रेणी मैच में इनका व्यक्तिगत उच्चतम स्कोर 352 रन है।
- पुजारा ने प्रथम श्रेणी मैच में कुल 42 शतक और 43 अर्द्धशतक लगाए हैं।
- राहुल द्रविड़, सुनील गावस्कर और विजय हजारे ने प्रथम श्रेणी में 10 दोहरे शतक लगाए हैं।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/cheteshwar-pujara-double-hundred-ranji-trophy/1/1080697.html
https://timesofindia.indiatimes.com/sports/cricket/india-domestic/ranji-trophy/cheteshwar-pujara-records-12th-first-class-double-century-most-by-india-batsman/articleshow/61463719.cms
http://www.espncricinfo.com/india/content/player/32540.html

रूस का स्वर्ण पदक विजेता एथलीट आजीवन प्रतिबंधित

प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने रूस के किस एथलीट को आजीवन प्रतिबंधित कर दिया?



(a) सर्जी किर्यायाप्किन (b) अलेक्जेंडर लेगकोव

(c) वालेरी वोर्चिन (d) यूलिया गुश्चिना

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ (IOC) ने अपने एक निर्णय में सोच्चि शीतकालीन ओलंपिक, 2014 में स्वर्ण पदक विजेता रशियन एथलीट अलेक्जेंडर लेगकोव को डोप टेस्ट में अयोग्य घोषित कर दिया। (1 नवंबर, 2017)

- लेगकोव ने क्रास कंट्री दौड़ (50 किमी.) में स्वर्ण पदक जीता था, जिसे वापस ले लिया गया है।
- लेगकोव अब आगे किसी ओलंपिक में भाग नहीं ले सकेंगे।
- सोच्चि में इनके रिकॉर्ड को भी रद्द कर दिया गया है।

संबंधित लिंक

https://www.reuters.com/article/us-olympics-doping-sochi/two-russian-skiers-get-life-bans-over-sochi-games-doping-idUSKBN1D1562

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष पुनर्निवाचित

प्रश्न-30 अक्टूबर, 2017 को किसे पुनः भारतीय भारोत्तोलन महासंघ का अध्यक्ष पुनर्निवाचित किया गया है?

(a) महादेव प्रसाद (b) सहदेव यादव

(c) बीरेंद्र प्रसाद वैश्य (d) रमेश कुमार गुप्ता

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षकों की देख-रेख में भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWLF) के चुनाव नई दिल्ली में कराए गए। (30 अक्टूबर, 2017)
- वार्षिक आम बैठक में बीरेंद्र प्रसाद वैश्य को पुनः अध्यक्ष चुन लिया गया।
- महासंघ की नवगठित कार्यकारी समिति में सात उपाध्यक्षों के अतिरिक्त सहदेव यादव को महासचिव चुना गया।
- इस समिति का कार्यकाल 2017-21 तक होगा।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-sports/baishya-re-elected-iwlf-president/article19953153.ece
https://timesofindia.indiatimes.com/sports/more-sports/others/birendra-prasad-baishya-retained-president-of-iwlf/articleshow/61340945.cms
http://www.guwahatiplus.com/daily-news/birendra-prasad-baishya-re-elected-as-the-president-of-the-indian-weightlifting-federation

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट



प्रश्न-हाल ही में कौन भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट बनीं?

(a) आस्था सहगल (b) रूपा ए. (c) शुभांगी स्वरूप (d) दीपांशी स्वरूप

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को उत्तर प्रदेश की शुभांगी स्वरूप भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट बनीं।
- इसके अलावा नई दिल्ली की आस्था सहगल, पुडुचेरी की रूपा ए. और केरल की शक्ति माया एस. को नौसेना की नेवल आर्मामेंट इंस्पेक्टोरेट (NAI) शाखा में देश की पहली महिला अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

संबंधित लिंक

http://ddinews.gov.in/national/shubhangi-swaroop-indian-navys-first-woman-pilot

जिम्बाब्वे के नए राष्ट्रपति

प्रश्न-हाल ही में किसने जिम्बाब्वे के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की?



(a) एमर्सन नंगाग्वा (b) रॉबर्ट मुगाबे

(c) एम्मा मुगाबे (d) जैकब मुदेंद्रा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2017 को जिम्बाब्वे के पूर्व उपराष्ट्रपति एमर्सन नंगाग्वा (Emmerson Mnangagwa) ने देश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- इस पद पर उन्होंने रॉबर्ट मुगाबे का स्थान लिया।
- उल्लेखनीय है कि 22 नवंबर, 2017 को जिम्बाब्वे की सत्तारूढ़ पार्टी जेडएएनयू-पीएफ पार्टी के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद रॉबर्ट मुगाबे ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया।
- गौरतलब है कि देश में ब्रिटिश उपनिवेश की समाप्ति के बाद से वह 37 वर्षों तक देश के राष्ट्रपति रहे।

- 93 वर्षीय रॉबर्ट मुगाबे सबसे उम्रदराज राष्ट्राध्यक्ष रहे। वर्तमान समय में 91 वर्षीय ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ-II सबसे उम्रदराज राष्ट्राध्यक्ष हैं।

संबंधित लिंक

http://edition.cnn.com/2017/11/24/africa/mnangagwa-swearing-in-zimbabwe/index.html
http://www.bbc.com/news/world-africa-42100283
http://epaper.jagran.com/ePaperArticle/23-nov-2017-edition-Allahabad-City-page_17-2120-5154-79.html

यूनिसेफ की सेलिब्रिटी एडवोकेट

प्रश्न-हाल ही में किसको यूनिसेफ की सेलिब्रिटी एडवोकेट का दर्जा प्रदान किया गया?

(a) साइना नेहवाल (b) तृषा कृष्णन (c) पी.वी. सिन्धु (d) लिली सिंह



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2017 को प्रसिद्ध तमिल अभिनेत्री तृषा कृष्णन को यूनिसेफ की सेलिब्रिटी एडवोकेट का दर्जा प्रदान किया गया।
- वह किशोरों और युवाओं सहित बच्चों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगी।
- इसके अलावा वह विशेषतौर पर तमिलनाडु और केरल में एनीमिया से ग्रसित बच्चों, बाल विवाह, बाल श्रम और बाल उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगी।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/cities/chennai/trisha-becomes-unicef-celebrity-advocate/article20607385.ece

न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी

प्रश्न-हाल ही में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी किस न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पुनः निर्वाचित हुए?

(a) अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय
(b) अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ)
(c) अंतरराष्ट्रीय युद्ध अपराध न्यायालय
(d) अंतरराष्ट्रीय दंड न्यायालय



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2017 को न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के न्यायाधीश के रूप में पुनः निर्वाचित हुए।
- न्यायमूर्ति भंडारी को 12वें राउंड में 193 में से 183 मत और सुरक्षा परिषद में उन्हें 15 मत प्राप्त हुए थे।

- उनका मुकाबला ब्रिटेन के क्रिस्टोफर ग्रीनवुड से था।
- उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के पांचवे जज का मुकाबला बेहद दिलचस्प था।
- चुनाव प्रक्रिया में 11वें मुकाबले तक न्यायमूर्ति भंडारी महासभा में तो आगे थे परंतु सुरक्षा परिषद में उनके पास ग्रीनवुड से कम वोट थे।
- लेकिन 12वें दौर में हार सामने देखते हुए ग्रीनवुड खुद ही चुनाव प्रक्रिया से हट गए।
- गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीश बनने के लिए महासभा और सुरक्षा परिषद दोनों में जीत दर्ज करना बेहद आवश्यक है।
- वर्तमान में न्यायमूर्ति भंडारी आईसीजे में बतौर न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं जिनका कार्यकाल फरवरी, 2018 में समाप्त होने वाला था।
- अब उन्हें पुनः 9 वर्ष के एक और कार्यकाल के लिए निर्वाचित किया गया।
- ज्ञातव्य है कि पहली बार उन्हें अप्रैल, 2012 में आईसीजे का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।
- अंतरराष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र की प्राथमिक न्यायिक शाखा है, जिसकी स्थापना जून, 1945 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय द हेग, नीदरलैंड्स में है।
- इसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा सुरक्षा परिषद द्वारा निर्वाचित 15 न्यायाधीश होते हैं, जिनका कार्यकाल 9 वर्ष होता है।
- वर्तमान में आईसीजे के अध्यक्ष रॉनी अब्राहम हैं।
- आईसीजे में ही पाकिस्तानी जेल में बंद पूर्व नौसेना अधिकारी कुलभूषण जाधव के मामले की सुनवाई चल रही है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/international/faced-with-defeat-uk-withdraws-india-wins-international-court-of-justice-seat/article20609566.ece
https://navbharattimes.indiatimes.com/education/gk-/dalveer-bhandari-re-elected-to-judge-of-icj-know-about-him/articleshow/61737485.cms
http://www.icj-cij.org/en/history
http://www.icj-cij.org/files/members-of-the-court-biographies/bhandari_en.pdf

प्रिय रंजन दासमुंशी

प्रश्न-हाल ही में प्रिय रंजन दासमुंशी का निधन हो गया। वह थे-

(a) पत्रकार (b) राजनीतिज्ञ (c) अभिनेता (d) पर्यावरणविद्



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2017 को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रिय रंजन दासमुंशी का निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे।

- वह वर्ष 2008 से ही कोमा में थे।
- वह पहली बार वर्ष 1971 में दक्षिणी कोलकाता लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे।
- इसके बाद वह वर्ष 1884 में हावड़ा लोकसभा सीट से सांसद चुने गये।
- वर्ष 1999 तथा 2004 में वह रायगंज लोकसभा सीट से सांसद रहे।
- इसके अलावा, वह वर्ष 2004 से 2008 तक केंद्रीय संसदीय कार्य तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री थे।
- वह लगभग 20 वर्षों तक ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष रहे।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173668

न्यायमूर्ति भगवती प्रसाद

प्रश्न-हाल ही में न्यायमूर्ति भगवती प्रसाद का निधन हो गया। वह किस राज्य के पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे?

(a) इलाहाबाद उच्च न्यायालय (b) झारखंड उच्च न्यायालय

(c) दिल्ली उच्च न्यायालय (d) गुजरात उच्च न्यायालय



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2017 को झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भगवती प्रसाद का निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे।
- वह गुजरात राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष थे।
- इसके अलावा, वह राजस्थान तथा गुजरात उच्च न्यायालयों में भी न्यायाधीश रहे।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/justice-bhagwati-prasad-passes-away/1/1093051.html
http://jharkhandhighcourt.nic.in/Bhagwati_Prasad.html

देबजानी घोष

प्रश्न-हाल ही में इंटेल साउथ एशिया की पूर्व प्रबंध निदेशक देबजानी घोष किस संगठन की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त हुईं?

(a) नैस्कॉम (b) फिक्की (c) एसोचैम (d) सीआईआई



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को इंटेल साउथ एशिया की पूर्व प्रबंध निदेशक देबजानी घोष नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त हुईं।

- इस पद पर वह आर. चंद्रशेखर का स्थान लेंगी, जिनका कार्यकाल मार्च, 2018 में समाप्त हो जाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.nasscom.in/sites/default/files/media_pdf/Debjani-Ghosh-Appointed-As-Nasscom-President-designate.pdf

रवि बांगड़

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रवि बांगड़ को किस देश में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया?

(a) नॉर्वे (b) इक्वाडोर (c) चीन (d) रूस



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रवि बांगड़ को इक्वाडोर में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया।
- वह वर्ष 1982 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह कोलंबिया में भारत के राजदूत हैं।

संबंधित लिंक

http://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29107/Ravi+Bangar+concurrently+accredited+as+the+next+Ambassado

सुरेश चुक्कापल्ली

प्रश्न-हाल ही में किस देश द्वारा तेलंगाना राज्य पर कांसुलर क्षेत्राधिकार के साथ सुरेश चुक्कापल्ली को हैदराबाद में मानद कांसुल-जनरल के रूप में नियुक्त किया गया है?

(a) ब्रिटेन (b) फ्रांस (c) कोरिया गणराज्य (d) जर्मनी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को फीनिक्स ग्रुप के चेयरमैन सुरेश चुक्कापल्ली (Chukka Palli) को कोरिया गणराज्य द्वारा तेलंगाना राज्य पर कांसुलर क्षेत्राधिकार के साथ हैदराबाद में मानद कांसुल-जनरल के रूप में नियुक्त किया गया।
- नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया।
- सुरेश चुक्कापल्ली लैंको ग्रुप के पूर्व निदेशक और संस्थापक प्रमोटर रहे हैं।
- इसके अलावा वह सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन, व्यापार और उद्योग संघ सहित विभिन्न निकायों से जुड़े थे।

- दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार संबंधों को विकसित करने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने हेतु शीघ्र ही हैदराबाद में मानद वाणिज्य दूतावास जनरल कार्यालय खोला जाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.phoenixindia.net/leadership.html#gallery-details-1
http://www.thehindubusinessline.com/news/suresh-chukkapalli-appointed-as-consul-general-of-korea/article9934663.ece

अजय बिसारिया

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अजय बिसारिया को किस देश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया?



(a) बांग्लादेश (b) ऑस्ट्रेलिया (c) श्रीलंका (d) पाकिस्तान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 अक्टूबर, 2017 को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अजय बिसारिया को पाकिस्तान में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया।
- वह वर्ष 1987 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह पोलैंड गणराज्य में भारत के राजदूत हैं।

संबंधित लिंक

http://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29080/Ajay_Bisaria_appointed_as_the_next_High_Commissioner_of_Indi

कुंवर नारायण

प्रश्न-हाल ही में हिंदी के वरिष्ठ कवि कुंवर नारायण का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?



(a) वर्ष-2009 (b) वर्ष-2005 (c) वर्ष-2008 (d) वर्ष-2002

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2017 को हिंदी के वरिष्ठ कवि कुंवर नारायण का निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 19 सितंबर, 1927 को फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) में हुआ था।
- उन्हें वर्ष 1995 में साहित्य अकादमी (कविता संग्रह 'कोई दूसरा नहीं' के लिए) वर्ष 2005 में ज्ञानपीठ पुरस्कार और वर्ष 2009 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था।
- उनके प्रमुख कविता संग्रह 'चक्रव्यूह', 'तीसरा सप्तक', 'परिवेशः हम-तुम', 'आत्मजयी', 'आकारों के आस-पास', 'अपने सामने', 'वाजश्रवा के बहाने', 'कोई दूसरा नहीं' और 'इन दिनों' हैं।

संबंधित लिंक

http://www.ptinews.com/news/9238581_Padma-Bhushan-Hindi-poet-Kunwar-Narayan-dead-at-90.html

कीर्ति निधि विष्ट

प्रश्न-हाल ही में कीर्ति निधि विष्ट का निधन हो गया। वह किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे?

(a) बांग्लादेश (b) सूरीनाम (c) मलेशिया (d) नेपाल



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2017 को नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री कीर्ति निधि विष्ट का निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1969-1970, 1971-1973 और 1977-1979 के मध्य नेपाल के प्रधानमंत्री रहे।

संबंधित लिंक

http://ddinews.gov.in/international/former-nepal-pm-kirti-nidhi-bista-passes-away
http://www.business-standard.com/article/news-ians/kirti-nidhi-bista-nepal-s-three-time-pm-dead-117111101040_1.html
http://www.easternmirrornagaland.com/kirti-nidhi-bista-nepals-three-time-pm-dead-2/

ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने इस्तीफा दिया

प्रश्न-1 नवंबर, 2017 को ब्रिटेन के रक्षामंत्री ने इस्तीफा दे दिया, वे हैं-

(a) माइकल आर्थर (b) गेविन विलियम्सन

(c) माइकल फैलॉन (d) थॉमस गोम्स



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को ब्रिटेन के रक्षा मंत्री माइकल फैलॉन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- वह प्रधानमंत्री थेरेसा मे के मंत्रिमंडल के पहले बड़े नेता हैं, जिन्होंने गलत आचरण के आरोप के बाद इस्तीफा दिया।
- उन्होंने स्वीकार किया कि 15 वर्ष पहले कंजर्वेटिव पार्टी के सम्मेलन में एक रेडियो प्रस्तोता के साथ गलत व्यवहार किया था।
- इनके बाद गेविन विलियम्सन नए रक्षा मंत्री बनाए गए हैं।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/news/uk-politics-41841887
https://www.gov.uk/government/news/statement-from-defence-secretary-gavin-williamson
https://www.gov.uk/government/news/ministerial-appointments-2-november-2017

http://edition.cnn.com/2017/11/01/europe/michael-fallon-uk-defense-secretary-resigns/index.html

कर्नाटक की पहली महिला पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक

प्रश्न-हाल ही में किसे कर्नाटक की पहली महिला पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है?

(a) नीलमणि एन. राजू (b) किरण बाला

(c) रजनी महापात्र (d) शशिकला कुमारन



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1983 बैच की आईपीएस अधिकारी नीलमणि एन. राजू को कर्नाटक की पहली पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। (31 अक्टूबर, 2017)
- उन्होंने रूपक कुमार दत्त का स्थान ग्रहण किया।
- कर्नाटक की पहली DG-IGP नियुक्त होने से पूर्व नीलमणि (57 वर्ष) पुलिस महानिदेशक (आंतरिक सुरक्षा) थीं।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/neelamani-n-raju-is-karnatakas-first-woman-police-chief/article19956049.ece

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के नए महानिदेशक

प्रश्न-हाल ही में किसे पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है?

(a) रवींद्र कुमार (b) आर.सी. ढोलकिया

(c) ए.पी. महेश्वरी (d) किरण कुमार शर्मा



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2017 को केंद्र सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल (BSF) के विशेष महानिदेशक ए.पी. महेश्वरी को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति उनके सेवानिवृत्ति 28 फरवरी, 2021 तक या अगले आदेश तक की गई है।
- उन्होंने इस पद पर मीरान सी. बोरवांकर का स्थान ग्रहण किया।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/a-p-maheshwari-appointed-dg-bureau-of-police-research/1/1078575.html
http://www.business-standard.com/article/pti-stories/a-p-maheshwari-appointed-dg-bureau-of-police-research-117103001025_1.html

टाटा स्टील के पहले वैश्विक प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

प्रश्न -हाल ही में किसे टाटा स्टील का पहला वैश्विक प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पदोन्नत किया गया है?

(a) प्रमोद नारायण (b) टी.वी. नरेंद्रन

(c) किशोर अमोनकर (d) शेषमणि कुमार



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- टी.वी. नरेंद्रन को टाटा स्टील लिमिटेड का पहला वैश्विक प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) बनाया गया है।
- कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा नरेंद्रन को 30 अक्टूबर, 2017 को आयोजित बोर्ड बैठक में पदोन्नति दी गई।
- नरेंद्रन को नवंबर, 2013 में प्रबंध निदेशक (भारत एवं द. पूर्व एशिया) नियुक्त किया गया था।
- चार साल के इनके कार्यकाल में टाटा स्टील ने कामयाबी के साथ भारत में सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक कलिंगनगर स्टील संयंत्र (ग्रीन फील्ड परियोजना) चालू किया।
- साथ ही इन्होंने वाहन उद्योग के लिए उच्च कीमत वाली स्टील मुहैया कराने की क्षमता में इजाफा किया।
- कौशिक चटर्जी को पुनः पांच साल के लिए कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया गया, जो 9 नवंबर, 2017 से प्रभावी होगा।
- इनका मौजूदा कार्यकाल 8 नवंबर, 2017 को समाप्त हो रहा है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/business/Industry/tata-steel-elevates-t-v-narendran-as-global-ceo-md/article19955923.ece
http://www.tatasteel.com/media/5435/announcement31102017.pdf
http://www.businesstoday.in/current/corporate/tata-steel-promotes-tv-narendran-as-global-ceo-and-md/story/262940.html

वरिष्ठ पत्रकार एवं बंगलुरू दूरदर्शन के पूर्व निदेशक का निधन

प्रश्न-हाल ही में वरिष्ठ पत्रकार एवं बंगलुरू दूरदर्शन के पूर्व निदेशक का निधन हो गया। वह थे-

(a) खाद्री अच्युतन (b) डी. रामास्वामी (c) शिव रामादुरई (d) विजय केलकर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2017 को 72 वर्षीय पत्रकार एवं बंगलुरू दूरदर्शन के पूर्व महानिदेशक खाद्री अच्युतन का बंगलुरू में निधन हो गया।

- इन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत कन्नड़ दैनिक 'संयुक्त कर्नाटक' में उप संपादक के रूप में की थी।
- उन्होंने बंगलुरू दूरदर्शन केंद्र में कन्नड़ समाचार निदेशक के रूप में भी कार्य किया।
- उन्हें कर्नाटक पत्रिका अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

संबंधित लिंक

https://news.webindia123.com/news/Articles/India/20171030/3209451.html
http://www.newindianexpress.com/states/karnataka/2017/oct/31/writer-and-journalist-khadri-achyuthan-dies-at-71-1687753.html

अमेरिका की सबसे युवा वैज्ञानिक

प्रश्न-हाल ही में किसने अमेरिका की सबसे युवा वैज्ञानिक होने का खिताब अपने नाम कर लिया?

(a) अनीता कौर (b) सुनील सूरी (c) गीतांजलि राव (d) गीता सन्याल



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 अक्टूबर, 2017 को भारतीय मूल की अमेरिकी गीतांजलि राव ने 'डिस्कवरी एजुकेशन एंड 3M यंग साइंटिस्ट चैलेंज' प्रतियोगिता जीतने का गौरव प्राप्त किया।
- उन्हें यह पुरस्कार एक संवेदक (Senor) विकसित करने के लिए प्रदान किया गया है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में सटीकता से पानी में सीसे की मात्रा पहचान सकता है।
- गीताजंलि ने उपकरण का नाम शुद्ध जल की ग्रीक देवी 'टेथीज' (Tethys) के नाम पर रखा है।
- इस उपकरण को कहीं भी ले जाया जा सकता है और मोबाइल ऐप से जोड़कर पानी में सीसे की मात्रा का तत्काल पता लगाया जा सकता है।
- उसकी यह खोज अमेरिका के मिशिगन प्रांत के फ्लिंट शहर में 2014-15 में दूषित हुए पानी पर आधारित है।

संबंधित लिंक

http://www.businessinsider.in/An-11-year-old-has-become-Americas-Top-Young-Scientist-for-her-sensor-detecting-lead-in-water/articleshow/61135594.cms
http://journal.peerscientist.com/11-year-old-gitanjali-rao-won-americas-top-young-scientist-award-sensor-detecting-lead-water/
http://www.bbc.com/hindi/international-41689687

भारतीय नौसेना के नए उपप्रमुख

प्रश्न-30 अक्टूबर को किसने भारतीय नौसेना के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया?

(a) सुजीत सिंह (b) प्रभजोत सिंह



(c) अजित कुमार पी (d) सुरेंद्र खन्ना

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2017 को वाइस एडमिरल अजित कुमार पी ने वाइस एडमिरल करमबीर सिंह से नौसेना उपप्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया।
- वाइस एडमिरल करमबीर सिंह ने 31 अक्टूबर, 2017 को विशाखापत्तनम स्थित नौसेना की पूर्वी कमान में फ्लैग ऑफिसर कमाडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण कर लिया।
- भारतीय रक्षा अकादमी से पास आउट अजित कुमार पी मिसाइल्स और तोपखाना में विशेषज्ञ हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=172034
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=67900
http://indiatoday.intoday.in/story/vice-admiral-ajit-kumar-takes-charge-as-new-vice-chief-of-navy/1/1078654.html

राष्ट्रपति के नए निजी सचिव नियुक्त

प्रश्न-हाल ही में किसे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का नया निजी सचिव नियुक्त किया गया है?

(a) सुनील सिंह (b) अनिल कुमार (c) एम.सी. बोरवांकर (d) विक्रम सिंह



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2017 को रेलवे अधिकारी विक्रम सिंह को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का निजी सचिव नियुक्त किया गया है।
- विक्रम सिंह इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के 1997 बैच के अधिकारी हैं।
- कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति ने दो वर्ष की अवधि के लिए उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/vikram-singh-appointed-private-secretary-to-president-117103001056_1.html
http://www.jagran.com/news/national-railway-officer-vikram-singh-appointed-ps-to-president-16942313.html

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व महाप्रबंधक का निधन

प्रश्न-हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व महाप्रबंधक का निधन हो गया। वे थे-

(a) रामेश्वर कुमार (b) जयंत सक्सेना (c) ई. श्रीधरन (d) एम.वी. श्रीधर



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2017 को हैदराबाद के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के पूर्व महाप्रबंधक (क्रिकेट संचालन) एम.वी. श्रीधर का हैदराबाद में निधन हो गया।
- हाल ही में 27 सितंबर को उन्होंने महाप्रबंधक पद से इस्तीफा दिया था।
- श्रीधर ने हैदराबाद के लिए वर्ष 1988 से 1999 के मध्य 97 प्रथम श्रेणी मैच खेल थे।

संबंधित लिंक

http://www.deccanchronicle.com/sports/cricket/301017/ex-bcci-general-manager-cricket-operations-mv-sridhar-dies-at-51-due-to-heart-attack.html
https://khabar.ndtv.com/news/cricket/former-bcci-general-manager-mv-sridhar-dies-1768967
http://www.espncricinfo.com/india/content/player/34097.html

गाजियाबाद नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर

प्रश्न-हाल ही में किसे गाजियाबाद नगर निगम का ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया गया है?

(a) सुरेश रैना (b) आर.पी. सिंह (c) मुस्तफा कमाल (d) अशीष कुमार



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2017 को भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना को गाजियाबाद नगर निगम (GMC) का ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया गया है।
- इसके साथ ही गाजियाबाद निवासी रैना को 'स्वच्छ भारत मिशन' का भी ब्रांड एंबेसेडर चुना गया है।
- स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक एवं संयुक्त सचिव वी.के. जिंदल ने यह जानकारी दी।
- गाजियाबाद नगर निगम, उत्तर प्रदेश के उन 16 नगर निगमों में से एक है जिन्हें खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/city/noida/raina-brand-ambassador-for-swachh-drive-in-gzb/articleshow/61328304.cms
https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/ghaziabad-cricketer-suresh-raina-made-brand-ambassador-of-ghaziabad-1150616.html
http://www.amarujala.com/delhi-ncr/suresh-raina-became-the-brand-ambassador-of-ghaziabad-municipal-corporation

सब टीवी चैनल के सह-संस्थापक का निधन



प्रश्न-हाल ही में सब टीवी चैनल के सह-संस्थापक का निधन हो गया। वे थे-

(a) मयंक सिंह (b) सुनील दत्ता (c) अभयराज सिंह (d) गौतम अधिकारी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- शीर्ष निर्माता और सब टीवी चैनल के सह-संस्थापक गौतम अधिकारी का 27 अक्टूबर, 2017 को मुंबई में निधन हो गया।
- उन्होंने अपने भाई मार्कंड अधिकारी के साथ वर्ष 1985 में 'श्री अधिकारी ब्रदर्स' (SAB) ग्रुप शुरू किया था।
- वर्ष 1995 में BSE में सूचीबद्ध होने के बाद यह भारत की पहली सार्वजनिक-सूचीबद्ध टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी बन गई थी।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/entertainment/television/gautam-adhikari-co-owner-of-sab-tv-dies-at-67-4908661/
http://www.business-standard.com/article/current-affairs/sab-tv-co-founder-gautam-adhikari-suffers-heart-attack-dies-at-67-117102700704_1.html
https://hindi.filmibeat.com/news/sab-tv-co-founder-gautam-adhikari-dies-at-67-067708.html

चर्चित स्थल

भारत का पहला मेगा तटीय आर्थिक क्षेत्र

प्रश्न-भारत का पहला मेगा तटीय आर्थिक क्षेत्र किस राज्य में स्थापित किया जायेगा?



(a) महाराष्ट्र (b) गोवा (c) गुजरात (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह में भारत के पहले मेगा तटीय आर्थिक क्षेत्र की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की।
- इस आर्थिक क्षेत्र के निर्माण से देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने एवं ज्यादा रोजगार उत्पन्न करने के अवसर प्राप्त होंगे।
- दूरसंचार, ऑटो और आईटी क्षेत्र की लगभग 45 कंपनियां इस क्षेत्र में विनिर्माण इकाइयों की स्थापना हेतु जल्द ही 200 हेक्टेयर भूमि की बोली लगायेंगी।

- इस योजना के पहले चरण हेतु 15,000 करोड़ रुपये का कुल निवेश तथा 1.5 लाख से अधिक रोजगार के सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- इसका लक्ष्य निर्यात कंपनियों की सेवाएं देने में रुचि रखने वाली बड़ी कंपनियों को आकर्षित करना है क्योंकि वे साथ में प्रौद्योगिकी, पूंजी, अच्छे प्रबंधन और विश्व बाजार हेतु संपर्क भी लाएंगी।
- इस क्षेत्र के विकसित होने से लघु और मध्य पूंजीकरण की कंपनियों के विकास हेतु एक पारितंत्र बनाने में मदद मिलेगी।
- विगत वर्ष केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सागरमाला परियोजना के तहत 14 मेगा तटीय आर्थिक क्षेत्र की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की गई थी।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/education/story/first-mega-cez-india/1/1091759.html
http://www.ibtimes.co.in/45-companies-bid-indias-first-mega-coastal-economic-zone-749612
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/infrastructure/decks-cleared-for-first-mega-cez-45-companies-may-invest-rs-15k-crore-in-phase-i/articleshow/61663755.cms

उत्तरी सिनाई प्रांत में आतंकवादी हमला

प्रश्न-हाल ही में किस देश के उत्तरी सिनाई प्रांत में जुमे की नमाज के दौरान एक मस्जिद पर हमला हुआ?

(a) नाइजीरिया (b) चीन (c) सीरिया (d) मिस्र

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2017 को मिस्र के अशांत उत्तरी सिनाई प्रांत के अलआरिश शहर में आतंकवादियों ने जुमे की नमाज के दौरान अल रवादा सूफी मस्जिद पर हमला किया।
- इस हमले में लगभग 235 लोगों की मौत हो गई तथा लगभग 100 से अधिक लोग घायल हो गए।
- हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी आतंकवादी संगठन ने नहीं ली है।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/news/world-middle-east-42110223
http://edition.cnn.com/2017/11/24/africa/egypt-sinai-mosque-attack/index.html

नेशनल बायोमैटिरियल केंद्र का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहां स्थित नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (NOTTO) में नेशनल बायोमैटिरियल केंद्र का उद्घाटन किया?

(a) जयपुर (b) बंगलुरू (c) नई दिल्ली (d) कोलकाता



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सफदरजंग हास्पिटल, नई दिल्ली में स्थित नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (NOTTO) में नेशनल बायोमैटिरियल केंद्र (नेशनल टिशू बैंक) का उद्घाटन किया।
- इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य मांग और आपूर्ति के बीच की खाई को पाटना और विभिन्न टिशुओं की उपलब्धता के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173749
http://www.medicalbuyer.co.in/index.php/daily-news/15328-anupriya-patel-inaugurates-the-national-biomaterial-center
http://notto.nic.in/contact-us.htm

भारत का पहला कार्टून नेटवर्क मनोरंजन थीम पार्क

प्रश्न-हाल ही में टर्नर इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने किस स्थान पर भारत का पहला कार्टून नेटवर्क मनोरंजन थीम पार्क स्थापित करने के लिए राजग्रीन ग्रुप ऑफ कंपनीज के साथ साझेदारी की है?



(a) बंगलुरू (b) राजकोट
(c) सूरत (d) जयपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में टर्नर इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सूरत में भारत का पहला कार्टून नेटवर्क मनोरंजन थीम पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात की एक निजी कंपनी के साथ ब्रांड साझेदारी की।
- टर्नर इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने राजग्रीन ग्रुप ऑफ कंपनीज के साथ साझेदारी की है।
- इस पार्क का नाम 'अमाजिया' (Amaazia) होगा।
- यह विशाल पार्क 61,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विस्तारित होगा।
- राजग्रीन ग्रुप इस पार्क पर 450 करोड़ रुपये की राशि निवेश करेगा।
- यह पार्क वर्ष 2019 की पहली तिमाही में चालू होने की संभावना है।
- पार्क की डिजाइन और संकल्पना सैन्डर्सन समूह, ऑस्ट्रेलिया द्वारा तैयार की गई है।
- टर्नर की वैश्विक स्तर पर यह तीसरी इस प्रकार की व्यवस्था है।
- कार्टून नेटवर्क के लोकप्रिय पात्र बेन 10, द पावरपफ गर्ल्स और एडवेंचर टाइम इस मनोरंजन पार्क का हिस्सा होंगे।
- इससे पूर्व इसने इसी के समयरूप मॉडल आईएमजी दुबई और सीएन एमाजोन (Amazon) वाटर पार्क, थाइलैंड में स्थापित किया है।

- इस पार्क में 33 थीम आधारित आकर्षण और 20 वाटर स्लाइड्स होंगे।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-in-school/cartoon-network-s-theme-park-to-open-in-surat/article20136946.ece
https://economictimes.indiatimes.com/industry/media/entertainment/indias-first-cartoon-network-theme-park-to-come-up-in-surat/articleshow/61589457.cms

उत्तर कोरिया

प्रश्न-हाल ही में किस देश ने उत्तर कोरिया को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित किया?



(a) ब्रिटेन (b) फ्रांस (c) अमेरिका (d) दक्षिण कोरिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर कोरिया को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित किया।
- व्हाइट हाउस में इसी दिन हुई कैबिनेट की बैठक में इसकी घोषणा की गई।
- इस कदम से ट्रंप प्रशासन उत्तर कोरिया पर उसके परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के संदर्भ में और अधिक प्रतिबंध लगा पाएगा।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2008 में जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन ने उत्तर कोरिया को आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की सूची से हटा दिया था।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/news/world-us-canada-42058686
https://www.usatoday.com/story/news/politics/2017/11/20/trump-declares-north-korea-state-sponsor-terrorism/880989001/

रवांडा

प्रश्न-रवांडा क्रिकेट स्टेडियम फाउंडेशन की स्थापना किसने की थी?



(a) एल्बी मोर्केल्स (b) जेनिफर किंग

(c) एल्बी शेल (d) क्रिश्चियन मार्टिन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2017 को रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कगामे (Paul Kagame) द्वारा देश में नवनिर्मित पहले क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया गया।
- गहांगा (Gahanga) क्रिकेट स्टेडियम रवांडा की राजधानी किगाली में स्थित है।
- इसका निर्माण 4.5 हेक्टेयर क्षेत्र में किया गया है।

- इसकी निर्माण लागत राशि 1.3 मिलियन डॉलर (1.1 मिलियन यूरो) है।
- यह राशि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों द्वारा मुहैया कराई गई है।
- ज्ञातव्य है कि रवांडा क्रिकेट स्टेडियम फाउंडेशन की स्थापना एल्बी शेल ने की थी।
- रवांडा के राष्ट्रीय क्रिकेट संघ के अनुमान के अनुसार इस स्टेडियम में वर्तमान में लगभग 4000 लोग क्रिकेट खेल सकते हैं।
- नया स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्मित किया गया है, जो पूर्वी अफ्रीका में अपनी टेस्ट का एक अलग स्टेडियम है।
- रवांडा के राष्ट्रीय टीम के कप्तान एरिक डुसिंगीजिमाना ने विगत वर्ष स्टेडियम के लिए धन जुटाने के उद्देश्य हेतु नेट्स पर लगातार 51 घंटे बल्लेबाजी करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।


संबंधित लिंक

http://www.news18.com/cricketnext/news/rwanda-gets-first-international-cricket-stadium-1560299.html
http://www.dailymail.co.uk/wires/afp/article-5027347/Rwanda-gets-cricket-stadium.html

विश्व का पहला तैरता हुआ शहर

प्रश्न-विश्व का पहला तैरता हुआ शहर किस देश में निर्मित किया जाएगा?

(a) कनाडा (b) मेक्सिको (c) फ्रांस (d) ऑस्ट्रेलिया



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में फ्रांस की सरकार द्वारा शोधकर्त्ताओं के साथ मिलकर प्रशांत महासागर में तैरता हुआ शहर बनाने का निर्णय किया गया।
- फ्रांस के दक्षिण प्रशांत महासागर में तैरता हुआ शहर निर्मित किया जाएगा।
- यह विश्व का पहला तैरता हुआ शहर होगा।
- फ्रेंच पॉलीनेशिया सरकार द्वारा इस शहर को तैयार किया जाएगा।
- फ्रेंच सरकार को उम्मीद है कि वे इस शहर का निर्माण वर्ष 2020 तक पूरा कर लेंगे।
- इस शहर में खेतों, स्वास्थ्य देखभाल, मेडिकल रिसर्च सेंटर और टिकाऊ ऊर्जा देने वाले पावर हाउस होंगे।
- यहां होटल, रेस्टोरेंट और दफ्तरों का भी निर्माण किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि विश्व के इस पहले तैरते हुए शहर की स्थापना हेतु फ्रांस की पॉलीनेशिया सरकार और सेस्टेडिंग इंस्टीट्यूट के बीच जनवरी, 2017 में समझौता हुआ था।

भारत का सबसे बड़ा सीडीक्यू प्लांट

प्रश्न-हाल ही में टाटा स्टील द्वारा भारत का सबसे बड़ा सीडीक्यू प्लांट किस राज्य में स्थापित किया गया?



(a) प. बंगाल (b) ओडिशा (c) छत्तीसगढ़ (d) झारखंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2017 को टाटा स्टील ने भारत का सबसे बड़ा सीडीक्यू प्लांट (CDQ: Coke Dry Ouenching) ओडिशा में स्थापित किया।
- यह प्लांट ओडिशा के जाजपुर जिले के कलिंगानगर औद्योगिकी काम्प्लेक्स में स्थापित किया गया।
- इस सीडीक्यू प्लांट का आपूर्तिकर्ता व तकनीकी भागीदार जापान की 'निप्पन स्टील एंड समकिन इंजीनियरिंग' है और इसका संचालन एस्सार समूह द्वारा किया जा रहा है।
- सीडीक्यू एक छीट रिकवरी प्रणाली है जहां कोयले को गर्म करके ठंडा किया जाता है।
- प्लांट में कोयले को 1000oC तापमान पर गर्म करके उसे ठंडा किया जाता है और उसे अक्रिय गैसों के साथ मिलाकर रख दिया जाता है।
- इस कोयले से बिजली बनायी जाती है जो अधिक ऊर्जा कुशल और पर्यावरण हितैषी है।
- इस प्लांट की एक घंटे में 200 मीट्रिक टन कोयले का निष्पादन करने की क्षमता है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/business/Industry/indias-largest-cdq-facility-at-tata-steel-kalinganagar/article19991816.ece

धर्मपुरा हवेली

प्रश्न-हाल ही में धर्मपुरा हवेली को यूनेस्को ने एशिया पैसिफिक अवार्ड्स फॉर कल्चरल हेरिटेज कन्जर्वेशन से सम्मानित किया है। यह हवेली कहां स्थित है?



(a) दिल्ली में (b) हिमाचल प्रदेश में

(c) मध्य प्रदेश में (d) राजस्थान में

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को नई दिल्ली के चांदनी चौक स्थित धर्मपुरा हवेली को यूनेस्को द्वारा एशिया पैसिफिक अवार्ड्स फॉर कल्चरल हेरिटेज कन्जर्वेशन से सम्मानित किया गया।
- यह पहला अवसर है जब संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने दिल्ली की किसी इमारत को यह सम्मान प्रदान किया है।

- इस हवेली में वर्तमान में एक निजी कंपनी द्वारा होटल संचालित किया जा रहा है।
- वर्तमान में इस हवेली का स्वामित्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के पास है।
- इसे गोयल हवेली के नाम से भी जाना जाता है।

संबंधित लिंक

https://en.unesco.org/news/unesco-bangkok-announces-2017-asia-pacific-awards-cultural-heritage-conservation
http://indiatoday.intoday.in/story/haveli-dharampura-wellington-fountain-win-unesco-recognition/1/1092023.html

देश का पहला इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

प्रश्न-हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. ने कहां पर देश के पहले इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया?

(a) जयपुर (b) नागपुर (c) हैदराबाद (d) लखनऊ



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2017 को सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. ने आइबीआई स्क्वायर, नागपुर (महाराष्ट्र) में अपने एक पेट्रोल पंप पर देश के पहले इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।
- आईओसीएल (IOCL) ने एप आधारित टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी ओला के सहयोग से इस स्टेशन को स्थापित किया।
- उल्लेखनीय है कि नागपुर देश का पहला शहर है जहां इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली (Electric Public Transportation Model) को शुरू किया गया है।

संबंधित लिंक

https://www.iocl.com/AboutUs/NewsDetail.aspx?NewsID=47346&tID=8

मध्य भारत का पहला फॉल्स सिलिंग स्किल ट्रेनिंग सेंटर

प्रश्न-मध्य भारत का पहला फॉल्स सिलिंग और ड्रायवॉल स्किल ट्रेनिंग सेंटर कहां खोला गया?

(a) सरगुजा (b) बिलासपुर (c) आरा (d) माधवगढ़

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2017 को मध्य भारत का पहला फॉल्स सिलिंग और ड्रायवॉल स्किल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के आरा में खोला गया।
- इस सेंटर का उद्घाटन लोकसभा सांसद विष्णुदेव साय ने किया।
- यह सेंटर पेस एवं जिप्रॉक की मदद से खोला गया।
- ज्ञातव्य है कि आज के दौर में एक सुंदर घर हर किसी की चाहत है और घरों की सुंदरता बढ़ाने हेतु फॉल्स सिलिंग का निर्माण एक आम बात हो गई है।

संबंधित लिंक

http://bit.do/false-ceiling

इस्राइल सेंटर का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में इस्राइल सेंटर की स्थापना किस शिक्षण संस्थान में की गई?

(a) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (b) दिल्ली विश्वविद्यालय

(c) भारतीय प्रबंधन संस्थान, बंगलुरू (d) भारतीय विज्ञान संस्थान, चेन्नई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर 2017 को इस्राइल के वाणिज्य दूतावास द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान, (आईआईएम) बंगलुरू में इस्राइली सेंटर का शुभारंभ किया गया।
- इस केंद्र का उद्घाटन इस्राइल के राजदूत डेनियल कार्मोन ने किया।
- इस केंद्र की स्थापना भारत-इस्राइल साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर की गई।
- केंद्र के निर्माण का उद्देश्य भारत-इस्राइल के मध्य शैक्षिक एवं व्यापारिक सहयोग को बढ़ाना है।
- इस इस्राइली सेंटर के अध्यक्ष अभोय के. ओझा हैं।

संबंधित लिंक

http://www.iimb.ac.in/node/17925
https://unitedwithisrael.org/prestigious-business-school-in-india-opens-israel-center/
http://nocamels.com/2017/11/indian-business-school-launch-israel-center/
http://www.bloncampus.com/b-school-corner/ties-between-india-israel-get-further-boost-with-launch-of-israel-centre-at-iimb-on-nov-5/article9935119.ece

रियाद हवाई अड्डे पर हमला

प्रश्न-हाल ही में हूथी विद्रोहियों ने सऊदी अरब के रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल से हमला किया। यह विद्रोही संगठन किस देश से संबंधित है?



(a) सीरिया (b) यमन (c) सोमालिया (d) मिस्र

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 नवंबर, 2017 को यमन के शिया हूथी (Houthi) विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब के रियाद में स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल से हमला किया गया।
- सऊदी अरब ने यमन से दागी गई इस लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है।
- ज्ञातव्य है कि यमन में राष्ट्रपति अब्दराब्बुह मंसूर हादी की सरकार और हूथी विद्रोहियों के बीच संघर्ष जारी है।
- सऊदी अरब हूथी विद्रोहियों के विरूद्ध अभियान की अगुवाई कर रहा है।
- सऊदी अरब वर्ष 2015 से इस विद्रोही संगठन पर हवाई कार्रवाई कर रहे अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में शामिल प्रमुख देशों में से एक है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/saudi-arabia-intercepts-missile-king-khalid-international-airport-riyadh-yemen-houthi-militants/1/1082551.html

पूर्ण समेकित संयुक्त प्रशिक्षण केंद्र

प्रश्न-हाल ही में भारतीय सेना ने कहां स्थित उमरोई छावनी में स्वतंत्र और पूर्ण समेकित संयुक्त प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया?



(a) इम्फाल (b) शिलांग (c) ईटानगर (d) आसनसोल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 नवंबर, 2017 को भारतीय सेना ने शिलांग स्थित उमरोई छावनी में स्वतंत्र और पूर्ण समेकित संयुक्त प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया।
- इसकी शुरूआत अन्य देशों की सेनाओं के साथ संयुक्त युद्ध अभ्यास का आयोजन करने के उद्देश्य से की गई।
- सेना के पूर्वी कमान में यह अपनी तरह का पहला प्रशिक्षण केंद्र है।

अमेरिका में आतंकवादी हमला

प्रश्न-हाल ही में अमेरिका के किस शहर में आतंकवादी हमला हुआ था?

(a) शिकागो (b) न्यूयॉर्क (c) लॉस एंजिल्स (d) बोस्टन



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 31 अक्टूबर, 2017 को अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर स्थित मैनहैट्टन एरिया में आतंकवादी हमला हुआ।
- इस हमले में 8 लोगों की मृत्यु हो गयी और अन्य 12 घायल हुए।
- हमले में ट्रक द्वारा पैदल चल रहे लोगों को रौंद दिया गया।
- हमलावर आतंकी का नाम सेफुलो साइपोव है जो उज्बेकिस्तान का नागरिक है।
- यह हमला आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा समर्थित था।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/news/world-us-canada-41825577
https://www.nytimes.com/2017/11/01/opinion/a-terrorist-attack-in-real-america.html
http://www.foxnews.com/world/2017/11/01/timeline-recent-terror-attacks-against-west.html

वालमार्ट का भारत में पहला फुलफिलमेंट सेंटर

प्रश्न-हाल ही में वालमार्ट ने अपना पहला फुलफिलमेंट सेंटर कहां खोला?

(a) हैदराबाद (b) चेन्नई (c) मुंबई (d) अमृतसर



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 सितंबर, 2017 को विश्व की सबसे बड़ी अमेरिकी रिटेलर कंपनी वालमार्ट ने छोटे व्यवसायों को सक्षम करने के लिए अपने कैश एंड कैरी बिजनेस को लांच करने की घोषणा की थी जिसके तहत 1 नवंबर, 2017 को मुंबई में अपना पहला फुलफिलमेंट सेंटर शुरू किया।
- इस सेंटर द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 1500 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।
- हाल ही में वालमार्ट ने महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था।
- अगले तीन सालों में वालमार्ट कंपनी देश के विभिन्न शहरों में 30 नये स्टोर्स खोलने की योजना बना रही है।
- वर्तमान समय में वालमार्ट कंपनी के 21 होलसेल स्टोर्स देशभर में है।

संबंधित लिंक

https://www.wal-martindia.in/2017/09/29/walmart-india-all-set-to-enter-mumbai-with-its-cash-carry-fulfilment-center

पुरस्कार/सम्मान

इंफोसिस पुरस्कार-2017

प्रश्न-हाल ही में वर्ष 2017 के लिए इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर साइंस के क्षेत्र में इंफोसिस पुरस्कार किसे दिया गया?



(a) उपिंदर एस. भल्ला (b) संघमित्रा बंदोपाध्याय

(c) अनन्या जहांआरा कबीर (d) यमुना कृष्णन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2017 को इंफोसिस साइंस फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2017 के लिए इंफोसिस पुरस्कार की घोषणा हुई।
- इस वर्ष कुल छः लोगों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें 3 महिलाएं भी शामिल हैं।
- यह पुरस्कार छः वर्गों में दिए जाते हैं।
- यह पुरस्कार इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर साइंस के क्षेत्र में कोलकाता स्थित इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट की निदेशक संघमित्रा बदोपाध्याय को दिया गया।
- इनके अलावा मानविकी के क्षेत्र में अनन्या जहांआरा कबीर, लाइफ साइंस के क्षेत्र में उपिंदर एस. भल्ला, शारीरिक विज्ञान के क्षेत्र में यमुना कृष्णन, सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में लॉरेंस लियांग तथा गणितीय विज्ञान के लिए रिताब्रता मुंशी को दिया गया।
- यह पुरस्कार 10 जनवरी, 2018 को बंगलुरू में दिए जाएंगे।

संबंधित लिंक

http://www.infosys-science-foundation.com/
http://www.infosys-science-foundation.com/prize/index.asp
http://www.thehindubusinessline.com/news/science/infosys-prize-2017-winners-announced/article9962339.ece

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2017

प्रश्न-14 नवंबर, 2017 को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2017 इनमें से किसे प्रदान किया गया?



(a) शशि चंद्र (b) सिद्धार्थ कुमार (c) आनन्द कुमार

(d) रमेश शर्मा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2017 को बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2017 के लिए आनन्द कुमार को सम्मानित किया।

- राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उन संस्थाओं और व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने बाल विकास और कल्याण के क्षेत्र में शानदार कार्य किया हो।
- राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2017 के लिए आनंद कुमार के साथ ही दो अन्य व्यक्तियों और पांच संस्थानों को चुना गया।
- आनन्द कुमार पटना, बिहार में गरीब बच्चों के लिए 'सुपर 30' नामक कोचिंग संस्थान चलाते हैं।
- सुपर 30 कोचिंग संस्थान में इन्जीनियरिंग प्रवेश परीक्षा आईआईटी के लिए पढ़ाया जाता है। इसमें 2002 से अब तक 396 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।
- इस पुरस्कार में संस्था को 3 लाख रुपये नकद एवं प्रशस्ति पत्र और व्यक्ति को एक लाख रुपये नकद तथा एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173487
http://www.super30.org/

इंदिरा गांधी शांति, निःशस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार-2017

प्रश्न-हाल ही में किसे वर्ष 2017 के इंदिरा गांधी शांति, निःशस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?

(a) प्रणब मुखर्जी (b) डॉ. मनमोहन सिंह

(c) हामिद अंसारी (d) मीरा कुमार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 नवंबर, 2017 को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को वर्ष 2017 के इंदिरा गांधी शांति, निःशस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।
- यह घोषणा इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव सुमन दुबे ने की।
- डॉ. मनमोहन सिंह को इस पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का निर्णय पुरस्कार के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने किया जिसके अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी हैं।
- उनको यह पुरस्कार वर्ष 2004 से 2014 के मध्य देश का नेतृत्व करने और वैश्विक स्तर पर भारत का ओहदा बढ़ाने के लिए प्रदान किया जाएगा।
- यह पुरस्कार विश्व के किसी ऐसे व्यक्ति को प्रदान किया जाता है जिसने समाज सेवा, निःशस्त्रीकरण या विकास के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान किया हो।
- इस पुरस्कार के तहत एक प्रमाण पत्र (Citation) और 25 लाख रुपये नगद प्रदान किया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015 का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR) को प्रदान किया गया था।

प्रिक्स गोंकोर्ट पुरस्कार

प्रश्न-हाल ही में प्रिक्स गोंकोर्ट पुरस्कार 2017 किसे प्रदान किया गया?



(a) रोजर वर्सले (b) रॉबर्ट मेरले (c) पॉल कोलिन (d) एरिक व्यूलार्ड

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2017 को एरिक व्यूलार्ड को उनके उपन्यास 'L'Ordre Du Jour' (अंग्रेजी में 'द एजेंडा') के लिए फ्रेन्च भाषा के प्रतिष्ठित पुरस्कार, 'प्रिक्स गोंकोर्ट पुरस्कार, 2017' के लिए चुना गया।
- यह उपन्यास नाजी जर्मन द्वारा वर्ष-1938 में ऑस्ट्रिया पर आक्रमण पर आधारित है।
- 49 वर्षीय एरिक व्यूलार्ड फ्रेंच भाषा के लेखक और फिल्म निर्देशक हैं।
- वर्ष 2016 का गोंकोर्ट पुरस्कार लीला स्लिमानी को उनकी पुस्तक 'चैंसन डूस (Chanson Douce) (अंग्रेजी में 'स्वीट सांग') के लिए दिया गया था।

संबंधित लिंक

http://academie-goncourt.fr/?rubrique=1229172884
https://en.wikipedia.org/wiki/%C3%89ric_Vuillard

बैड ग्रामर अवॉर्ड 2017

प्रश्न-हाल ही में किस संस्था को 'बैड ग्रामर अवॉर्ड 2017' प्रदान किया गया?



(a) दिल्ली मेट्रो (b) ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन

(c) न्यूयार्क सिटी पब्लिक ट्रांसपोर्ट (d) बर्लिन ट्रांसपोर्ट

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2017 को ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन को 'बैड ग्रामर अवार्ड 2017' (Bad Grammar Award 2017) के लिए चुना गया।
- यह अवॉर्ड ब्रिटेन की आइडलर एकेडमी (Idler Academy) द्वारा लोगों और संस्थानों को अंग्रेजी के गलत उपयोग के लिए दिया जाता है।
- आइडलर एकेडमी एक द्विमासिक पत्रिका का प्रकाशन, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और लाइव इवेंट्स का आयोजन करती है।
- ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन, ग्रेटर लंदन (इंग्लैंड) की स्थानीय सरकारी निकाय है जो ग्रेटर लंदन के परिवहन तंत्र का संचालन करती है।

संबंधित लिंक

http://www.hindustantimes.com/world-news/mind-the-gap-london-tube-wins-bad-grammar-award/story-D705zLH2alUiMdaLzSAH3O.html
https://idler.co.uk/article/transport-for-london-wins-2017-bad-grammar-award/

https://idler.co.uk/about/
https://tfl.gov.uk/corporate/about-tfl/what-we-do?intcmp=2582

विष्णुदास भावे अवॉर्ड

प्रश्न-वर्ष 2017 का विष्णुदास भावे अवॉर्ड किस कलाकार को प्रदान किया गया?



(a) नाना पाटेकर (b) राजकुमार राव (c) राधिका आप्टे (d) मोहन जोशी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर, 2017 को 'मराठी रंगभूमि दिन' के अवसर पर जाने-माने अभिनेता मोहन जोशी को मराठी थिएटर में योगदान के लिए 'विष्णुदास भावे अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- मोहन जोशी ने मराठी थियेटर के अलावा हिंदी, मराठी, कन्नड़ और भोजपुरी भाषाओं की लगभग 172 फिल्मों में काम किया है।
- विष्णुदास भावे अवॉर्ड मराठी थियेटर के संस्थापक विष्णुदास भावे के सम्मान में दिया जाता है।
- इस अवॉर्ड में एक ट्रॉफी, एक प्रशस्ति पत्र और 25,000 रुपये नकद धनराशि दिया जाता है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/mohan-joshi-honoured-with-vishnudas-bhave-award/1/1083032.html
http://www.business-standard.com/article/pti-stories/mohan-joshi-honoured-with-vishnudas-bhave-award-117110500706_1.html
https://timesofindia.indiatimes.com/city/kolhapur/mohan-joshi-to-be-honoured-with-vishnudas-bhave-award/articleshow/60997503.cms

सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को एशिया-प्रशांत पुरस्कार, 2017

प्रश्न-हाल ही में यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए प्रदत्त यूनेस्को एशिया-प्रशांत पुरस्कार, 2017 में भारत से कौन एक स्थल शामिल नहीं है?



(a) क्राइस्ट चर्च, मुंबई (b) रॉयल बॉम्बे ओपेरा हाउस
(c) श्री रंगनाथस्वामी मंदिर (d) महालक्ष्मी मंदिर, मुंबई

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए प्रदत्त यूनेस्को एशिया-प्रशांत पुरस्कार, 2017 की घोषणा 1 नवंबर, 2017 को की गई।
- इस वर्ष का 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस' हांगकांग, चीन के 'ब्लू हॉउस क्लस्टर' (Blue House Cluster) को प्रदान किया गया है।

- 'अवॉर्ड ऑफ मेरिट' श्रेणी के अंतर्गत भारत के क्राइस्ट चर्च (मुंबई), रॉयल बॉम्बे ओपेरा हाउस (मुंबई) और श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, श्रीरंगम (तमिलनाडु) का चयन पुरस्कार हेतु किया गया है।
- सम्मानपूर्ण उल्लेख (Honourable Mention) श्रेणी में बोमोनजी होरमारजी वाडिया फाउंडेशन और क्लॉक टावर (मुंबई), गेटवेज ऑफ गोहाद फोर्ट (गोहाद), वेलिंगटन फाउंटेन (मुंबई) और हवेली धरमपुरा (दिल्ली) का चयन किया गया है।
- इस वर्ष 6 देशों ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, ईरान, न्यूजीलैंड और सिंगापुर के 16 परियोजनाओं (16 Projects) को इस वर्ष के विरासत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक

http://bangkok.unesco.org/content/2017-heritage-awards-conservation-working-class-housing-hong-kong-receives-top-honor
https://www.facebook.com/unescobkk/posts/1722812007731210
http://bangkok.unesco.org/sites/default/files/assets/article/Asia-Pacific%20Heritage%20Awards/files/2017-winners.pdf

एजूथाचन पुरस्कारम

प्रश्न-वर्ष 2017 का एजूथाचन पुरस्कारम किसे प्रदान किया गया?



(a) टी.एम. कृष्णा (b) सी.राधाकृष्णन

(c) के. सच्चिदानंदन (d) विष्णु नारायण

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को केरल सरकार के सबसे बड़े साहित्य पुरस्कार एजूथाचन पुरस्कारम के लिए मलयालम कवि और साहित्य आलोचक के. सच्चिदानंदन को चुना गया।
- के. सच्चिदानन्दन ने मलयालम भाषा के अलावा 18 भाषाओं में रचनायें लिखी हैं।
- इसके पूर्व के. सच्चिदानंदन को सात बार केरल साहित्य अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।
- एजूथाचन पुरस्कारम में 5 लाख रुपये नकद धनराशि दिया जाता है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/kerala/ezhuthachan-award-for-satchidanandan/article19963475.ece
http://www.thehindu.com/news/national/kerala/keralas-top-literary-award-for-k-satchidanandan/article19960448.ece

विजिलेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2017

प्रश्न-हाल ही में किस बैंक को विजिलेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2017 से सम्मानित किया गया?

(a) पंजाब नेशनल बैंक (b) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया



(c) इलाहाबाद बैंक (d) एचडीएफसी बैंक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को विजिलेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2017 से सम्मानित किया। (30 अक्टूबर, 2017)
- सतर्कता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पीएनबी को यह सम्मान प्रदान किया गया है।
- पीएनबी के चीफ विजिलेंस अफसर एस.के. नागपाल ने उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू से यह अवॉर्ड प्राप्त किया।
- इसके अलावा भारतीय न्यूक्लियर पॉवर कारपोरेशन के प्रतीक गोस्वामी को भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक

http://punjabnewsexpress.com/regional/news/pnb-gets-vigilance-excellence-award-for-2016-17-58478.aspx
http://www.npcil.co.in/pdf/award_02nov2017_01.pdf

53वां ज्ञानपीठ पुरस्कार-2017

प्रश्न-निम्न में से कौन-सा मिलान भारतीय साहित्य के प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार के संबंध में सही नहीं है?

(a) 53वां ज्ञानपीठ पुरस्कार-कृष्णा सोबती (b) पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार-जी.शंकर कुरूप
(c) 52वां ज्ञानपीठ पुरस्कार-शंख घोष (d) ज्ञानपीठ पुरस्कार की शुरूआत-1963



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर, 2017 को प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार 'कृष्णा सोबती' को वर्ष 2017 का प्रतिष्ठित 53वां ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की घोषणा की गई।
- यह निर्णय प्रख्यात विद्वान लेखक एवं आलोचक 'नामवर सिंह' की अध्यक्षता वाली चयन मंडल ने लिया।
- यह पुरस्कार पाने वाली वह हिंदी की 11वीं लेखिका हैं।
- हिंदी भाषा के लेखकों में पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार (पांचवा ज्ञानपीठ पुरस्कार, वर्ष-1968) सुमित्रानंदन पंत को दिया गया था।
- कृष्णा सोबती को वर्ष 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा वर्ष-1996 में साहित्य अकादमी फेलोशिप से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- इनका जन्म पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरात जिले में वर्ष 1925 में हुआ था।

- इनकी प्रमुख चर्चित कृतियां 'डार से बिछुड़ी', 'मित्रो मरजानी', 'जिंदगीनामा', 'दिलो दानिश', 'बादलों के घेरे', 'ऐ लड़की' तथा 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' हैं।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2016 में 52वां ज्ञानपीठ पुरस्कार बांग्ला साहित्य के प्रसिद्ध कवि शंख घोष को दिया गया था।
- पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार वर्ष 1965 में मलयालम साहित्यकार जी. शंकर कुरूप को दिया गया था।
- इस पुरस्कार के अंतर्गत 11 लाख रु. की धनराशि, प्रशस्ति पत्र तथा वाग्देवी की कांसे की प्रतिमा प्रदान की जाती है।
- ध्यान रहे कि वर्ष 1961 में स्थापित भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा संविधान की 8वीं अनुसूची में वर्णित 22 भारतीय भाषाओं में लेखन करने वाले साहित्यकार को उनके जीवनभर के साहित्यिक योगदान के फलस्वरूप यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- ध्यातव्य है कि भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा 13 अक्टूबर, 2017 को प्रख्यात मणिपुरी साहित्यकार 'सोनामणि सिंह' को 'ज्ञानारिमा मानद अलंकरण' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

संबंधित लिंक

http://jnanpith.net/sites/default/files/53rd%20Jnanpith%20Award%20for%202017%20went%20to%20Krishna%20Sobti.pdf
http://jnanpith.net/sites/default/files/Jnanarima.jpg

'द बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड्स 2017'

प्रश्न-23 अक्टूबर, 2017 को वितरित 'द बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड्स-2017' में किसे 'सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी' का पुरस्कार प्रदान किया गया?



(a) नेमार (b) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(c) लियोनेल मेस्सी (d) गियानलुइगी बुफोन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 अक्टूबर, 2017 को फुटबॉल की सर्वोच्च नियामक संस्था फीफा (FIFA) के वार्षिक पुरस्कारों का वितरण लंदन में किया गया।
- **पुरस्कार प्राप्तकर्ता इस प्रकार रहे-**
- द बेस्ट फीफा पुरुष खिलाड़ी-क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल)
- द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी-लिएके मार्टेंस (नीदरलैंड्स)
- द बेस्ट फीफा पुरुष कोच-जिनेदिन जिडाने (फ्रांस)
- द बेस्ट फीफा महिला कोच-सरिना विएगमैन (नीदरलैंड्स)
- द बेस्ट फीफा गोलकीपर-गियानलुइगी बुफोन (इटली)

- फेयर प्ले अवॉर्ड-फ्रांसिस कोने (टोगो)
- पुरस्कार अवॉर्ड-ओलिवर गिरौड (फ्रांस)
- फैन अॅवार्ड-सेलटिक स्पोर्ट्स (स्कॉटलैंड)
- साथ ही फीफी फिफप्रो वर्ल्ड इलेवन की घोषणा की गई, जिसमें नेमार, रोनाल्डो, मेस्सी, बुफोन, मार्सेलो जैसे दिग्गज फुटबॉलर शामिल हैं।

संबंधित लिंक

http://www.fifa.com/the-best-fifa-football-awards/news/y=2017/m=10/news=cristiano-ronaldo-and-lieke-martens-cap-dream-season-at-the-best-fifa–2916955.html
http://www.fifa.com/the-best-fifa-football-awards/fifa-fifpro-world11/index.html

प्रमोद महाजन स्मृति पुरस्कार

प्रश्न-29 अक्टूबर, 2017 को किस बॉलीवुड अभिनेता को प्रमोद महाजन स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया?



(a) अमिताभ बच्चन (b) परेश रावल(c) गुलशन ग्रोवर (d) अनुपम खेर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2017 को महाराष्ट्र की संस्था मुक्तछंद जो कि प्रख्यात समाज-सेविका मेधा विश्राम कुलकर्णी द्वारा संचालित की जाती है ने प्रमोद महाजन स्मृति पुरस्कार समारोह आयोजित किया।
- समारोह में बॉलीवुड अभिनेता एवं फिल्म एवं टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) के अध्यक्ष अनुपम खेर को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- समारोह में देहरादून की सायरा बानो को भी प्रमोद महाजन स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।
- सायरा बानो ने सुप्रीम कोर्ट में तलाक के खिलाफ याचिका दायर की थी।

संबंधित लिंक

http://www.deccanchronicle.com/videos/news/anupam-kher-receives-039pramod-mahajan-smriti-award039.html
http://www.firstpost.com/india/ftii-chairman-anupam-kher-questions-why-cant-people-stand-up-for-national-anthem-for-52-seconds-4183181.html
http://www.livehindustan.com/entertainment/story-anupam-kher-says-if-you-stand-for-the-film-ticket-why-not-in-the-national-anthem-1618638.html

सखारोव पुरस्कार, 2017

प्रश्न-वर्ष 2017 को सखारोव पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?



(a) इसरो (b) वेनेजुएला के लोकतांत्रिक विपक्ष

(c) रईफ बदावी (d) मुस्तफा यझेमिलेव

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2017 को यूरोपीय संसद द्वारा विचारों की स्वतंत्रता के लिए प्रदान किए जाने वाले सखारोव पुरस्कार, 2017 की घोषणा की गई।
- वर्ष 2017 के लिए यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोकतांत्रिक विपक्ष को प्रदान किया जाएगा।
- 50 हजार यूरो की धनराशि वाला यह पुरस्कार 13 दिसंबर, 2017 को स्ट्रासबर्ग, फ्रांस में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया जाएगा।
- 1988 में स्थापित यह पुरस्कार मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों के तहत संबंधित व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक

http://www.europarl.europa.eu/news/en/headlines/eu-affairs/20171023STO86606/parliament-awards-sakharov-prize-2017-to-democratic-opposition-in-venezuela
http://www.independent.co.uk/news/world/americas/sakharov-prize-eu-venezuela-opposition-political-prisoners-students-a8020746.html

योजना/परियोजना

प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र

प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने 'प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र' (PMMSK) नामक नई स्कीम को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य है-



(a) ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना
(b) शहरी महिलाओं को सशक्त बनाना
(c) किशोरियों को सशक्त बनाना
(d) प्रसूति महिलाओं को सशक्त बनाना

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने 'प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र' (PMMSK) नामक नई स्कीम को मंजूरी प्रदान की।
- यह योजना सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाएगी।
- प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र नई स्कीम की परिकल्पना विभिन्न स्तरों पर कार्य करने के लिए तैयार की गई है।

- जबकि राष्ट्रीय स्तर (क्षेत्र आधारित ज्ञान सहायता) और राज्य स्तर (महिलाओं के लिए राज्य संसाधन केंद्र) संरचनाएं महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर संबंधित सरकार को तकनीकी सहायता प्रदान करना है।
- इसके अतिरिक्त सीसीईए ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की अम्ब्रेला योजना के 'महिला की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण मिशन' के तहत अन्य योजनाओं को दो वर्षों का विस्तार देने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- वित्त वर्ष 2017-18 से लेकर 2019-20 के दौरान वित्तीय परिव्यय 3636.85 करोड़ रुपये होगा, जिसमें केंद्र सरकार का हिस्सा लगभग 3084.96 करोड़ रुपये होगा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173722
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/cabinet-approves-new-scheme-for-rural-women/articleshow/61756406.cms

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कारपेट एरिया में वृद्धि

प्रश्न-हाल ही में क्रेडिट लिंक सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) के अंतर्गत एमआईजी-I और एमआईजी-2 श्रेणी की कारपेट एरिया में क्रमशः कितनी वृद्धि की गई है?

(a) 110 वर्ग मीटर, 125 वर्ग मीटर
(b) 120 वर्ग मीटर, 125 वर्ग मीटर
(c) 120 वर्ग मीटर, 150 वर्ग मीटर
(d) 125 वर्ग मीटर, 160 वर्ग मीटर



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के लिए क्रेडिट लिंक सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) के अंतर्गत ब्याज रियायत हेतु पात्र घरों के कारपेट एरिया में वृद्धि हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- सीएलएसएस की एमआइजी-1 श्रेणी में कारपेट एरिया को 90 वर्गमीटर से बढ़ाकर 120 वर्ग मीटर किया गया है।
- एमआईजी-2 श्रेणी के तहत इस एरिया को वर्तमान 110 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 150 वर्ग मीटर कर दिया गया है।
- यह परिवर्तन 1 जनवरी, 2017 से लागू होंगे।
- ज्ञातव्य है कि इसी दिन एमआईजी हेतु क्रेडिट लिंक सब्सिडी स्कीम को लागू किया गया था।

- एमआईजी-1 श्रेणी के तहत 6 लाख और 12 लाख रुपये के बीच वार्षिक आमदनी वालों को 9 लाख रुपये तक का ऋण लेने पर ब्याज में चार प्रतिशत की रियायत दी गई है।
- एमआईजी-2 श्रेणी के तहत 12 लाख रुपये से 18 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वालों को 12 लाख रुपये तक के लोन पर ब्याज में तीन प्रतिशत की छूट प्रदत्त है।
- सीएलएसएस के लिए एमआईजी वर्तमान में 31 मार्च, 2019 तक लागू है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173565

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना

प्रश्न-वर्ष 2017 में बाल दिवस के अवसर पर किस राज्य सरकार द्वारा बच्चों के लिए मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना शुरू की गई?

(a) मध्य प्रदेश (b) छत्तीसगढ़ (c) राजस्थान (d) झारखंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2017 को बाल दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रमन सिंह ने स्कूली बच्चों के लिए 'मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना' का शुभारंभ किया।
- इस योजना के साथ ही मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय दुर्ग में बाल मेला 'समरसता की किलकारी' का भी शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा और उनके लिए संचालित स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं पर केंद्रित एक स्मारिका बच्चों के लिए तैयार अभ्यास पुस्तिका और मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना की पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।
- समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बच्चों के लिए दुर्ग में एक अत्याधुनिक तारामंडल (प्लेनेटोरियम) की स्थापना भी शीघ्र करने की घोषणा की।
- ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार हेतु डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान संचालित किया जा रहा है।

संबंधित लिंक

http://bit.do/shala-suraksha

'शी पैड' योजना

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा लड़कियों में माहवारी के दौरान स्वच्छता को सुनिश्चित करने हेतु एक नई योजना 'शी पैड' (She Pad) की शुरूआत की गई?

(a) मध्य प्रदेश (b) छत्तीसगढ़ (c) केरल (d) कर्नाटक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 नवंबर, 2017 को केरल सरकार ने लड़कियों में माहवारी के दौरान स्वच्छता को सुनिश्चित करने हेतु एक नई योजना 'शी पैड' (She Pad) की शुरूआत की।
- यह योजना राज्य की स्कूली छात्राओं के लिए शुरू की गई है।
- इस योजना से केरल में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राएं लाभान्वित होंगी।
- इस वर्ष यह योजना राज्य की 114 पंचायतों के 300 विद्यालयों में लागू की जाएगी।
- इस परियोजना के तहत शामिल किए गए सभी सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में मुफ्त सेनेटरी नैपकिन्स, भंडारण हेतु रिक्त स्थान और पर्यावरण अनुकूल भस्मक लगाए जाएंगे।
- महिला विकास निगम, स्थानीय समूहों के साथ मिलकर इस वर्ष 300 विद्यालयों में इस योजना को लागू करेगा।
- आगामी वर्षों में इस योजना को राज्य के सभी स्कूलों में लागू किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.ptinews.com/news/9218519_New-scheme-for-school-girls-in-Kerala.html
http://indianexpress.com/article/india/kerala-to-distribute-free-sanitary-pads-to-schoolgirls-4928875/
https://govinfo.me/pad-kerala-government-scheme-provide-free-sanitary-napkins-girls/

शी-बॉक्स ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली

प्रश्न-शी-बॉक्स ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली किस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु शुरू की गई?



(a) महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2006
(b) महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2008
(c) महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013
(d) महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2016

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 नवंबर, 2017 को केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री मेनका गांधी द्वारा सरकारी और निजी संगठनों में कार्यरत महिलाओं की कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाने हेतु शी-बॉक्स ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली का नई दिल्ली में शुभारंभ किया गया।
- यह प्रणाली कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, और निवारण) अधिनियम, 2013 का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु शुरू की गई है।
- इस नए शी-बॉक्स पोर्टल (http://shebox.nic.in/) पर सरकारी और निजी कर्मचारियों सहित देश की सभी महिला कर्मचारियों हेतु कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है।
- यौन उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत गठित संबंधित आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय शिकायत समिति में पहले से ही लिखित शिकायत दर्ज करवाने वाली महिलाएं भी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकती हैं।
- मंत्रालय द्वारा यौन उत्पीड़न के अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रदान करने हेतु इस अधिनियम पर पुस्तिका और प्रशिक्षण पुस्तिका भी प्रकाशित की गई है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173299
http://www.livelaw.in/wcd-ministry-launches-box-online-complaints-sexual-harassment/

नेशनल पॉवर पोर्टल (एनपीपी)

प्रश्न-नेशनल पॉवर पोर्टल शुरू किया गया है-

(a) बिजली क्षेत्र के सूचना एकत्रीकरण और प्रसार हेतु
(b) उपभोक्ताओं को समय पर बिजली भुगतान हेतु सुविधा प्रदान करने हेतु
(c) बिजली कंपनियों पर निगरानी रखने हेतु
(d) बिजली-वितरण की असमानता पर निगरानी हेतु



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2017 को केंद्रीय ऊर्जा और नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आर.के. सिंह ने भारतीय बिजली क्षेत्र के सूचना एकत्रीकरण और प्रसार हेतु केंद्रित प्लेटफार्म-नेशनल पॉवर पोर्टल (http://npp.gov.in) का शुभारंभ किया।
- यह पोर्टल विद्युत क्षेत्र के लिए एक केंद्रीकृत प्रणाली है जो देश में बिजली उत्पादन से लेकर संप्रेषण और वितरण से संबंधित दैनिक, मासिक और वार्षिक ऑनलाइन डाटा कैप्चर की सुविधा प्रदान करता है।

- यह केंद्रीकृत प्रणाली विभिन्न विश्लेषित रिपोर्टों, ग्राफ, उत्पादन, संप्रेषण और वितरण हेतु अखिल भारतीय, क्षेत्रीय और केंद्रीय राज्य तथा निजी क्षेत्र के लिए राज्य स्तरीय आंकड़ों के माध्यम से बिजली क्षेत्र से संबंधित (संचालन, क्षमता, मांग, खपत, आपूर्ति आदि) सूचनाएं प्रसारित करती है।
- यह डैशबोर्ड मंत्रालय द्वारा पूर्व में लांच किए गए सभी पॉवर सेक्टर ऐप (तरंग, उजाला, विद्युत प्रवाह, गर्व, ऊर्जा और मेरिट) के लिए एकल बिंदु इंटरफेस के रूप में कार्य करेगा।
- नेशनल पॉवर पोर्टल को केंद्रीय बिजली प्राधिकरण, बिजली वित्त निगम, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम तथा अन्य बड़ी कंपनियों के साथ एकीकृत किया गया है।
- यह बिजली क्षेत्र की जानकारी हेतु एक प्रमाणिक सूचना स्रोत के रूप में कार्य करेगा।
- यह प्रणाली 24×7 आधार पर काम करती है तथा प्रभावी और समय के अनुसार डेटा का संग्रह सुनिश्चित करती है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173480
http://www.tribuneindia.com/news/business/national-power-portal-unveiled/497580.html
http://egov.eletsonline.com/2017/11/national-power-portal-launched/

भारतनेट परियोजना के दूसरे चरण की शुरूआत

प्रश्न-13 नवंबर, 2017 को केंद्र सरकार ने भारतनेट परियोजना के दूसरे चरण की शुरूआत की। इसके तहत किस वर्ष के अंत तक ढाई लाख ग्राम पंचायतों में इंटरनेट सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी?

(a) वर्ष 2018 (b) वर्ष 2019 (c) वर्ष 2020 (d) वर्ष 2022



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2017 को केंद्र सरकार ने भारतनेट परियोजना के दूसरे चरण की शुरूआत की।
- नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 'भारतनेट' पर राष्ट्रीय सम्मेलन (National Conference on BharatNet) में केंद्र सरकार ने घोषणा की कि वर्ष 2019 तक ढाई लाख ग्राम पंचायतों में इंटरनेट सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी।
- इस सम्मेलन में भारतनेट ढांचे से लाभ उठाने और इसके विविध आयामों के बारे में चर्चा के लिए राज्य सरकारों एवं सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- भारतनेट के पहले चरण में देश के कई राज्यों की एक लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया गया था।
- इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवाएं, ई-हेल्थकेयर, ई-एजूकेशन, ई-कॉमर्स और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173422
http://www.ddinews.gov.in/national/second-phase-bharatnet-project-be-launched-today

टेली रेडियोलॉजी सुविधा

प्रश्न-हाल ही में टेली रेडियोलॉजी सुविधा किस राज्य में शुरू की गई?

(a) केरल (b) असम (c) उत्तराखंड (d) छत्तीसगढ़

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पौड़ी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में टेली रेडियोलॉजी सुविधा का शुभारंभ किया।
- टेली रेडियोलॉजी सुविधा को अपनाने वाला उत्तराखंड देश का पांचवां राज्य है।
- यह सुविधा पौड़ी जिला अस्पताल सहित 12 अस्पतालों में शुरू की गई है।
- बाद में टेली रेडियोलॉजी सुविधा राज्य के 35 चिकित्सालयों में शुरू की जाएगी।
- इस सुविधा के शुरू होने से एक्स-रे, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. तथा मैमोग्राफी से संबंधित त्वरित जांच होगी।
- इससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को हर बीमारी का उपचार निर्धारित अवधि में प्राप्त हो सकेगा।

संबंधित लिंक

http://www.uttarainformation.gov.in/news.php?id=22706
http://www.hindustantimes.com/dehradun/uttarakhand-cm-launches-teleradiology-facility-in-pauri/story-grDUZDlgH7psWptVSpy7mL.html

दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना शुरू की गई है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) उत्तराखंड (c) मध्य प्रदेश (d) झारखंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2017 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देहरादून में 'दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना' का शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 30 किसानों को स्वीकृत ऋण का चेक भी प्रदान किया।
- वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गई है।
- योजनांतर्गत प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों को एक लाख रुपये तक ऋण मात्र 2 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.uttarainformation.gov.in/news.php?id=22719
http://www.uttarakhandbulletin.com/2017/11/10/deen-dayal-upadhyaya-kisan-kalyan-yojana-inaugurated/

दीनदयाल 'स्पर्श' योजना


प्रश्न-दीनदयाल 'स्पर्श' योजना के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) इस योजना का शुभारंभ 3 नंवबर, 2017 को संचार मंत्री मनोज सिन्हा ने किया।

(b) यह योजना डाक टिकट संग्रह को प्रोत्साहन देने हेतु शुरु की गई है।

(c) योजनांतर्गत 920 छात्रवृत्तियां देना प्रस्तावित है।

(d) छात्रवृत्ति की राशि प्रतिमाह 1000 रुपये (वार्षिक 12,000 रुपये) देय होगी।



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर, 2017 को संचार मंत्री मनोज सिन्हा ने डाक टिकट संग्रह को प्रोत्साहन देने हेतु दीनदयाल स्पर्श योजना का शुभारंभ किया।
- यह संपूर्ण भारत के स्कूली बच्चों हेतु एक छात्रवृत्ति योजना है।
- 'स्पर्श' योजनान्तर्गत कक्षा 6th से 9th तक के उन बच्चों को वार्षिक तौर पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी जिनका शैक्षणिक परिणाम अच्छा है और जिन्होंने डाक टिकट संग्रह को एक रुचि के रूप में चयनित किया है।
- योजना के तहत 920 छात्रवृत्तियां देना प्रस्तावित है।
- प्रति डाक सर्किल अधिकतम 40 छात्रों को चयनित करेंगे।
- प्रत्येक कक्षा में से 10 छात्रों का चयन किया जाएगा।
- छात्रवृत्ति की राशि प्रतिमाह 500 रुपये (6000 रुपये वार्षिक) होगी।
- छात्रवृत्ति की प्राप्ति हेतु बच्चे को पंजीकृत स्कूल का छात्र होने के साथ ही स्कूल के डाक टिकट संग्रह क्लब का सदस्य होना चाहिए।
- यदि स्कूल में डाक टिकट संग्रह क्लब नहीं है तो जिन छात्रों का डाक टिकट संग्रह खाता है, उन्हें भी पात्र समझा जाएगा।
- जो स्कूल इस प्रतियोगिता में भागीदारी करेगा उसे विख्यात डाक संग्रहकत्ताओं की सूची में से एक मार्गदर्शक चुनने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
- यह मार्गदर्शक स्कूल स्तर पर डाक टिकट क्लब की स्थापना करने में मदद देने के साथ ही युवा डाक टिकट संग्रहकर्त्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

- योजनांतर्गत डाक टिकटों को ढूढ़ना, चिह्नित करना, प्राप्त करना, सूचीबद्ध करना, प्रदर्शन करना, संग्रह करना आदि कार्य शामिल हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173212
https://www.indiapost.gov.in/VAS/Pages/News/SPARSH%20Combined.pdf

क्रॉस बॉर्डर ट्रेन सेवा

प्रश्न-हाल ही में कोलकाता और खुलना (बांग्लादेश) के बीच एक नई ट्रेन सेवा शुरू की गई है। इस नई ट्रेन का क्या नाम है?



(a) मैत्री एक्सप्रेस (b) बंधन एक्सप्रेस
(c) साथिया एक्सप्रेस (d) अकालतखत एक्सप्रेस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से कोलकाता और खुलना (बांग्लादेश) के बीच एक नई यात्री ट्रेन सेवा का वीडियो-कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया।
- इस नई ट्रेन का नाम 'कोलकाता-खुलना बंधन एक्सप्रेस' है।
- यह ट्रेन 177 किमी. लंबे मार्ग पर चलेगी।
- यह क्रास बॉर्डर ट्रेन सेवा 16 नवंबर, 2017 से नियमित रूप से परिचालित होगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173351
http://www.uniindia.com/pm-pitches-for-indo-bangla-connectivity/india/news/1041737.html

ऑपरेशन/अभियान

विटामिन-ए अभियान

प्रश्न-हाल ही में राजस्थान में विटामिन-ए अभियान के 34वें चरण (15 नवंबर-15 दिसंबर, 2017)को शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत कितनी आयु तक के सभी बच्चों को निर्धारित मात्रा में विटामिन-ए की खुराक दी जाती है?



(a) 3 माह से 5 वर्ष (b) 9 माह से 5 वर्ष
(c) 2 वर्ष से 5 वर्ष (d) 1 वर्ष से 3 वर्ष

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2017 को राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री कालीचरण सराफ ने जयपुर के मालवीय नगर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर इस अभियान के 34वें चरण का शुभारंभ किया।
- यह अभियान प्रदेश में 15 नवंबर से 15 दिसंबर, 2017 तक संचालित रहेगा।
- अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निर्धारित मात्रा में विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी।
- 34वें चरण में 77 लाख 94 हजार 532 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- 33वें चरण (मई-जून, 2017) में 64 लाख 7 हजार 342 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई।
- ज्ञातव्य है कि विगत 17 वर्षों से प्रतिवर्ष दो चरणों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।
- इसका उद्देश्य राज्य में बाल मृत्यु दर में कमी लाना है।
- सेम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस)-2016 की जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में राजस्थान में बाल शिशु मृत्यु दर 41 प्रति हजार है।

संबंधित लिंक

http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.55689.html
https://www.patrika.com/pratapgarh-rajasthan-news/diet-of-vitamin-a-for-children-on-anganwadi-2002113/

ब्लू फ्लैग 17

प्रश्न-'ब्लू फ्लैग 17' बहुपक्षीय संयुक्त युद्धाभ्यास किस देश में आयोजित किया जा रहा है?

(a) जापान (b) जर्मनी (c) भारत (d) इजराइल



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2-16 नवंबर, 2017 के मध्य इजराइल के उवडा एयरफोर्स बेस पर संयुक्त युद्धाभ्यास 'ब्लू फ्लैग 17' आयोजित किया जा रहा है।
- वर्ष 2013 में प्रारंभ 'ब्लू फ्लैग' इजराइल का द्वि-वार्षिक वायुसेना युद्धाभ्यास है।
- इस वर्ष युद्धाभ्यास में इजराइल सहित सात देश फ्रांस, जर्मनी, इटली, ग्रीस, पोलैंड, अमेरिका और भारत हिस्सा ले रहे हैं।
- इस बहुपक्षीय युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के सी 130 जे स्पेशल ऑपरेशनल विमान के साथ 45 गरुड़ कमांडो हिस्सा ले रहे हैं।
- भारतीय वायुसेना दल का नेतृत्व कैप्टन मलूक सिंह करेंगे।

- यह पहली बार है जब भारतीय वायुसेना इजराइली वायुसेना के साथ किसी बहुपक्षीय युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहा है।
- इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य सम्मिलित देशों की जानकारी, अनुभव, ऑपरेशनल क्षमता और सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक

http://www.newsbharati.com/Encyc/2017/11/6/EX-BLUE-FLAG.html
https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/iaf-to-participate-in-multilateral-air-exercise-in-israel/articleshow/61374325.cms
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173108
http://www.israelnationalnews.com/News/News.aspx/237590

'प्रबल दोस्तक 2017'

प्रश्न-हाल ही में भारतीय सेना और किस देश की सेना के बीच हिमाचल प्रदेश के 'बाकलो' में संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'प्रबंल दोस्तक 2017' शुरू किया गया है?

(a) श्रीलंका (b) म्यांमार (c) कजाखिस्तान (d) जापान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 नवंबर, 2017 को भारतीय सेना और कजाखिस्तान की सेना के मध्य हिमाचल प्रदेश के 'बाकलो' में संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'प्रबल दोस्तक 2017' का शुभारंभ हुआ।
- यह अभ्यास 15 नवंबर, 2017 (14 दिन) को समाप्त होगा।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने के अलावा दोनों सेनाओं की आंतरिक क्षमता को मजबूत बनाना है।
- भारतीय सेना की 11वीं गोरखा राइफल्स का सशक्त दस्ता और कजाखिस्तान सेना का समान दस्ता भी प्रशिक्षण दल में शामिल है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173183

तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच'

प्रश्न-नवंबर, 2017 में दो दिवसीय 'सागर कवच' तटीय सुरक्षा अभ्यास कहां आयोजित किया जाएगा?

(a) गोवा (b) विशाखापत्तनम (c) चेन्नई (d) बालेश्वर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8-9 नवंबर, 2017 तक तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच' गोवा में आयोजित किया जाएगा।

- इस दो दिवसीय तटीय सुरक्षा अभ्यास में गोवा कोस्ट (Cost) के साथ सभी सुरक्षा एजेंसियां तटीय बेल्ट क्षेत्र रेखा से समुद्री सीमा (कुल 12 नॉटिकल मील) तक अभ्यास करेंगी।
- इस सुरक्षा अभ्यास में भारतीय तटरक्षक बल (ICG), भारतीय नौसेना, गोवा पुलिस, गोवा तट सुरक्षा खुफिया एजेंसियां, बंदरगाह प्रशासन विभाग, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) एवं कस्टम्स भी भाग लेंगे।

संबंधित लिंक

https://www.aninews.in/news/national/general-news/two-day-sagar-kavach-exercise-starts-on-november-8-in-goa201711021827320003/

आयोग/समिति

ग्राम जलवायु प्रत्यास्थी कृषि प्रबंधन समिति

प्रश्न-नवंबर, 2017 में महाराष्ट्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि से 'ग्राम जलवायु प्रत्यास्थी कृषि प्रबंधन समिति' (VCRMCs) के गठन का निर्णय लिया गया?

(a) 4000 करोड़ रुपये (b) 3000 करोड़ रुपये

(c) 2000 करोड़ रुपये (d) 5000 करोड़ रुपये

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 नवंबर, 2017 को महाराष्ट्र सरकार द्वारा 'नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना' के तहत 'ग्राम जलवायु प्रत्यास्थी कृषि प्रबंधन समिति' (VCRMCs: VILLAGE CLIMATE RESILIENT AGRICULTURE MANAGEMENT COMMITEES) के गठन का निर्णय लिया गया।
- समितियों का गठन 4000 करोड़ रुपये की धनराशि से किया जाएगा।
- परियोजना का वित्तपोषण विश्व बैंक द्वारा किया जाएगा।
- परियोजना के तहत जलवायु परिवर्तन के प्रति सर्वाधिक सुभेद्य (VUNERABLE) राज्य के 4210 गांवों का चयन किया गया है।
- इसके अतिरिक्त परियोजना में जल की लवणता में परिवर्तन का सामना कर रहे राज्य के 932 गांवों को भी शामिल किया गया है।
- चयनित सभी गांवों में नई कृषि पद्धतियां अपनाने, पानी के तर्कसंगत उपयोग और मिट्टी की जांच पर बल देने हेतु 13 सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/maha-govt-to-set-up-village-climate-resilient-committees/1/1084938.html

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/maha-govt-to-set-up-village-climate-resilient-committees-117110800572_1.html

जीएसटी को सुगम बनाने हेतु परामर्श समूह गठित

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी को और अधिक सरल एवं सुगम बनाने हेतु जीएसटी परिषद की विधि समिति के साथ ही एक परामर्श समूह का गठन किया गया। इस समूह का संयोजक किसे बनाया गया है?

(a) प्रवीण खंडेलवाल (b) गौतम रे (c) अजय सहाय(d) बिनोद जैन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2017 को केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी को और अधिक सरल एवं सुगम बनाने हेतु जीएसटी परिषद की विधि समिति के साथ ही एक परामर्श समूह का गठन किया गया।
- यह समूह इस माह के अंत में अपनी रिपोर्ट विधि समिति को देगा।
- इस समूह में अखिल भारतीय व्यापारी संघ के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल सहित पांच लोगों को शामिल किया गया है।
- समूह का संयोजक केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व मुख्य आयुक्त गौतम रे को बनाया गया है।
- इस समूह के अन्य सदस्यों में सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी के शोध निदेशक अर्ध्यसेन गुप्ता, विनोद जैन (सीए), भारतीय निर्यातक महासंघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सहाय तथा लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष ओम प्रकाश मित्तल शामिल हैं।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/gst-advisory-group-in-favour-of-expanding-composition-scheme/1/1085389.html
http://www.business-standard.com/article/economy-policy/gst-advisory-group-in-favour-of-expanding-composition-scheme-117110801529_1.html
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/advisory-group-to-discuss-ways-to-simplify-gst-for-traders/articleshow/61550599.cms

द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग के गठन को मंजूरी

प्रश्न-द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में किया जाएगा?

(a) आर. बसन्त (b) पी.एन. रामाराव

(c) जे.पी. वेंकटरामा रेड्डी (d) पी. रेड्डी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा देश में अधीनस्थ न्यायपालिका के लिए द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (SNJPC) के गठन को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह आयोग सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जे.पी. वेंकटरामा रेड्डी की अध्यक्षता में गठित होगा।
- आर. बसंत (केरल उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश) इस आयोग में सदस्य नियुक्त किए गए हैं।
- यह आयोग अधिमानतः 18 माह की अवधि के भीतर राज्य सरकारों को अपनी सिफारिशें सुपुर्द करेगा।
- इस आयोग का उद्देश्य देश भर में न्यायिक अधिकारियों के वेतनमान और वेतन व सेवा की दशाओं में एकरूपता लाना है।
- यह आयोग राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के न्यायिक अधिकारियों के वेतन व सेवा की दशाओं के वर्तमान ढांचे की जांच करेगा।
- आयोग कार्य प्रणाली के तौर-तरीकों की जांच के साथ-साथ वेतन के अतिरिक्त न्यायिक अधिकारियों को मिल रहे विभिन्न भत्तों तथा गैर-नकदी लाभों की समीक्षा करेगा और इनको युक्तिसंगत बनाने व सरलीकरण हेतु अपने सुझाव भी देगा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173389

पटियाला में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समिति का गठन

प्रश्न-हाल ही में किसकी अध्यक्षता में पटियाला में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समिति का गठन किया गया है?



(a) परगट सिंह (b) जे.एस. नरूला

(c) डॉ. एल.एस. राणावत (d) रणधीर सिंह

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2017 को पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पटियाला में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए पूर्व ओलंपियन रणधीर सिंह की अध्यक्षता में संचालन समिति का गठन किया।
- यह समिति खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तहत गठित की गई है जो प्रस्तावित विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए सभी औपचारिकताओं पर कार्य करेगी।

- रणधीर सिंह के अतिरिक्त इस समिति में पूर्व ओलंपियन परगट सिंह, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा (LNIPE) विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पूर्व कुलपति जे.एस. नरूला और राजस्थान खेल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ.एल.एस. राणावत शामिल हैं।

संबंधित लिंक

http://www.ptinews.com/news/9192481_Punjab-CM-constitutes-committee-for-sports-varsity-in-Patiala
http://indiatoday.intoday.in/story/punjab-cm-constitutes-committee-for-sports-varsity-in-patiala/1/1078439.html
http://www.business-standard.com/article/pti-stories/punjab-cm-constitutes-committee-for-sports-varsity-in-patiala-117103000761_1.html

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय प्रस्ताव की समीक्षा हेतु समिति गठित

प्रश्न-हाल ही में किसकी अध्यक्षता में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय प्रस्ताव की समीक्षा हेतु समिति का गठन किया गया है?



(a) अरुण जेटली (b) राजीव कुमार
(c) निर्मला सीतारमण (d) पीयूष गोयल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2017 को केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए वित्तमंत्री अरुण जेटली की अध्यक्षता में मंत्रीस्तरीय समिति का गठन किया है।
- समिति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय प्रस्ताव पर गौर करेगी।
- समिति के अन्य सदस्यों में रेलवे और कोयला मंत्री पीयूष गोयल और रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हैं।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/industry/banking/finance/banking/government-sets-up-arun-jaitley-led-panel-on-psu-bank-mergers/articleshow/61340791.cms

सम्मेलन/समारोह

आठवां वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन-2017

प्रश्न-28-30 नवंबर, 2017 के मध्य 'आठवें वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन' का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) मुंबई (b) बंगलुरू (c) हैदराबाद (d) अहमदाबाद

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28-30 नवंबर, 2017 के मध्य 'आठवें वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन' (8th Global Entrepreneurship Summit: GES) का आयोजन हैदराबाद, तेलंगाना में किया जा रहा है।
- 28 नवंबर, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन भारत एवं अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'सबसे पहले महिलाएं, सभी के लिए समृद्धि' (Women First, Prosperity for All) है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी एवं सलाहकार इवांका ट्रंप इस सम्मेलन में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं।
- यह पहला अवसर है जब दक्षिण एशिया में यह सम्मेलन हो रहा है।
- इस सम्मेलन में विश्व के उद्यमी, निवेशक, सरकारी अधिकारी तथा व्यापार प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।
- ध्यातव्य है कि अमेरिका ने 21 नवंबर को 'राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस' तथा नवंबर माह को 'राष्ट्रीय उद्यमिता माह' घोषित किया है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173932

पहला सैन्य साहित्य उत्सव

प्रश्न-7-9 दिसंबर, 2017 के मध्य पहला सैन्य साहित्य महोत्सव कहां आयोजित किया जाएगा?

(a) कपूरथला (b) चंडीगढ़ (c) अमृतसर (d) जोधुपर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को पंजाब के स्थानीय निकायों और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने सैन्य साहित्य महोत्सव के प्रतीक चिह्न (logo) का अनावरण किया।
- 7-9 दिसंबर, 2017 के मध्य पंजाब सरकार द्वारा चंडीगढ़ में पहला सैन्य साहित्य महोत्सव आयोजित किया जायेगा।
- इस उत्सव का आयोजन पंजाब सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम का आयोजन सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने और जनता के बीच सैन्य साहित्य के विषय में जागरूकता का प्रसार करने के लिए किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/military-literature-festival-india-first-chandigarh-december-

lifest/1/1087382.html
http://indianexpress.com/article/india/chandigarh-to-play-host-military-literature-festival-from-december-7-9-4932197/

आठवां वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन-2017

प्रश्न-28-30 नवंबर, 2017 के मध्य 'आठवें वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन' का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) मुंबई (b) बंगलुरू (c) हैदराबाद (d) अहमदाबाद

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28-30 नवंबर, 2017 के मध्य 'आठवें वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन' (8th Global Entrepreneurship Summit: GES) का आयोजन हैदराबाद, तेलंगाना में किया जा रहा है।
- 28 नवंबर, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन भारत एवं अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'सबसे पहले महिलाएं, सभी के लिए समृद्धि' (Women First, Prosperity for All) है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी एवं सलाहकार इवांका ट्रंप इस सम्मेलन में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं।
- यह पहला अवसर है जब दक्षिण एशिया में यह सम्मेलन हो रहा है।
- इस सम्मेलन में विश्व के उद्यमी, निवेशक, सरकारी अधिकारी तथा व्यापार प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।
- ध्यातव्य है कि अमेरिका ने 21 नवंबर को 'राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस' तथा नवंबर माह को 'राष्ट्रीय उद्यमिता माह' घोषित किया है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173932

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2017

प्रश्न-17 नवंबर से 7 दिसंबर, 2017 के मध्य अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2017 का आयोजन कहां किया जा रहा है?



(a) जालंधर (b) कुरूक्षेत्र (c) मथुरा (d) द्वारिका

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर से 3 दिसंबर, 2017 के मध्य 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2017' का आयोजन कुरूक्षेत्र, हरियाणा में किया जा रहा है।

- 25 नवंबर, 2017 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव' का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर उन्होंने गीता ज्ञान संस्थानम में गीता अनुसंधान केंद्र की आधारशिला रखी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173852
https://www.facebook.com/InternationalGitaMahotsav2017/
http://internationalgitamahotsav.in/

साइबरस्पेस पर 5वां वैश्विक सम्मेलन-2017

प्रश्न-23-24 नवंबर, 2017 के मध्य साइबरस्पेस पर 5वें वैश्विक सम्मेलन का आयोजन कहां किया जा रहा है?



(a) कोलंबो (b) ढाका (c) टोरंटो (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23-24 नवंबर, 2017 के मध्य 'साइबरस्पेस पर 5वें वैश्विक सम्मेलन' (5th Global Conference on Cyberspace) का आयोजन एरोसिटी, नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- यह साइबरस्पेस और उससे संबंधित मामलों पर विश्व का सबसे बड़ा सम्मेलन है।
- पहली बार यह सम्मेलन ओईसीडी (OECD: Organisation for Economic Co-operation and Development) राष्ट्र देशों के बाहर आयोजित किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Cyber 4All: A Secure and Inclusive Cyberspace for Sustainable Development" है।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।
- इस सम्मेलन में लगभग 100 से अधिक देशों के वरिष्ठ अधिकारी, इंडस्ट्री लीडर्स तथा सिविल सोसाइटी के लगभग 2000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173571
https://gccs2017.in/
http://www.oecd.org/about/membersandpartners/list-oecd-member-countries.htm

चिकित्सा उत्पादों तक पहुंच और व्यापार तथा स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर पहला विश्व सम्मेलन

प्रश्न-चिकित्सा उत्पादों तक पहुंच और व्यापार तथा स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर पहला विश्व सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?



(a) नई दिल्ली (b) कोलम्बो (c) यांगून (d) बैंकाक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2017 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री जे.पी. नड्डा द्वारा चिकित्सा उत्पादों तक पहुंच और व्यापार तथा स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर पहले विश्व सम्मेलन का उद्घाटन नई दिल्ली में किया गया।
- इस सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा भारत में डब्ल्यूएचओ (WHO) के कंट्री ऑफिस (भारत) के सहयोग से और अंतरराष्ट्रीय विधि सोसाइटी की भागीदारी से किया गया।
- सम्मेलन का उद्देश्य जानकारी का आदान-प्रदान करना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों, अनुसंधान तथा नवोन्मेष में आधुनिक मुद्दों पर पारस्परिक समझ बनाना है जिससे सतत विकास लक्ष्य 2030 का एजेंडा हासिल करने के लिए चिकित्सा उत्पादों तक पहुंच बनाई जा सके।
- इस सम्मेलन में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न देशों और विकास संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173696

विश्व खाद्य भारत-2017

प्रश्न-विश्व खाद्य भारत-2017 के संबंध में कौन सा-तथ्य सही नहीं हैं-

(a) इसका आयोजन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया।

(b) इसमें सहभागी देश जर्मनी, जापान और नीदरलैंड थे।

(c) फोकस देश इटली और न्यूजीलैंड थे।

(d) इस महोत्सव के दौरान 918 किलो खिचड़ी बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया गया।



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3-5 नवंबर, 2017 के मध्य विश्व खाद्य भारत-2017 (World Food India-2017) विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

- यह कार्यक्रम केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल के दिशा-निर्देश के तहत खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने निवेश बंधु (http:/foodprocessingindia.co.in) पोर्टल या इन्वेस्टर फ्रेंड का शुभारंभ किया।
- इस पोर्टल पर केंद्र व राज्य सरकारों की नीतियां तथा खाद्य प्रसंस्करण प्रक्षेत्र के अंतर्गत दी जा रही रियायतों की जानकारी उपलब्ध होगी।
- यह व्यवसायियों, किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करण से जुड़े लोगों और लॉजिस्टिक संचालकों हेतु एक साझा मंच होगा।
- फूड स्ट्रीट प्रदर्शनी विशेष तौर पर शेफ संजीव कपूर द्वारा तैयार की गई थी।
- इसमें भारतीय मसालों और अन्य खाद्य सामग्रियों का उपयोग करके खाने-पीने की चीजों को प्रदर्शित किया गया।
- इस प्रदर्शनी में 22 देशों और घरेलू कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली 800 कंपनियों ने भागीदारी की।
- विश्व खाद्य भारत-2017 में सहभागी देश-जर्मनी, जापान और डेनमार्क रहे।
- फोकस देश-इटली और नीदरलैंड
- विश्व खाद्य भारत-2017 के उद्घाटन दिवस में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल की उपस्थिति में 68,000 करोड़ रुपये की राशि के समतुल्य 13 समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए।
- इस महोत्सव के दौरान 4 नवंबर, 2017 को 918 किलो खिचड़ी बना कर विश्व रिकार्ड बनाया गया।
- इसका उद्देश्य भारतीय व्यंजन को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाना है।
- इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भारतीय व्यंजन पर एक स्मारक टिकट एवं कॉफी टेबल बुक भी जारी किया।
- इस कार्यक्रम में 60 वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और 60 से भी अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी को।
- इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में निवेश को आकर्षित करना और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना था।
- ज्ञातव्य है कि खाद्य प्रसंस्करण मेक इन इंडिया के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है जिसमें 100 प्रतिशत एफडीआई है।
- भारतविश्व में खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में दूसरा सबसे बड़ा देश है।
- भारत का विश्व में फल, सब्जी, चावल, गेहूं व मछली के उत्पादन के क्षेत्र में दूसरा तथा दूध उत्पादन में पहला स्थान है।

भारत-चीन पर्यटन आदान-प्रदान संगोष्ठी

प्रश्न-हाल ही में चीन के किस शहर में भारत-चीन पर्यटन आदान-प्रदान संगोष्ठी आयोजित की गई?

(a) तियानजिन (b) सान्या (c) चेंगदू (d) झियान



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2017 को देश के पर्यटन स्थलों के विषय में जागरूकता पैदा करने हेतु भारत द्वारा चीन के सान्या शहर में भारत-चीन पर्यटन आदान-प्रदान संगोष्ठी आयोजित की गई।
- इसका आयोजन गुवांगझू (Guangzhou) स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा किया गया।
- इस संगोष्ठी का आयोजन सान्या में ही आयोजित 3 दिवसीय ग्लोबल योगा एक्सचेंज कांफ्रेंस के साथ किया गया।
- इस संगोष्ठी में सान्या नगरपालिका के वरिष्ठ अधिकारियों, विदेश मामलों के कार्यालय, पर्यटन विकास आयोग, संस्कृति विभाग, मीडिया संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापारिक घरानों, शिक्षाविदों और चीन के लगभग 150 ट्रैवल एजेंटो तथा एयरलाइंस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- ज्ञातव्य है कि वर्तमान में चीन विश्व का शीर्ष पर्यटन स्रोत बाजार है।
- वर्ष 2016 में लगभग 135 मिलियन चीनी यात्रियों ने विदेश की यात्रा की थी।
- 28 मार्च, 2017 को सान्या सिटी में संपन्न सातवीं एनपीसी की स्थायी समिति की बैठक (तीसरी) में बंगलुरू के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने हेतु सान्या सरकार द्वारा एक प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी।
- अगस्त, 2017 में एक न्या सान्या गुवांगझू-दिल्ली वायु मार्ग शुरू हुआ।
- भारत-चीन पर्यटन आदान-प्रदान संगोष्ठी के दौरान दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने अपने संबंधित पर्यटन संसाधनों पर प्रस्तुतियां दीं।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/india-organises-tourism-promotion-campaign-in-chinas-sanya-117102601374_1.html

10वां दक्षिण एशिया आर्थिक सम्मेलन

प्रश्न-14-16 नवंबर, 2017 के मध्य '10वें दक्षिण एशिया आर्थिक सम्मेलन' का आयोजन कहां किया गया?

(a) ढाका (b) मनीला (c) काठमांडू (d) नई दिल्ली



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14-16 नवंबर, 2017 के मध्य '10वें दक्षिण एशिया आर्थिक सम्मेलन'

(10th South Asia Economic Summit) का आयोजन काठमांडू, नेपाल में किया गया।

- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Deeping Economic Integration for Inclusive and Sustainable Development in South Asia" था।
- इस सम्मेलन में दक्षिण एशियाई देशों के लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- यह सम्मेलन वर्ष 2008 से आयोजित किया जा रहा है।

संबंधित लिंक

http://ddnews.gov.in/national/10th-south-asia-economic-summit-begin-kathmandu-tomorrow
http://cpd.org.bd/10th-south-asia-economic-summit-held-nepal/

अंतरराष्ट्रीय बैलून महोत्सव

प्रश्न-14-16 नवंबर, 2017 के मध्य प्रथम अंतरराष्ट्रीय बैलून महोत्सव का आयोजन कहां संपन्न हुआ?

(a) राजस्थान (b) आंध्र प्रदेश (c) गुजरात (d) कर्नाटक



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14-16 नवंबर के मध्य 'पहला अंतरराष्ट्रीय बैलून महोत्सव' आंध्र प्रदेश राज्य के विशाखापट्टनम के निकट अराकू घाटी (Araku Valley) में संपन्न हुआ।
- इसका आयोजन आंध्र प्रदेश पर्यटन विभाग और ई-फैक्टर्स एंड स्काईवाल्टज (E-Factor' & SkyWaltz) जो कि एक एंडवेंचर टूरिज्म कंपनी है, के द्वारा किया गया।
- इसमें 13 देशों ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फ्रांस, मलेशिया, बेल्जियम, अमेरिका, इटली, ब्राजील, फिलीपींस, स्विट्जरलैंड, स्पेन, दक्षिण कोरिया और भारत के अनुभवी पायलटों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/cities/Visakhapatnam/araku-balloon-festival-extended-by-a-day/article20493545.ece
http://www.business-standard.com/article/news-ians/andhra-s-araku-valley-to-host-hot-air-balloon-festival-117111300911_1.html
http://odishatv.in/2017/11/13/hot-air-balloon-festival-in-andhras-araku-valley/

नॉर्डिक-बाल्टिक युवा फिल्म समारोह

प्रश्न-हाल ही में पहला नॉर्डिक बाल्टिक युवा फिल्म समारोह कहां आयोजित किया गया?

(a) कोपेनहेगन (b) नई दिल्ली (c) ओस्लो (d) हेलसिंकी



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13-18 नवंबर, 2017 के मध्य नॉर्डिक-बाल्टिक दूतावास ने पहले नॉर्डिक-

बाल्टिक युवा फिल्म समारोह का आयोजन भारत पर्यावास केंद्र (India Habitat Centre) नई दिल्ली में किया।

- इसका आयोजन नॉर्डिक-बाल्टिक दूतावासों द्वारा भारत पर्यावास केंद्र के सहयोग से किया गया।
- इस समारोह में क्षेत्र से सबसे प्रतिष्ठित और ऑस्कर नामांकित फिल्मों में से कुछ फिल्मों के विविध मिश्रण का प्रदर्शन किया गया।
- समारोह की शुरूआत डेनमार्क की एक ऑस्कर नामांकित फिल्म लैंड ऑफ माइन से हुई।
- इस समारोह के माध्यम से भारतीय दर्शकों को इन देशों से जुड़ने और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का एक अवसर प्राप्त हुआ।
- ज्ञातव्य है कि नॉर्डिक बाल्टिक 8 देश यथा डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, आइसलैंड, लाटविया, लिथुआनिया, नॉर्वे और स्वीडन व्यापार, संस्कृति और कई आम तथा विविध मूल्य प्रणालियों के माध्यम से भौगोलिक और ऐतिहासिक रूप से एक साथ जुड़े हुए हैं।

संबंधित लिंक

http://www.ptinews.com/news/9228933_First-Nordic-Baltic-youth-film-festival-begins-tomorrow
http://www.business-standard.com/article/news-ians/first-ever-nordic-baltic-youth-film-festival-in-india-117110701584_1.html
https://lbb.in/delhi/events/5a04557dc97fed09cf656b8a/

अफगानिस्तान पर 7वां क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग सम्मेलन

प्रश्न-अफगानिस्तान पर 7वां क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?

(a) दमिश्क (b) नई दिल्ली (c) अशगाबात (d) न्यूयॉर्क



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14-15 नवंबर, 2017 के मध्य अफगानिस्तान पर 7वें क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग सम्मेलन (RECA-Regional Economic Cooperation Summit on Afganistan) का आयोजन तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अशगाबात में किया गया।
- इस सम्मेलन में विदेश राज्यमंत्री एम.जे. अकबर ने भागीदारी की।
- सम्मेलन में क्षेत्रीय और अन्य देशों के अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया।
- सम्मेलन के दौरान अफगानिस्तान और क्षेत्रीय देशों के बीच महत्वपूर्ण व्यापारिक और ट्रांजिट समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- ज्ञातव्य है कि अफगानिस्तान में जारी शांति प्रक्रिया में मदद प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2005 में रेका की शुरूआत की गई थी।

संबंधित लिंक

http://www.spa.gov.sa/viewfullstory.php?lang=en&newsid=1688650

भारत-चीन सीमा संबंधी मामलों की बैठक

प्रश्न-हाल ही में भारत-चीन सीमा संबंधी मामलों पर परामर्श और समन्वय की कार्यकारी व्यवस्था (डब्ल्यूएमसीसी) के दसवें दौर की बैठक कहां आयोजित हुई?



(a) बीजिंग (b) पेइचिंग (c) नई दिल्ली (d) इम्फाल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2017 को भारत-चीन सीमा संबंधी मामलों पर परामर्श और समन्वय की कार्यकारी व्यवस्था (डब्ल्यूएमसीसी) के दसवें दौर की बैठक बीजिंग, चीन में आयोजित हुई।
- इस बैठक में दोनों देशों ने आपसी सीमा के सभी क्षेत्रों में स्थिति की समीक्षा की।
- दोनों देशों ने इस विषय पर सहमति व्यक्त की कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और अमन बनाए रखना आपसी संबंधों में निरंतर वृद्धि की एक महत्वपूर्ण शर्त है।
- दोनों पक्षों ने विश्वास बहाली के और अधिक उपायों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच संपर्क सुदृढ़ बनाये जाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।
- ज्ञातव्य है कि डब्ल्यूएमसीसी की स्थापना वर्ष 2012 में हुई थी जिसका लक्ष्य भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने में संस्थागत सहयोग प्रदान करना है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/doklam-standoff-india-china-border-troops-pm-modi-xi-jinping-xiamen/1/1091721.html
http://www.thehindubusinessline.com/news/world/india-china-hold-border-consultation-mechanism-meet-after-doklam-standoff/article9965425.ece

20वां अंतरराष्ट्रीय भारतीय बाल फिल्म महोत्सव-2017

प्रश्न-8-14 नवंबर, 2017 के मध्य '20वां अंतरराष्ट्रीय भारतीय बाल फिल्म महोत्सव' का आयोजन कहां किया गया?



(a) नई दिल्ली (b) जयपुर (c) हैदराबाद (d) गुवाहाटी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8-14 नवंबर, 2017 के मध्य '20वें अंतरराष्ट्रीय भारतीय बाल फिल्म महोत्सव' (ICFFI) का आयोजन शिल्पकला वेदिका हैदराबाद, तेलंगाना में किया गया।
- इस महोत्सव का मुख्य विषय (Theme) 'न्यू इंडिया' था।

- इस महोत्सव में तेलंगाना सरकार के साथ भारतीय बाल फिल्म सोसाइटी (CFSI) और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने संयुक्त रूप से मेजबानी की।
- सीएफएसआई सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है।

संबंधित लिंक

http://cfsindia.org/20icffi/
http://cfsindia.org/20icffi/about.php

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

प्रश्न-20-21 नवंबर, 2017 के मध्य भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार कहां आयोजित किया गया?



(a) जयपुर (b) बंगलुरू (c) नई दिल्ली (d) कोच्चि

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20-21 नवंबर, 2017 के मध्य भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनारः उद्योग के लिए चलन और अवसर का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- इसका उद्घाटन अंतरिक्ष विभाग में सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष ए.एस. किरण कुमार ने किया।
- इसका आयोजन इसरो, एंटरिक्स कॉर्पोरेशन लि. (इसरो की व्यावसायिक शाखा) ने भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल के सहयोग से किया।
- इसका उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रणालियों पर विचार-विमर्श करना, भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के कार्य को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की प्रक्रिया में चल रहे विचार-विमर्श को जारी रखना और सरल कार्य को आगे बढ़ाना है, ताकि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र विस्तृत भागीदारी और सहयोग के साथ घरेलू और वैश्विक स्तरों पर विस्तार कर सके।
- इसके अलावा, इसका उद्देश्य हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों और प्रमुख कार्यों तथा भविष्य के कार्यक्रमों और योजनाओं को उजागर करना है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173669
http://ficci.in/events-page.asp?evid=23463

42वीं आईसीएमएम वर्ल्ड कांग्रेस ऑन मिलिट्री मेडिसिन

प्रश्न-42वीं आईसीएमएम वर्ल्ड कांग्रेस ऑन मिलिट्री मेडिसिन कहां आयोजित की जा रही है?

(a) जयपुर (b) नई दिल्ली (c) जोधपुर (d) रायपुर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 से 24 नवंबर, 2017 के मध्य 42वीं आईसीएमएम वर्ल्ड कांग्रेस ऑन मिलिट्री मेडिसिन (42nd ICMM World Congress on Military Medicine) विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है।
- इसका उद्घाटन चीफ्स ऑफ स्टॉफ कमेटी एवं नौसेना प्रमुख सुनील लनबा ने किया।
- इसका मुख्य विषय (Theme)-"Military Medicine in Transition: Looking Ahead" था।

संबंधित लिंक

http://www.cimm-icmm.org/page/anglais/42emeCongresMondialInde2017ANG/ICMM2017_program.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173681

नमामि बराक उत्सव

प्रश्न-18-20 नवंबर, 2017 के मध्य 'नमामि बराक उत्सव' का आयोजन कहां संपन्न हुआ?

(a) सिलचर (b) गुवाहाटी (c) दार्जिलिंग (d) भुवनेश्वर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 18-20 नवंबर, 2017 के मध्य 'नमामि बराक उत्सव' असम राज्य के सिलचर जिले में संपन्न हुआ।
- 18 नवंबर, 2017 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनावाल ने 'नमामि बराक उत्सव' का उद्घाटन किया।
- 20 नवंबर, 2017 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस उत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए।
- इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बराक घाटी की भौगोलिक स्थिति उसे अंतर- राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र बनाने की संभावना प्रदान करती है।
- इस संभावना को हासिल करने के लिए संपर्क संबंधी अनेक पहलें की गई हैं।
- 'ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर' का पूर्वोत्तर भाग जो असम में काछाड़ से गुजरात में कच्छ तक जाता है, सिलचर से शुरू होता है।
- इसके अलावा अगरतला को दिल्ली से जोड़ने वाली बड़ी रेलवे लाइन बराक घाटी से गुजरती है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173678
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173649

पेट्रोकेमिकल इनवेस्टर्स कॉनक्लेव 2017

प्रश्न-16 नवंबर, 2017 को 'पेट्रोकेमिकल इनवेस्टर्स कॉनक्लेव 2017' का आयोजन कहां किया गया?

(a) गांधीनगर (b) भुवनेश्वर (c) गुवाहाटी (d) जयपुर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2017 को 'पेट्रोकेमिकल इनवेस्टर्स कॉनक्लेव' (Petrochemical Investors Conclave) 2017 का आयोजन भुवनेश्वर, ओडिशा में किया गया।
- इस कॉनक्लेव का मुख्य विषय (Theme)-"Purvodaya-The Dawn of New Investment Opportunities in Eastern India" था।
- इसका आयोजन केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्रकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वाधान में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. (IOCL) द्वारा किया गया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173585
http://pib.nic.in/newsite/pmphoto.aspx?mincode=20

12वां पूर्वोत्तर व्यवसाय सम्मेलन

प्रश्न-16-17 नवंबर, 2017 के मध्य 12वां पूर्वोत्तर व्यवसाय सम्मलेन कहाँ आयोजित किया गया?

(a) गुवाहाटी (b) नई दिल्ली (c) इम्फाल (d) कोलकाता



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16-17 नवंबर, 2017 के मध्य 12वें पूर्वोत्तर व्यवसाय सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- सम्मेलन का उद्देश्य भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में कारोबार के अवसर का पता लगाना था।
- उल्लेखनीय है कि यहां अवसंरचना और सार्वजनिक विकास, वित्तीय समावेश, सेवा क्षेत्र विकास विशेषकर पर्यावरण और आतिथ्य सत्कार क्षेत्र तथा खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों पर फोकस किया गया है।
- इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (ICC) द्वारा किया गया।
- इस सम्मेलन में मणिपुर राज्य भागीदार रहा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173566
http://www.business-standard.com/article/government-press-release/two-day-12th-north-east-business-summit-inaugurated-in-new-delhi-117111600828_1.html

बाल-श्रम के निरंतर उन्मूलन पर चौथा वैश्विक सम्मेलन

प्रश्न-14-16 नवंबर, 2017 के मध्य 'बाल-श्रम के निरंतर उन्मूलन' पर चौथे वैश्विक सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?



(a) ब्यूनस आयर्स (b) न्यूयॉर्क (c) पेरिस (d) रोम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14-16 नवंबर, 2017 के मध्य बाल श्रम के निरंतर उन्मूलन पर चौथे वैश्विक सम्मेलन (4th Global Conference on the Sustained Eradication of Child Labour) का आयोजन ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में किया गया।
- इस सम्मेलन में 100 से भी ज्यादा देशों की सरकारों, नियोक्ताओं और कर्मकारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173530

द्वीप विकास एजेंसी की दूसरी बैठक

प्रश्न-हाल ही में द्वीप विकास एजेंसी की दूसरी बैठक कहां आयोजित हुई?

(a) लक्षद्वीप (b) अंडमान एवं निकोबार (c) नई दिल्ली (d) पुडुचेरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 नवंबर, 2017 को गृहमंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में द्वीप विकास एजेंसी की दूसरी बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई।
- इस बैठक में द्वीप विकास एजेंसी (आईडीए) द्वारा 9 द्वीपों के समग्र विकास हेतु विस्तृत मास्टर प्लान और विकास योजनाओं की आवधारणा की समीक्षा की गई।
- इन 9 द्वीपों में से चार अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्मिथ, रॉस, लांग, एविस तथा पांच लक्षद्वीप के मिनिकॉय, बंगाराम, थिन्नकारा, चेरियम और सुहेली शामिल हैं।
- यह परियोजना नीति आयोग द्वारा संचालित है जिसका उद्देश्य इन द्वीपों की सामुद्रिक अर्थव्यवस्था के विकास हेतु प्रोत्साहन प्रदान करना है।
- इस बैठक में उत्तरी अंडमान और निकोबार द्वीप में डिगलीपुर के निकट शिबपुर स्थित नौसेना वायु स्टेशन को संयुक्त उपभोक्ता हवाई अड्डे के रूप में परिवर्तन करने का निर्णय किया गया।

- बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि पर्यटन क्षमता को बढ़ाने के लिए मिनिकॉय द्वीप में पीपीपी पैकेज (PPP Peckage) विकसित किए जाएं, जिसमें संयुक्त उपयोग हवाई अड्डा भी शामिल हो।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173317
http://www.hindustantimes.com/india-news/on-the-cards-new-airport-at-lakshadweep-to-promote-tourism-tuna-fishing-industry/story-GEBE174pPBaoCQ150sp6jP.html

कार्यशाला 'चिंतन शिविर'

प्रश्न-हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला विकल्प किससे संबंधित नहीं है?



(a) डिजिटल शिक्षा (b) जीवन कौशल शिक्षा
(c) प्राथमिक शिक्षा (d) प्रायोगिक अध्ययन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-7 नवंबर, 2017 के मध्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा कार्यशाला 'चिंतन शिविर' का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- इस कार्यशाला का उद्घाटन केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने किया।
- इसका उद्देश्य 21वीं सदी के भारत के लिए प्रासंगिक समग्र शिक्षा प्रदान करना और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र के मुख्य हितधारकों तथा व्यक्तियों को शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने हेतु एकजुट करना था।
- यह कार्यशाला मुख्यतः पांच विषयों-डिजिटल शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षा, प्रायोगिक अध्ययन, शारीरिक शिक्षा और नैतिक शिक्षा पर केंद्रित थी।
- मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस अवसर पर 'स्कूली शिक्षा में बेहतर तौर-तरीके और आविष्कार' से संलग्न सार संग्रह तथा राज्य स्तरीय एनजीओ सीएसआर पोर्टल 'शाला सारथी' का भी उद्घाटन किया।
- दो दिवसीय इस कार्यक्रम में 157 संस्थाओं एवं विशेषज्ञों ने विशिष्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विचार साझा किया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173261
https://innovate.mygov.in/chintan-shivir/

शहरी गतिशीलता भारत सम्मेलन एवं प्रदर्शनी

प्रश्न-हाल ही में शहरी गतिशीलता भारत सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन किस स्थान पर किया गया?

(a) बंगलुरू (b) हैदराबाद (c) जयपुर (d) नई दिल्ली



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4-6 नवंबर, 2017 के मध्य 'शहरी गतिशीलता भारत सम्मेलन एवं प्रदर्शनी' का आयोजन हैदराबाद में किया गया।
- इसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, तेलंगाना सरकार और फ्रांस के यातायात संस्थान 'कोदातू' ने संयुक्त रूप से किया।
- सम्मेलन का मुख्य विषय-'बुद्धिमान, समावेशी और सतत गतिशीलता' (Intelligent, Inclusive & Sustainable mobility) था।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य शहरी यातायात, गतिशीलता विषयों और पूरे विश्व के विभिन्न शहरों में यातायात की स्थिति की जानकारी देना और विचारों का आदान-प्रदान करना था।
- इसके अलावा सम्मेलन में विभिन्न साधनों के कारगर उपयोग में समन्वय, यातायात तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना, जलवायु अनुकूल यातायात योजना पर भी विचार-विमर्श हुआ।
- हैदराबाद में सड़क सुरक्षा, यातायात आधारित विकास और ट्राम सेवाओं की शुरूआत पर भी चर्चा की गई।

संबंधित लिंक

http://www.ambinde.fr/images/PDF/Events/2017-09-07_10thUrbanMobilityIndiaConference&Expo2017.pdf
http://umi10-codatuxvii.org/
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173228
http://urbanmobilityindia.in/Conference/Programmes.aspx
https://www.facebook.com/IndiainBhutan/photos/pcb.1850876374938975/1850874261605853/?type=3

तीसरी विश्व युवा गोष्ठी

प्रश्न-हाल ही में विश्व युवा गोष्ठी का आयोजन कहां किया गया?

(a) विएना (b) कोलकाता (c) दुबई (d) शर्म-अल-शेख (मिस्र)



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4-10 नवंबर, 2017 के मध्य तीसरी विश्व युवा गोष्ठी का आयोजन शर्म-अल-शेख,

मिस्र में किया गया।

- इस गोष्ठी की हैशटैग लाइन 'वी नीड टू टॉक' (We need to talk) थी।
- इस सात दिवसीय गोष्ठी का उद्घाटन मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतेह अल-सीसी ने किया।
- इस गोष्ठी में भारत की ओर से युवा मामले और खेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने भाग लिया।
- इसका उद्देश्य संपूर्ण विश्व से युवाओं को मुख्य वैश्विक नीति निर्धारकों से जोड़ना था।
- इसमें व्यापार में युवाओं की भूमिका, भविष्य के नेताओं के निर्माण की नवीन पद्धतियां, चुनौतियों, लिंग समानता और महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।
- इस शिखर सम्मेलन में 14 देशों के प्रमुख, युवा मामलों के मंत्री और संयुक्त राष्ट्र, अरब लीग और अफ्रीकी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173225
https://www.facebook.com/World-Youth-Forum-EGYPT-Nov-17-126888237943689/
http://www.bbc.com/news/blogs-trending-41842825
http://english.ahram.org.eg/NewsContent/1/64/281238/Egypt/Politics-/Egypts-Sisi-receives-French-FM-on-sidelines-of-Wor.aspx

छठा इन्वेस्ट नार्थ बिजनेस सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में छठा इन्वेस्ट नार्थ बिजनेस सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?

(a) जयपुर (b) अहमदाबाद (c) मुंबई (d) नई दिल्ली



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1-2 नवंबर, 2017 के मध्य छठा इन्वेस्ट नार्थ बिजनेस सम्मेलन मुंबई के ताजमहल होटल में आयोजित किया गया।
- प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों से विचार-विमर्श हेतु इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (CII-Confederation of Indian Industry) ने किया।
- सम्मेलन में राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व पंजाब के प्रतिनिधियों एवं मुंबई के प्रवासी व्यवसायी उद्यमियों ने भाग लिया।
- सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में व्यवसाय एवं निवेश के अवसरों के संबंध में यथा रक्षा, विमानन स्वचालित तकनीकों, टेक्सटाईल, भवन निर्माण, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक ऊर्जा, पर्यटन सहित अनेक क्षेत्रों पर विचार-विमर्श हुआ।

बालि यात्रा महोत्सव 2017



प्रश्न-बालि यात्रा महोत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?

(a) ओडिशा (b) असम (c) मणिपुर (d) अरुणाचल प्रदेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 नवंबर, 2017 को प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ओडिशा में मनाया जाने वाला बालि यात्रा महोत्सव का शुभारंभ हुआ।
- यह महोत्सव उस दिन की स्मृति में मनाया जाता है जब प्राचीन काल में ओडिशा के नाविक बालि और अन्य सुदूर प्रदेशों की यात्रा के लिए नाव से प्रस्थान करते है।
- यह महोत्सव ओडिशा के कटक शहर में महानदी के गदगड़िया घाट पर एक सप्ताह तक मनाया जाता है।
- पुरानी मान्यताओं और श्रद्धांजलि के रूप में कागज, पेड़ों की छाल, रंगीन पेपर और केले के पत्तों की सहायता से नकली नाव बनाकर नदियों में चलाते हैं जिसमें नाव के खोखले हिस्से पर लैंप जलाई जाती है जिसे बोइटा बंदन कहते हैं।

संबंधित लिंक

http://incredibleorissa.com/bali-yatra-2014-cuttack-odisha/
http://www.festivalsofindia.in/bali_yatra/
http://www.newindianexpress.com/states/odisha/2017/nov/05/mahanadi-banks-flooded-by-visitors-as-bali-jatra-opens-1692438.html
http://www.newindianexpress.com/states/odisha/2017/nov/05/mahanadi-banks-flooded-by-visitors-as-bali-jatra-opens-1692438.html

भारत-अमेरिकी महासागर वार्ता



प्रश्न-हाल ही में भारत-अमेरिकी महासागर वार्ता कहां आयोजित हुई?

(a) मुंबई (b) चेन्नई (c) गोवा (d) बोस्टन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को भारत-अमेरिकी महासागर वार्ता गोवा में आयोजित हुई।
- इसका आयोजन भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-समुद्री विज्ञान के राष्ट्रीय संस्थान में किया गया।
- इस आयोजन में महासागरों और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण और वैज्ञानिक मामलों के ब्यूरो के कार्यवाहक सहायक सचिव जूडिथ गरबर ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- उद्देश्य-ब्लू इकोनॉमी के तहत सतत विकास को बढ़ावा देना।

- इसमें ब्लू इकोनॉमी, स्थाई समुद्री संसाधन प्रबंधन, मत्स्य पालन, प्रशासन, समुद्री प्रदूषण, समुद्री कानून परिवर्तन और वैज्ञानिक अनुसंधान के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।
- विश्व बैंक के अनुसार ब्लू इकोनॉमी आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका एवं रोजगार और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य के लिए महासागरीय संसाधनों का स्थायी उपयोग है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/goa-hosts-inaugural-india-us-ocean-dialogue-today/1/1079627.html
http://indianexpress.com/article/india/goa-hosts-inaugural-india-us-ocean-dialogue-today-4916573/
http://businessworld.in/article/Goa-hosts-inaugural-India-US-Ocean-Dialogue-today/01-11-2017-130097/

जैविक कृषि विश्व कुंभ, 2017

प्रश्न-जैविक कृषि विश्व कुंभ, 2017 का आयोजन कहां किया गया?



(a) नई दिल्ली (b) ग्रेटर नोएडा (c) जयपुर (d) हैदराबाद

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9-11 नवंबर, 2017 के मध्य 19वां जैविक कृषि विश्व कुंभ, 2017 (19th Organic World Congress) इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने किया।
- इस वर्ष आयोजित कुंभ का लक्ष्य जैविक भारत से जैविक विश्व की ओर बढ़ना था।
- इस आयोजन में 110 देशों के 1400 और 2000 भारतीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- कृषि विश्व कुंभ का आयोजन तीन वर्ष में एक बार विश्व के किसी देश में होता है।
- इसका आयोजन द इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ऑर्गेनिक फार्मिंग मूवमेंट्स (IFOAM) और ओएफआई (OAFI) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
- इसमें भारत के 15 राज्यों से 55 बीज समूहों द्वारा 4000 प्रकार के बीजों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी।
- पिछला कुंभ वर्ष, 2014 में इस्तांबुल, तुर्की में आयोजित हुआ था।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173326
https://www.ifoam.bio/en/events/19th-organic-world-congress

विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 18वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 18वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?



(a) आगरा (b) लखनऊ (c) नई दिल्ली (d) जयपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2017 को विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 18वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन सिटी मांटेसरी स्कूल, लखनऊ में किया गया।
- इसका आयोजन सिटी मांटेसरी स्कूल द्वारा किया गया।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के मुख्य न्यायाधीशों एवं न्यायविदों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=777

रक्षा लेखा विभाग का नियंत्रक सम्मेलन, 2017

प्रश्न-रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत रक्षा लेखा विभाग के 'नियंत्रक सम्मेलन-2017' का मुख्य विषय क्या था?



(a) सुदृढ़ कार्य-प्रणाली

(b) द वे फॉरवर्ड

(c) सुदृढ़कार्य के प्रतिः द वे फॉरवर्ड

(d) सुदृढ़ कार्य-प्रणाली और नियंत्रण-द वे फॉरवर्ड

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7-8 नवंबर, 2017 के मध्य रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत रक्षा लेखा विभाग का 'नियंत्रक सम्मेलन-2017' (Controllers Conference-2017) नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसका मुख्य विषय (Theme) 'सुदृढ़ कार्य-प्रणाली और नियंत्रण-द वे फॉरवर्ड' (Strengthening Systems and Controls: The Way Forward) था।
- सम्मेलन में ज्ञान तथा अनुभव के आदान-प्रदान के साथ नए विचार भी प्रस्तुत किए गए।
- इस सम्मेलन में रक्षा लेखा में 'एकीकृत वित्तीय सलाहकार प्रणाली' के कार्यान्वयन में चुनौतियों तथा 'सीपीडीएस एवं डीटीएस' के कार्यान्वयन से पेंशन कार्यों में समस्याओं का अंत करने पर जोर दिया गया।

संबंधित लिंक

http://cgda.nic.in/audit/circulars/cc-05112017.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173285

वैश्विक क्लबफुट सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में पहले वैश्विक क्लबफुट सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?

(a) जेनेवा (b) मुनिच (c) नई दिल्ली (d) बाली

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नई दिल्ली में पहले वैश्विक क्लबफुट सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- इसका आयोजन क्योर इंटरनेशनल इंडिया (CURE International India) द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से किया गया।
- ज्ञातव्य है कि क्लबफुट हड्डी से संबंधित बीमारी है जो जन्म के समय से होती है।
- यदि इसका प्रारंभिक चरण में उपचार नहीं किया गया तो पीड़ित स्थायी रूप से विकलांग हो सकता है।
- भारत में विकलांगता से प्रभावित लोगों की संख्या 10 मिलियन (लगभग) है।
- भारत में प्रतिवर्ष 50 हजार से अधिक क्लबफुट से ग्रसित बच्चों का जन्म होता है।
- 'पोंसेटि पद्धति' क्लबफुट के इलाज हेतु एक नवीन पद्धति है।
- वर्ष 2009 से शुरू किए गए क्लबफुट कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी अस्पताल अधिकतम बच्चों तक पहुंचने के लिए क्योर इंटरनेशनल इंडिया के साथ मिलकर काम कर रहें हैं।
- यह कार्यक्रम भारत के 29 राज्यों में संचालित किया जा रहा है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173127
http://clubfootindia.in/global-club-foot-confrence/

हेली एक्सपो इंडिया-2017

प्रश्न-प्रथम हेली एक्सपो इंडिया का आयोजन कहां किया गया?

(a) भोपाल (b) नई दिल्ली (c) गांधीनगर (d) शिलांग



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4-5 नवंबर, 2017 के मध्य प्रथम हेली एक्सपो इंडिया-2017 (1st Heli Expo India 2017) नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसके साथ अंतरराष्ट्रीय सिविल हेलीकॉप्टर सम्मेलन-2017 भी संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

- इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन उत्तराखंड राज्य के परिवहन मंत्री 'सतपाल महराज' ने किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन पवन हंस लिमिटेड द्वारा नई दिल्ली स्थित पवन हंस हेलीपोर्ट, रोहिणी में किया गया।
- एयरो एक्सपो इंडिया (Aero Expo India) ने इस सम्मेलन की मेजबानी की।
- इस अवसर पर पवन हंस मैगजीन द्वारा 'एविएशन टुडे' (Aviation Today) नामक पत्रिका के पहले संस्करण का अनावरण भी किया गया।
- ध्यातव्य है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा वर्ष-2008 को 'हेलीकॉप्टर वर्ष' (The year of Helicopters) के रूप में मानने की घोषणा की गई थी।
- 'हेलीकॉप्टर के महत्व को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन, अग्निशमन क्रियाएं, पुलिस निगरानी तथा खोज एवं बचाव कार्य जैसे ऑपरेशनों में हेलीकॉप्टर के बहुआयामी भूमिका के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है।
- इस सम्मेलन में हेलीकॉप्टर से जुड़ी टैक्सी सेवा तथा हवाई एंबुलेंस सेवा के विषय में चर्चा की गई। इसकी सहायता से पहाड़ी क्षेत्रों के कठिन इलाकों में स्थित धार्मिक तथा पर्यटक क्षेत्रों तक आम नागरिकों की पहुंच को आसान बनाया जा सकता है।
- ध्यातव्य है कि 2-3 नवंबर, 2017 के मध्य द्वितीय एयरो एक्सपो इंडिया, 2017 का आयोजन आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली में किया गया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173236
https://www.aeroexpoindia.com/
https://www.facebook.com/events/884021868425044/
https://www.aeroexpoindia.com/heli-expo-india

फिप्सफिजियोकॉन-2017

प्रश्न-वर्ष 2017 के लिए तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'फिप्सफिजियोकॉन-2017 ' कहां आयोजित किया जा रहा है?



(a) भारत (b) अमेरिका (c) मलेशिया (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 5-7 नवंबर, 2017 के मध्य तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'फिप्सफिजियोकॉन-2017' (FIPSPHYSIOCON-2017) का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के वल्लभभाई पटेल चेस्ट संस्थान (VPCI) में आयोजित किया जा रहा है।

- यह फेडरेशन ऑफ इंडियन फिजियोलॉजिकल सोसाइटीज (FIPS: Federation of Indian Physiological Societies) की 7वीं कांग्रेस तथा फिजियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (PSI: Physiological Society of india) के 29वें वार्षिक सम्मेलन का संयुक्त सम्मेलन है।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'शारीरिक एवं जैव चिकित्सा विज्ञान दृष्टिकोण को एकीकृत कर प्रदर्शन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा में सुधार' (Integrating Physiological and Biomedical Science Approaches to Improve Performance, Health and Safety) है।
- इसका आयोजन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के दिल्ली स्थित डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोलॉजी एंड एलाइड साइंसेस (Defence Institute of Physiology & Allied Sciences) द्वारा किया जा रहा है।
- भारत, अमेरिका, यूके, किरगिज गणराज्य तथा मलेशिया के 300 प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया।
- डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. एस. किस्टोफर द्वारा इस सम्मेलन का उद्घाटन किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य अनुवादित अनुसंधान (Translational Research), खेल शरीर विज्ञान, योग, तंत्रिका विज्ञान तथा अतिशय वातावरणों में मानव-शरीर विज्ञान में अद्यतन अनुसंधानों एवं जानकारियों को वैज्ञानिक समुदाय तक पहुंचाना है।

संबंधित लिंक

http://www.fipsphysiocon2017.org/
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173250

मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस

प्रश्न-2-5 नवंबर, 2017 के मध्य मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) भारत (b) अमेरिका (c) सिंगापुर (d) ताइवान



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2-5 नवंबर, 2017 को मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस (21st World Congress of Mental Health) नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'मानसिक स्वास्थ्य के लिए भागीदारी' (Partnership for Mental Health) निर्धारित की गई है।
- इसका आयोजन दो वर्ष में एक बार किया जाता है।
- इससे पूर्व 20वीं विश्व कांग्रेस का आयोजन मिस्र के कायरो में किया गया था।
- यह पहला अवसर है जब भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है।

- मानसिक स्वास्थ्य पर 21वीं विश्व कांग्रेस का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया।
- इसका आयोजन 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य संघ' (WFMH: World Federation for Mental Health) द्वारा किया जाता है।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य संघ की स्थापना वर्ष 1948 में की गई थी। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना तथा मानसिक विकार की रोकथाम करना है।
- आयोजन में केयरिंग फाउंडेशन (Caring Foundation) तथा अन्य संस्थानों की भी भागीदारी होती है।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2016 के अनुसार भारत की 14 फीसद जनसंख्या को मानसिक स्वास्थ्य के लिए सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्रोग्राम के तहत पूरे देश में 22 केंद्रों की स्थापना की गई है।

संबंधित लिंक

http://www.wfmhindia.com/
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173165
https://www.wfmh.global/events/

7वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन

प्रश्न-एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन के संबंध में क्या सही है-

(I) 7वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी थाईलैंड ने की।

(II) 6वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन का आयोजन कतर में हुआ था।

(a) केवल I सही है। (b) केवल II सही है।

(c) दोनों गलत हैं। (d) दोनों सही हैं।



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1-3 नवंबर, 2017 के मध्य 7वां एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन (AMER7: 7th Asian Ministerial Energy Roundtable) थाईलैंड के बैंकांक में आयोजित किया गया।
- सम्मेलन का मुख्य विषय-संक्रमणकाल में वैश्विक ऊर्जा बाजारः अवलोकन से कार्रवाई तक (Global Energy Markets in Transition: From Vision to Action) है।
- इस सम्मेलन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा फोरम (आईईएफ) द्वारा किया जाता है।
- इसका उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा की सुरक्षा तथा ऊर्जा के क्षेत्र से जुड़े ज्ञान का आदान-प्रदान करना है।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की तरफ से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भाग लिया।

- सऊदी अरब, रूस, यूएई, थाईलैंड, इराक, कतर, कुवैत, बांग्लादेश, मलेशिया तथा ब्रुनेई के ऊर्जा मंत्रियों ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया।
- 7वें एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन हेतु थाईलैंड मुख्य तथा यूएई सहायक मेजबान देश था।
- इस सम्मेलन का आयोजन 3 वर्ष में एक बार होता है।
- इससे पूर्व वर्ष 2015 में कतर के दोहा में 6वीं एशियाई मंत्री स्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन आयोजित की गई थी।
- वर्तमान में भारत अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा फोरम (आईईएफ) का अध्यक्ष है जिसमें कुल 72 देश सदस्य हैं।
- ध्यातव्य है कि अप्रैल, 2018 में होने वाले आईईएफ के 16वें मंत्री स्तरीय सम्मेलन का आयोजन भारत में ही होगा।

संबंधित लिंक

https://www.ief.org/7th-asian-ministerial-energy-roundtable.aspx
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173093
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173163

संधि/समझौता

भारत-रूस समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत-रूस करार पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी प्रदान की?



(a) कृषि (b) आतंकवाद (c) दोहरा करारोपण (d) अंतरिक्ष

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने में सहयोग के लिए भारत-रूस करार पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी प्रदान की।
- इस करार पर केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधि-मंडल की 27-29 नवंबर, 2017 के मध्य रूस की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होना प्रस्तावित है।

- प्रस्तावित करार अक्टूबर, 1993 के करार का स्थान लेगा।
- इस करार के माध्यम से सूचना, विशेषज्ञता, बेहतर प्रथाओं के आदान-प्रदान और साझाकरण से भारत और रूस के बीच आपसी संबंधों को मजबूती मिलेगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173732

सोलर पार्क परियोजना हेतु समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत ने सोलर पार्क परियोजना के लिए साझा बुनियादी ढांचा हेतु कितनी राशि के लिए विश्व बैंक के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया?



(a) 75 मिलियन अमेरिकी डॉलर

(b) 98 मिलियन अमेरिकी डॉलर

(c) 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर

(d) 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2017 को भारत ने सोलर पार्क परियोजना के लिए साझा बुनियादी ढांचा हेतु 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (98 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आईबीआरडी/सीटीएफ ऋण के लिए समझौता और 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए अनुदान समझौता) के लिए विश्व बैंक के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते पर आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव समीर कुमार खरे और विश्व बैंक भारत के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर हिशाम अब्दो ने हस्ताक्षर किया।
- एक अन्य ऋण समझौते पर भारतीय नवीकरणीय उर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (दूरडा) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के. एस. पोपली और हिशाम ए. अब्दो (विश्व बैंक भारत के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर) ने हस्ताक्षर किए।
- इस परियोजना में दो घटक हैं-(i) सोलर पार्कों के लिए साझा बुनियादी ढांचा (75 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आईबीआरडी ऋण और 23 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सीटीएफ ऋण सहित 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित कुल परियोजना लागत)। (ii) तकनीकी सहायता (सीटीएफ अनुदान के रूप में 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर)।
- परियोजना का उद्देश्य देश में बड़े पार्कों की स्थापना के माध्यम से सौर उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना है।
- सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 175 गीगावाट निर्धारित किया गया है।

- इस परियोजना के माध्यम से लक्षित 175 गीगावाट में से 100 गीगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता स्थापित करने संबंधी सरकारी योजना को आवश्यक सहयोग भी प्राप्त हो सकेगा।

संबंधित लिंक

http://www.worldbank.org/en/news/press-release/2017/11/20/project-signing-government-india-world-bank-sign-agreement-set-up-large-scale-solar-parks

भारत और फिलीपींस में समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत और फिलीपींस के मध्य चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रश्न में किस क्षेत्र में किया गया समझौता इसमें शामिल नहीं है?



(a) कृषि (b) रक्षा

(c) सूचना प्रौद्योगिकी (d) सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यम

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2017 को भारत और फिलीपींस के मध्य चार समझौते हुए।
- यह समझौते फिलीपींस में आयोजित आसियान सम्मेलन में भाग लेने गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के मध्य व्यापक वार्ता के बाद किए गए।
- इस वार्ता में व्यापार और निवेश में वृद्धि हेतु द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।
- दोनों देशों के मध्य रक्षा, कृषि, सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यम सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने हेतु समझौते किए गए।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173399

भारत-कोलंबिया समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत गणराज्य और कोलंबिया गणराज्य के मध्य किस क्षेत्र में हस्ताक्षरित करार के संबंध में भारत और कोलंबिया के मध्य संयुक्त निर्वचनात्मक घोषणा को मंजूरी प्रदान की गई?



(a) व्यापार और वाणिज्य हेतु

(b) सूचना और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग हेतु

(c) निवेश के संवर्द्धन और संरक्षण हेतु

(d) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग हेतु

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत गणराज्य और कोलंबिया गणराज्य के मध्य निवेश के संवर्द्धन और संरक्षण हेतु हस्ताक्षरित करार के संबंध में भारत और कोलंबिया के मध्य संयुक्त निर्वचनात्मक घोषणा को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता 10 नवंबर, 2009 को हस्ताक्षरित हुआ था।
- यह संयुक्त निर्वचनात्मक घोषणा भारत तथा कोलंबिया के बीच निवेशों के संवर्द्धन और संरक्षण संबंधी मौजूदा करार के निर्वचन में स्पष्टता प्रदान करेगी।
- संयुक्त निर्वचनात्मक घोषणा में निवेशक तथा निवेश की परिभाषा, उचित और साम्यतापूर्ण व्यवहार, राष्ट्रीय व्यवहार (एनटी) और सर्वाधिक अनुकूल राष्ट्र (एमएफएन) के व्यवहार, स्वामित्वहरण, निवेशक-राज्य विवाद समाधान प्रावधान और लाभों से इंकार किए जाने सहित अनेक खंडों के लिए संयुक्त रूप से अंगीकृत किए जाने वाली निर्वचनात्मक टिप्पणियां शामिल हैं।
- संयुक्त निर्वचनात्मक घोषणा/वितरण सामान्यतया निवेश संधि व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण अनुपूरक भूमिका का निर्वहन करते हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173390
http://www.thehindubusinessline.com/economy/policy/cabinet-approves-dtaa-with-hong-kong/article9953273.ece

भारत एवं विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता

प्रश्न-नवंबर, 2017 में किस राज्य में उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु भारत एवं विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता किया गया?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) ओडिशा (d) आंध्र प्रदेश



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 नवंबर, 2017 को भारत एवं विश्व बैंक के मध्य 119 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- यह राशि ओडिशा राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु खर्च किए जाएंगे।
- यह ऋण ओडिशा राज्य में चलाए जा रहे 'उत्कृष्टता एवं निष्पक्षता के लिए ओडिशा उच्च शिक्षा कार्यक्रम' (OHEPEE: Odisha Higher Education Programme for Excellence & Equity) नामक प्रोजेक्ट पर खर्च किया जाएगा।
- इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य ओडिशा में शिक्षार्थियों की गुणवत्ता में सुधार कर चयनित संस्थानों में न्यायसंगत प्रवेश तथा उच्च शिक्षा प्रणाली की प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करना है।

एआईआईबी द्वारा आंध्र प्रदेश को ऋण की मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (AIIB) द्वारा आंध्र प्रदेश में पांच परियोजनाओं हेतु कितनी ऋण राशि प्रदान करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई?



(a) 2 मिलियन डॉलर (b) 3 मिलियन डॉलर

(c) 5 मिलियन डॉलर (d) 5.5 मिलियन डॉलर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 31 अक्टूबर, 2017 को चीन प्रायोजित एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (AIIB-Asian Infrastructure Investment Bank) द्वारा आंध्र प्रदेश को 2 मिलियन डॉलर (13,000 करोड़ रुपये) की ऋण राशि प्रदान करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- यह ऋण राशि इस राज्य में पांच परियोजनाओं के लिए मंजूर की गई है जिसमें दो सड़कें और एक ग्रामीण सुरक्षित पेयजल विभाग, नगरपालिका और शहरी विकास विभाग तथा पंचायती राज्य विभाग शामिल है।
- ज्ञातव्य है कि कुछ माह पूर्व आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा इन पांचों परियोजनाओं हेतु सहायता प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव प्रेषित किया गया था।
- एआईआईबी का मुख्यालय बीजिंग, चीन में स्थित है।
- यह 16 जनवरी, 2016 को व्यवसाय के लिए खोला गया था।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/news-ani/aiib-grants-rs-13-000-cr-loan-to-andhra-pradesh-117103101245_1.html
http://www.thehansindia.com/posts/index/Andhra-Pradesh/2017-10-31/AIIB-grants-Rs-13000-cr-loan-to-Andhra-Pradesh/336641
https://www.aiib.org/en/about-aiib/index.html

भारत फिलिपींस के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत और फिलिपींस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई?



(a) चिकित्सा (b) कृषि और संबंधित क्षेत्र

(c) व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (d) प्रत्यर्पण संधि

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा कृषि और संबंधित क्षेत्रों में सहयोग हेतु भारत और फिलिपींस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।

- इससे दोनों देशों के बीच सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों को समझने में बढ़ावा मिलेगा तथा बेहतर उत्पादकता के साथ ही उन्नत वैश्विक बजार तक पहुंच स्थापित करने में मदद मिलेगी।
- इस समझौता ज्ञापन में निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग हेतु प्रावधान किया गया है-धान उत्पादन और प्रसंस्करण, बहुफसली प्रणाली, शुष्क भूमि कृषि प्रणाली, जैविक खेती, सॉलिड और जल अनुरक्षण एवं प्रबंधन, मृदा की उर्वरता, रेशम कीट पालन, कृषि वानिकी और पशुधन सुधार।
- इस समझौता ज्ञापन में संयुक्त कार्यदल के गठन का भी प्रावधान है जिसमें दोनों देशों के समान संख्या में प्रतिनिधि शामिल होंगे।
- संयुक्त कार्यदल की बैठक बारी-बारी से फिलिपींस और भारत में प्रत्येक दो वर्षों में एक बार आयोजित की जाएगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173399

भारत-हांगकांग के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत गणराज्य की सरकार और चीन जनवादी गणराज्य के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हांग-कांग के बीच किस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया?

(a) पारस्परिक सहयोग और तकनीकी सहायता

(b) व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण

(c) दोहरे कराधान का परिहार और राजकोषीय अपवंचन

(d) सूचना एवं प्रौद्योगिकी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान का परिहार करने और राजकोषीय अपवंचन को रोकने हेतु भारत गणराज्य की सरकार तथा चीन जनवादी गणराज्य के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हांगकांग की सरकार के बीच करार को मंजूरी प्रदान की।
- इस समझौते से कर मामलों में पारदर्शिता आएगी तथा कर-अपवंचन एवं कर के परिहार को रोकने में मदद मिलेगी।
- ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 90 के अंतर्गत, आयकर अधिनियम, 1961 के तहत आय पर दोहरे कराधान के परिहार के लिए, प्रभार्य आयकर के अपवंचन अथवा उसके परिहार की रोकथाम हेतु सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए विदेश अथवा विनिर्दिष्ट प्रदेश के साथ करार करने के लिए प्राधिकृत है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173394

भारत और इथोपिया में समझौता

प्रश्न-केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और इथोपिया के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को सुदृढ़ करने व संवर्द्धन हेतु व्यापार समझौते को कार्योत्तर मंजूरी प्रदान की गई। यह समझौता अक्टूबर, 2017 में किसकी इथोपिया यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित हुआ था?



(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री (c) वाणिज्य मंत्री (d) विदेश मंत्री

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और इथोपिया के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को सुदृढ़ करने व संवर्द्धन हेतु व्यापार समझौते को कार्योत्तर (Ex-Post Facto) मंजूरी प्रदान की गई।
- भारत के राष्ट्रपति की 4-6 अक्टूबर, 2017 के मध्य इथोपिया की राजकीय यात्रा के दौरान 5 अक्टूबर, 2017 को इस व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था।
- इससे पूर्व वर्तमान व्यापार समझौता वर्ष 1982 में हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस नए व्यापार समझौता के तहत आर्थिक सहयोग, निवेश और तकनीकी क्षेत्र में प्रोत्साहन हेतु सभी आवश्यक उपाय प्रदान किए जाएंगे।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173132

भारत एवं विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता

प्रश्न-नवंबर, 2017 में किस राज्य में उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु भारत एवं विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता किया गया?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) ओडिशा (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 नवंबर, 2017 को भारत एवं विश्व बैंक के मध्य 119 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- यह राशि ओडिशा राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु खर्च किए जाएंगे।
- यह ऋण ओडिशा राज्य में चलाए जा रहे 'उत्कृष्टता एवं निष्पक्षता के लिए ओडिशा उच्च शिक्षा कार्यक्रम' (OHEPEE: Odisha Higher Education Programme for Excellence & Equity) नामक प्रोजेक्ट पर खर्च किया जाएगा।

- इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य ओडिशा में शिक्षार्थियों की गुणवत्ता में सुधार कर चयनित संस्थानों में न्यायसंगत प्रवेश तथा उच्च शिक्षा प्रणाली की प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करना है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173294

संघ/संगठन

जी-20 में भारत के नए शेरपा

प्रश्न-हाल ही में कौन जी-20 में भारत के नए शेरपा नियुक्त हुए हैं?

(a) अरविंद पनगढ़िया (b) शक्तिकांत दास (c) डॉ. रघुराम राजन (d) डॉ. के. वी. कॉमथ



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2017 को केंद्र सरकार ने वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के पूर्व सचिव शक्तिकांत दास को जी-20 में भारत का नया शेरपा नियुक्त किया।
- वह नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया का स्थान लेंगे।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2018 तक रहेगा।
- उल्लेखनीय है कि शेरपा किसी अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से वार्षिक जी-20 शिखर सम्मेलन में किसी राज्य या सरकार का निजी प्रतिनिधि होता है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/economy/shaktikanta-das-is-indias-g20-sherpa/article9974030.ece
https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/shaktikanta-das-appointed-as-indias-g20-sherpa/articleshow/61823581.cms

अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का नया सदस्य

प्रश्न-हाल ही में किस देश ने भारत की पहल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने के लिए अपना दस्तावेज सौंपा?

(a) गुएना (b) गिनी (c) अल्जीरिया (d) कोस्टारिका



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2017 को विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने गिनी के विदेश मंत्री ममडे टुरे के साथ नई दिल्ली में बैठक की।

- इस बैठक के दौरान गिनी के विदेश मंत्री ने भारत की पहल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance) में शामिल होने के लिए अपना दस्तावेज सौंपा।
- बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय दोस्ती और सहयोग देने वाले विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।
- इस अवसर पर गिनी के विदेशमंत्री ने नवंबर, 2017 के तीसरे सप्ताह में पेरिस में आयोजित होने वाले दाताओं/निवेशक सम्मेलन (Donors/Investors Conference) में भाग लेने हेतु भारत सरकार और भारतीय व्यापार को आमंत्रित किया।
- ज्ञातव्य है कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सौर ऊर्जा पर आधारित देशों का एक संगठन है जिसका शुभारंभ भारत और फ्रांस द्वारा 30 नवंबर, 2015 को पेरिस में किया गया था।
- यह संगठन कर्क और मकर रेखा के बीच स्थित राष्ट्रों (121 संभावित सदस्य देश) को एक मंच पर लाएगा।
- वर्ष 2016-17 में भारत और गिनी के बीच द्विपक्षीय व्यापार 634.15 मिलियन डॉलर रहा।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/news-ians/guinea-becomes-new-member-of-international-solar-alliance-117110600693_1.html
http://www.newsbharati.com/Encyc/2017/11/7/India-UN-fund.html

अंतरराज्यीय परिषद का पुनर्गठन

प्रश्न-संविधान के किस अनुच्छेद में अंतरराज्यीय परिषद के गठन का प्रावधान है?

(a) अनुच्छेद, 262 (b) अनुच्छेद, 263
(c) अनुच्छेद, 268 (d) अनुच्छेद, 271



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में अंतरराज्यीय परिषद का पुनर्गठन किया गया।
- ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री इस परिषद का पदेन अध्यक्ष होता है।
- इस परिषद में छः केंद्रीय मंत्रियों और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।
- इस परिषद में सदस्य के तौर पर शामिल छः केंद्रीय मंत्री निम्नलिखित हैं- राजनाथ सिंह (गृहमंत्री), सुषमा स्वराज (विदेशमंत्री), अरुण जेटली (वित्तमंत्री), नितिन गडकरी (सड़क परिवहन मंत्री), थावर चंद गहलोत (सामाजिक न्याय और आधिकारिता) और निर्मला सीतारमण (रक्षा मंत्री)।

- सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और सभी विधान सभा वाले संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्यमंत्री इस परिषद के सदस्य होंगे।
- इसके अलावा 8 केंद्रीय मंत्रियों को भी स्थायी आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है।
- संविधान के अनुच्छेद 263 में अंतरराज्यीय परिषद के गठन का प्रावधान है।
- वर्ष 1988 में न्यायमूर्ति आर.एस. सरकारिया की अध्यक्षता में गठित आयोग (सरकारिया आयोग) की सिफारिश पर वर्ष 1990 में अंतरराज्यीय परिषद का गठन किया गया था।
- इसका उद्देश्य दो या उससे अधिक राज्यों/केंद्र प्रशासित क्षेत्रों या केंद्र और दो या दो से अधिक राज्यों/केंद्र प्रशासित क्षेत्रों के बीच किसी भी मुद्दे पर उत्पन्न विवाद को सुलझाने का प्रयास करना है।
- यह परिषद साझा हितों से जुड़े मसलों की जांच पड़ताल कर उचित समाधान के तौर-तरीके सुझाती है।
- इसके अलावा बेहतर सहयोग हेतु नीति और उचित कार्रवाई की सिफारिश भी करती है।
- इसी दिन गृहमंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में अंतरराज्यीय परिषद की स्थायी समिति का पुनर्गठन भी किया गया।
- ज्ञातव्य है कि भारत का गृहमंत्री इस समिति का पदेन अध्यक्ष होता है।
- इस पुनर्गठित स्थायी समिति में चार केंद्रीय मंत्रियों और सात मुख्यमंत्रियों को सदस्य नामित किया गया है।
- इस समिति में केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, नितिन गडकरी और थावर चंद गहलोत शामिल हैं।
- इस समिति में शामिल मुख्यमंत्री हैं-एन. चद्रबाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), अमरिंदर सिंह (पंजाब), रमन सिंह (छत्तीसगढ़), मानिक सरकार (त्रिपुरा), नवीन पटनायक (ओडिशा), वसुंधरा राजे (राजस्थान) और योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश)।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/inter-state-council-reconstituted-with-pm-as-chairman/1/1079763.html
http://www.thehindubusinessline.com/news/national/interstate-council-reconstituted-with-pm-as-chairman/article9936184.ece
http://www.livemint.com/Politics/sPT6PbGlvwbd4kh0J9VOqJ/InterState-Council-reconstituted-with-Narendra-Modi-as-chai.html
http://interstatecouncil.nic.in/isc-genesis/

विधि/न्याय

नागरिक उड्डयन नियम (सीएआर) ड्राफ्ट अधिनियम

प्रश्न-हाल ही में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा ड्रोन के नागरिक उपयोग हेतु नियमों के मसौदे की घोषणा की गई। पायलट रहित एयरक्राफ्ट सिस्टम मसौदे के तहत ड्रोन को अधिकतम वजन ले जाने के आधार पर कितने वर्गों में वगीकृत किया गया है?

(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा दूरस्थ पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम अर्थात ड्रोन के नागरिक उपयोग हेतु नियमों के मसौदे की घोषणा की गई।
- पायलट रहित एयरक्राफ्ट सिस्टम मसौदे के तहत ड्रोन को अधिकतम वजन ले जाने के आधार पर 5 भागों में वर्गीकृत किया गया है जो निम्न हैं- (1) नैनो-250 ग्राम से कम या बराबर (2) माइक्रो-250 ग्रा. से अधिक और 2 किलो ग्रा. से कम या बराबर (3) मिनी-2 किलो से अधिक और 25 कि.ग्रा. से कम या बराबर (4) स्मॉल- 25 किलो ग्रा. से अधिक और 150 कि.ग्रा. से कम या बराबर (5) लार्ज-150 किलो ग्रा. से अधिक।
- मसौदे के प्रारूप के अनुसार सभी प्रकार के ड्रोन दृश्य रेखा में और केवल दिन में ही उड़ाये जा सकेंगे जिसकी अधिकतम ऊंचाई 200 फीट से अधिक नहीं होगी।
- ड्रोन के माध्यम से किसी भी प्रकार की खतरनाक सामग्री, पशु एवं मानव को लाने या ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
- नैनो श्रेणी और सरकारी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा संचालित ड्रोन के अलावा सभी प्रकार के व्यावसायिक ड्रोन का पंजीकरण आईसीएओ की प्रस्तावित नीति के अनुसार विशिष्ट पहचान संख्या (UIN) के रूप में डीजीसीए द्वारा पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा।
- मिनी और उससे ऊपर की श्रेणियों हेतु मानव रहित एयरक्राफ्ट संचालक अनुज्ञापत्र (यूएओपी) की आवश्यकता होगी।
- इस अधिनियिम में कुछ विशेष निर्धारित क्षेत्रों में ड्रोन के संचालन को प्रतिबंधित किया गया है।
- प्रतिबंधित क्षेत्र एएआई द्वारा अधिसूचित हवाई हड्डे से 5 किमी. के क्षेत्र, स्थायी अथवा प्रतिबंधित क्षेत्र, जोखिम पूर्ण क्षेत्र, तटीय समुद्र से सटे समुद्र में 500 मीटर (क्षैतिज) से परे, अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किमी. का क्षेत्र, आपातकालीन अभियानों से जुड़े क्षेत्र, जनसुरक्षा को प्रभावित करने वाले क्षेत्र के निकट तथा घनी आबादी वाले क्षेत्र।

- इन क्षेत्रों में बिना पूर्व अनुमति के ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकता है।
- दिल्ली में विजय चौक से 5 किमी. की परिधि में और चल वाहन, पोत अथवा वायुयान जैसे मोबाइल प्लेटफार्म से भी ड्रोन के संचालन को प्रतिबंधित किया गया है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173164

राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण अधिनियम, 1993 में संशोधन को मंजूरी

प्रश्न-एनसीटीई अधिनियम देश में किस तिथि से प्रभावी हुआ?

(a) जुलाई, 1995 (b) अगस्त, 2005

(c) जुलाई, 2009 (d) सितंबर, 2014

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण अधिनियम (एनसीटीई) 1993 में संशोधन हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इस अधिनियम में संशोधन हेतु एक नए अधिनियम राष्ट्रीय शिक्षण प्रशिक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2017 को संसद में पेश करने की मंजूरी दी गई।
- जिसमें एनसीटीई के अनुमति के बिना शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाले केंद्रीय/राज्य/संघ शासित राज्यों के विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को पूर्वव्यापी प्रभाव से मान्यता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।
- इस संशोधन से इन संस्थाओं/विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत अथवा यहां से पूर्व में ही उत्तीर्ण हो चुके छात्र शिक्षक के रूप में रोजगार पाने हेतु पात्र हो सकेंगे।
- इस संशोधन का प्रस्ताव मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग द्वारा किया गया।
- शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे बी.एड और डिप्लोमा इन इलेमेंट्री एजुकेशन शिक्षक पाठ्यक्रम संचालित करने वाले सभी संस्थानों को एनसीटीई अधिनियम की धारा-14 के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण परिषद से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- इसके अतिरिक्त ऐसे मान्यता प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों को एनसीटीई अधिनियम की धारा-15 के अंतर्गत पाठ्यक्रमों की भी अनुमति लेनी होगी।
- ज्ञातव्य है कि एनसीटीई अधिनियम देश में 1 जुलाई, 1995 को प्रभावी हुआ था।
- यह अधिनियम जम्मू-कश्मीर को छोड़कर पूरे देश में लागू है।

- इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली की आयोजना और समन्वित विकास प्रणाली, विनियमन की प्राप्ति का लक्ष्य व उक्त प्रणाली में मानदंडों और मानकों का समुचित अनुरक्षण सुनिश्चित करना है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173128
http://www.thehindubusinessline.com/news/education/cabinet-nod-for-introduction-of-bill-to-amend-ncte-act/article9936406.ece

वर्ष/दिवस/सप्ताह

संविधान दिवस

प्रश्न-'संविधान दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 23 नवंबर (b) 26 नवंबर (c) 20 नवंबर (d) 22 नवंबर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2017 को देश भर में 'संविधान दिवस' (Constitution Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 23 नवंबर, 2015 को प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की घोषणा की थी।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 1949 में इसी दिन संविधान सभा द्वारा भारत का संविधान अपनाया गया था।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=131806
http://indiatoday.intoday.in/story/indian-diplomats-in-china-celebrate-constitution-day/1/820444.html

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 22 नवंबर (b) 21 नवंबर (c) 18 नवंबर (d) 25 नवंबर



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 25 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' (International Day for the Elimination of Violence Against Woman) मनाया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) -"Leave no one behind: end violence against women and girls" है।

- इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा के उन्मूलन हेतु लोगों को जागरूक करना है।

संबंधित लिंक

http://www.un.org/apps/news/story.asp?NewsID=58146#.WhkoI9KWbIU
http://www.un.org/en/events/endviolenceday/

विश्व मात्स्यिकी दिवस

प्रश्न-'विश्व मात्स्यिकी दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 22 नवंबर (b) 21 नवंबर (c) 18 नवंबर (d) 15 नवंबर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मात्स्यिकी दिवस' (World Fisheries Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 21 नवंबर, 1997 को 18 देशों के मत्स्य कृषकों और मत्स्य कर्मकारों के विश्व मंच का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यरत मछुआरों और मछुआरिनों की बैठक नई दिल्ली में हुई थी।
- इस अवसर पर धारणीय मत्स्य-आखेट के प्रयोगों और नीतियों के एक वैश्विक जनादेश की वकालत करते हुए 'विश्व मात्स्यिकी मंच' (W.F.F.) की स्थापना हुई।
- इसकी स्मृति में प्रतिवर्ष 21 नवंबर को यह दिवस मनाया जाता है।
- इस अवसर पर पशुपालन, डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र (N.A.S.C) कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में इसका आयोजन किया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) "2022 का है सपना—-किसान की आय हो दुगुना-संकल्प से सिद्धि" (2022 Ka Hai Sapna—Kisan ki Aay ho Duguna-Sankalp se Siddhi) था।
- इसमें अभी तक की गई प्रौद्योगिकी संबंधी उन्नतियों और मात्स्यिकी क्षेत्र में किए गए विकासों का प्रदर्शन करते हुए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173666

वर्ल्ड टेलीविजन डे

प्रश्न-'वर्ल्ड टेलीविजन डे' कब मनाया जाता है?

(a) 22 नवंबर(b) 24 नवंबर(c) 21 नवंबर (d) 18 नवंबर



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'वर्ल्ड टेलीविजन डे' (World Television Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर, 1996 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक

http://www.un.org/en/events/televisionday/

सार्वभौमिक बाल दिवस

प्रश्न-'सार्वभौमिक बाल दिवस' कब मनाया गया?

(a) 21 नवंबर (b) 19 नवंबर (c) 20 नवंबर (d) 15 नवंबर



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'सार्वभौमिक बाल दिवस' (Univershal Children's Day) मनाया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस की थीम-"It's a # Kids Take Over" है।
- उल्लेखनीय है कि इस दिवस की स्थापना वर्ष 1954 में हुई थी।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 नवंबर, 1954 को बाल अधिकारों का घोषणा-पत्र (Declaration of the Rights of the Child) तथा 20 नवंबर, 1989 को ही बाल अधिकारों पर अभिसमय (Convention on The Rights of the Child) को स्वीकार किया था।
- इसी कारण प्रतिवर्ष 20 नवंबर को बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

संबंधित लिंक

http://www.un.org/en/events/childrenday/

कौमी एकता सप्ताह

प्रश्न-'कौमी एकता सप्ताह' कब मनाया जाता है?

(a) 19-25 नवंबर (b) 18-24 नवंबर

(c) 16-22 नवंबर (d) 15-21 नवंबर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19-25 नवंबर, 2017 के मध्य देश भर में 'कौमी एकता सप्ताह' (Quami Ekta Week) मनाया जाएगा।
- यह सप्ताह प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

- साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए गृह मंत्रालय के स्वशासी संगठन नेशनल फाउंडेशन फॉर कम्यूनल हॉर्मोनी (NFCH) द्वारा इस सप्ताह के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान का आयोजन किया जाएगा।
- इस सप्ताह के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- 19 नवंबरः राष्ट्रीय अखंडता दिवस (National Integration Day)।
- 20 नवंबरः अल्पसंख्यक कल्याण दिवस (Welfare of Minorities Day)।
- 21 नवंबरः भाषायी सद्भावना दिवस (Linguistic Harmoy Day)।
- 22 नवंबरः कमजोर वर्ग दिवस (Weaker Sections Day)
- 23 नवंबर, सांस्कृतिक एकता दिवस (Cultural Unity Day)।
- 24 नवंबरः महिला दिवस (Women's Day)।
- 25 नवंबरः संरक्षण दिवस (Conservation Day)।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173600

बाल अधिकार सप्ताह 'हौसला-2017'

प्रश्न-महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कब से कब तक बाल अधिकार सप्ताह 'हौसला-2017' उत्सव मनाया गया?



(a) 15 से 19 नवंबर (b) 16 से 20 नवंबर

(c) 14 से 18 नवंबर (d) 13 से 17 नवंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा देश भर में 16-20 नवंबर, 2017 तक बाल अधिकार सप्ताह 'हौसला-2017' उत्सव मनाया गया।
- इसके माध्यम से देश के विभिन्न बाल देखभाल संस्थाओं के बच्चों के द्वारा प्रतिभा दिखाने और उन्हें अपने सपने और अरमानों को दर्शाने का अवसर प्रदान किया गया।
- इसका उद्देश्य इन बच्चों को प्रेरित करके और मुख्य धारा में लाकर इनकी प्रतिभाएं दिखाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना था।
- इस दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों जैसे बाल संसद, चित्रकला प्रतियोगिता, एथलेटिक मीट, फुटबॉल, शतरंज प्रतियोगिता और वाक लेखन में भाग लिया गया। हौसला-2017 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में 26 राज्यों/संघशासित प्रदेशों के लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/mbErel.aspx?relid=173624
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173412

विश्व शौचालय दिवस

प्रश्न-'विश्व शौचालय दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 17 नवंबर (b) 19 नवंबर (c) 16 नवंबर (d) 21 नवंबर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व शौचालय दिवस' (World Toilet Day) मनाया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-'अपशिष्ट जल' (Wastewater) है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 जुलाई, 2013 को प्रतिवर्ष 19 नवंबर को इस दिवस को मनाने का निश्चय किया था।
- गौरतलब है कि 19 नवंबर, 2001 को ही जैक सिम (Jack Sim) ने 'विश्व शौचालय संगठन' की स्थापना की थी।

संबंधित लिंक

http://www.un.org/en/events/toiletday/

अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 13 नवंबर (b) 16 नवंबर (c) 18 नवंबर (d) 14 नवंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस' (International Day for Talerance) मनाया गया।
- यह दिवस असहिष्णुता के खतरों की लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1996 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष घोषित किया गया था।
- यूनेस्को ने वर्ष 1995 में महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर सहिष्णुता और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए 'मदनजीत सिंह पुरस्कार' की स्थापना की थी। यह पुरस्कार प्रति 2 वर्षों में इस दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार विज्ञान, कला, संस्कृति अथवा संचार के क्षेत्र में सहिष्णुता और अहिंसा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए काम के लिए दिया जाता है।

- वर्ष 2016 में इस पुरस्कार का विजेता रूस के फेडरल रिसर्च एंड मेथडोलॉजिकल सेंटर फॉर टालरेंस साइकोलॉजी एंड एजूकेशन (टालरेंस सेंटर) था।

संबंधित लिंक

http://www.un.org/en/events/toleranceday/

शांति एवं विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस

प्रश्न-'शांति एवं विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 14 नवंबर (b) 10 नवंबर (c) 13 नवंबर (d) 5 नवंबर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवबर, 2017 को वैश्विक स्तर पर 'शांति एवं विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस' (World Science Day for Peace and Development) मनाया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) ''वैश्विक समझ के लिए विज्ञान'' (Science for Global Understanding) था।
- उल्लेखनीय है कि यूनेस्को की सामान्य सभा ने वर्ष 2001 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक

http://www.un.org/en/events/scienceday/
http://www.unesco.org/new/en/unesco/events/prizes-and-celebrations/celebrations/international-days/world-science-day-for-peace-and-development/
https://en.unesco.org/world-science-day

विश्व सुनामी जागरूकता दिवस

प्रश्न-'विश्व सुनामी जागरूकता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 4 नवंबर (b) 10 नवंबर (c) 15 नवंबर (d) 5 नवंबर



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर, 2017 को दुनिया भर में 'विश्व सुनामी जागरूकता दिवस' (World Tsunami Awareness Day) मनाया गया।
- इस दिवस का उद्देश्य सुनामी के खतरों और इसके प्रभाव को कम करने हेतु चेतावनी प्रणालियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है।
- उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 5 नवंबर को इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' कब मनाया जाता है?



(a) 14 नवंबर (b) 12 नवंबर (c) 18 नवंबर (d) 16 नवंबर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2017 को देश भर में 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' (National Press Day) मनाया जा रहा है।
- यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता एवं जिम्मेदारियों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1956 में प्रथम प्रेस आयोग ने देश में प्रेस स्वतंत्रता एवं पत्रकारिता में उच्च आदर्श स्थापित करने की सिफारिश की थी।
- फलस्वरूप 4 जुलाई, 1966 को पहली बार स्वायत्त रूप से प्रेस परिषद की स्थापना हुई जिसने 16 नवंबर, 1966 को कार्य करना प्रारंभ किया था इसलिए प्रतिवर्ष 16 नवंबर को 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

संबंधित लिंक

http://www.presscouncil.nic.in/OldWebsite/npd.htm
http://www.presscouncil.nic.in/Content/29_3_History.aspx
http://www.thehindu.com/news/national/other-states/on-national-press-day-rajasthan-patrika-leaves-its-editorial-blank/article20469545.ece

लोक प्रसारण दिवस

प्रश्न-'लोक प्रसारण दिवस' कब मनाया जाता है?



(a) 13 नवंबर (b) 11 नवंबर (c) 15 नवंबर (d) 12 नवंबर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2017 को देशभर में 'लोक प्रसारण दिवस' (Public Service Broadcasting Day) मनाया गया।
- यह दिवस वर्ष 1947 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पहले और आखिरी बार दिल्ली स्थित आकाशवाणी के स्टूडियो में आगमन की स्मृति में मनाया जाता है।

संबंधित लिंक

http://www.newsbharati.com/Encyc/2017/11/12/Public-service-broadcasting-day.html
http://airworldservice.org/english/archives/58268

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस



प्रश्न-'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 11 नवंबर (b) 13 नवंबर (c) 10 नवंबर (d) 14 नवंबर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2017 को संपूर्ण देश में 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' (National Education Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस महान स्वतत्रंता सेनानी और भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/education/national-education-day-maulana-abul-kalam-azad-four-things-you-need-to-know-4931803/
http://indiatoday.intoday.in/education/story/national-education-day-2017/1/1087319.html

लीगल सर्विसेज वीक

प्रश्न-उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष राज्य में विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है-



(a) 8 नवंबर को (b) 9 नवंबर को (c) 11 नवंबर को (d) 12 नवंबर को

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2017 को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य में विधिक सेवा दिवस मनाया गया।
- इसका मुख्य उद्देश्य 'सभी के लिए न्याय की पहुंच' (Access to Justice for All) था।
- ज्ञातव्य है कि 9 नवंबर, 1987 को राज्य विधिक सेवा अधिनियम अस्तित्व में आया था। इसी कारण प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है।
- राज्य में 9-19 नवंबर, 2017 तक लीगल सर्विसेज वीक (विविध सेवा सप्ताह) आयोजित किया जा रहा है।
- इसका आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।
- एक सप्ताह तक संचालित इस अभियान का नाम 'कनेक्टिंग टू सर्व (Connecting to Serve) रखा गया है।
- इसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के लोगों को विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा निःशुल्क विधिक सेवाएं, विधिक सेवा क्लीनिक्स की उपयोगिता, फ्रंट कार्यालय, विधिक सहायता हेल्पलाइन

नंबर आदि के विषय में जानकारी प्रदान करना और ऐसे लोगों को चिह्नित करना, जिन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है।

संबंधित लिंक

http://upslsa.up.nic.in/news%20Dainik%20jagran.jpeg

विश्व मधुमेह दिवस



प्रश्न-विश्व मधुमेह दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 12 नवंबर (b) 15 नवंबर (c) 14 नवंबर (d) 18 नवंबर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मधुमेह दिवस' (World Diabetes Day) मनाया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-''महिलाएं एवं मधुमेह: स्वस्थ भविष्य के लिए हमारे अधिकार' (Women and Diabetes: our right to a healthy future)
- यह दिवस इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (I.D.F.) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) द्वारा वर्ष 1991 में स्थापित किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस डॉ. फ्रेडरिक ग्रांट बैंटिंग के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।
- डॉ. फ्रेडरिक बैंटिंग ने चार्ल्स बेस्ट के साथ वर्ष 1921 में इंसुलिन की खोज की थी।
- जिन्हें जॉन मैक्लोड के साथ चिकित्सा (Physiology) का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में प्रतिवर्ष 14 नवंबर को 'विश्व मधुमेह दिवस' मनाने की घोषणा की थी।
- वर्ष 2014 में वैश्विक स्तर पर लगभग 422 मिलियन युवा मधुमेह से ग्रसित रहे, जबकि वर्ष 1980 में 108 मिलियन युवा इससे ग्रसित थे।

संबंधित लिंक

https://www.idf.org/our-activities/world-diabetes-day/wdd-2017.html
http://www.un.org/en/events/diabetesday/

विश्व बचत दिवस, 2017

प्रश्न-संपूर्ण विश्व में विश्व बचत दविस 31 अक्टूबर, को मनाया जाता है। भारत में यह किस दिन मनाया जाता है?



(a) 1 नवंबर (b) 30 अक्टूबर (c) 28 अक्टूबर (d) 2 नवंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- विश्व बचत दिवस (World Savings Day) सभी व्यक्तियों और समस्त राष्ट्रों की बचत एवं वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्व भर में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- 31 अक्टूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के निधन के कारण सारे भारत में विश्व बचत दिवस प्रतिवर्ष 30 अक्टूबर, को मनाया जाता है।
- वर्ष 1924 में 31 अक्टूबर को विश्व बचत दिवस के रूप में नामित किया गया था।
- यह 1924 में मिलान (इटली) में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय बचत कांग्रेस का अंतिम दिन था।
- इस दिवस का मुख्य विषय-'हमारा भविष्य बचत के साथ शुरू होता है' (Our Future Starts with Savings) था।

संबंधित लिंक

https://www.wsbi-esbg.org/Events/WSD

पहला अंतरराष्ट्रीय राजनयिक दिवस

प्रश्न-हाल ही में ब्राजीलिया में पहला अंतरराष्ट्रीय दिवस किस दिन मनाया गया?

(a) 22 अक्टूबर (b) 24 अक्टूबर (c) 26 अक्टूबर (d) 20 अक्टूबर



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- ब्राजीलिया में पहला अंतरराष्ट्रीय राजनयिक दिवस 24 अक्टूबर, 2017 को मनाया गया।
- भारत, ब्राजील, बांग्लादेश, घाना, फ्रांस, इटली, इजराइल, टर्की, मैक्सिको तथा दक्षिण अफ्रीका के राजनयिकों ने इस समारोह में प्रतिभाग किया।
- भारतीय राजनयिक अभय कुमार ने इस समारोह के आयोजन का प्रस्ताव किया था।
- इस दिवस का उद्देश्य राजनयिकों और उनके परिवारों द्वारा कठिन मेहनत और त्याग को पहचान दिलाना है।

संबंधित लिंक

https://www.aninews.in/news/world/asia/first-international-day-of-diplomats-celebrated-in-brasilia20171025094501000 3/

पुस्तकें

पुस्तक-'गीता रीविजेटेड'

प्रश्न-अगे्रंजी पुस्तक 'गीता रीविजेटेड' के लेखक कौन हैं?

(a) देवेंद्र पाल (b) हृदय नारायण दीक्षित

(c) प्रमोद कुमार (d) राम निवास गोयल



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 नवंबर, 2017 को लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने अंग्रेजी में लिखित पुस्तक 'गीता रीविजेटेड' (Gita Revisited) का ढाका में लोकार्पण किया।
- यह पुस्तक उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित द्वारा लिखी गई है।
- लोकार्पण समारोह के दौरान मंच पर लोकसभाध्यक्ष के साथ बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त हर्षवर्धन शृंगला तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष मौजूद थे।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/mahajan-unveils-book-on-gita-by-up-assembly-speaker-117110801603_1.html
http://www.khaskhabar.com/local/uttar-pradesh/lucknow-news/news-uttar-pradesh-assembly-speaker-hriday-narayan-dixit-written-book-geeta-revisited-unveil-in-dhaka-news-hindi-1-270286-KKN.html

विविध

साइनबोर्ड पर जनजातीय भाषा अनिवार्य

प्रश्न-किस राज्य के 60 प्रतिशत से अधिक आदिवासी 'कोकबोरोक' भाषा बोलते हैं?

(a) छत्तीसगढ़ (b) त्रिपुरा (c) झारखंड (d) अरुणाचल प्रदेश



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2017 को त्रिपुरा सरकार द्वारा सभी सरकारी इमारतों के साइनबोर्ड, नामपट्टिका और अन्य नोटिस बोर्ड पर जनजातीय भाषा और नाम का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया।
- राज्य में जनजातीय नाम और जनजातीय भाषा 'कोकबोरोक' लिखने के काम की निगरानी हेतु एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है।
- ज्ञातव्य है कि त्रिपुरा की कुल आबादी 37 लाख है जिसमें एक तिहाई हिस्सा आदिवासियों का है।

- इस राज्य के 11,66,813 आदिवासियों में से 60 प्रतिशत से अधिक कोकबोरोक भाषा बोलते हैं।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/news-ians/tripura-makes-using-tribal-language-on-signboards-mandatory-117111900327_1.html

पनडुब्बी 'एआरएसैन जुआन'

प्रश्न-हाल ही में पनडुब्बी 'एआरए सैन जुआन' अटलांटिक तट से लापता हो गई। यह किस देश से संबंधित है?

(a) ब्राजील (b) कोलम्बिया (c) अर्जेंटीना (d) चिली



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में अर्जेंटीना नौसेना की पनडुब्बी 'एआरए सैन जुआन' अटलांटिक तट से लापता हो गई।
- यह पनडुब्बी ब्यूनस आयर्स से प्यूर्टो मैड्रिन में अर्जेंटीना के विशेष आर्थिक क्षेत्र में सर्वेक्षण मिशन पर रवाना हुआ था।
- 19 नवंबर, 2017 को अमेरिकी दक्षिणी कमान ने दूसरा विमान तलाशी अभियान में मदद के लिए भेजा।
- इससे पूर्व दक्षिण कमान नासा से जुड़ा पी-3 सर्विलांस विमान भी भेज चुका है।

संबंधित लिंक

http://edition.cnn.com/2017/11/22/americas/argentina-missing-submarine/index.html

AAAS द्वारा जारी टॉप 20 नियोक्ताओं की सूची

प्रश्न-वर्ष 2017 में अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ साइंस (AAAS) द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में कौन-सी भारतीय कंपनी को टॉप 20 नियोक्ताओं की सूची में 9वां स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) शांता बायोटेक्निक्स लि. (b) बॉकहार्ट

(c) बायोकॉन (d) डॉ. रेड्डी लेबोरेटोरीज लि.



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 अक्टूबर, 2017 को 'अमेरिकन एसोसिएशन फार द एडवांसमेंट ऑफ साइंस' (AAAS) ने वर्ष 2017 के लिए 'टॉप 20 नियोक्ताओं' की सर्वेक्षित सूची जारी की।
- इस सूची में अमेरिका की रिजेनेरॉन (Regeneron) पहले, डेनमार्क की नोवोजाइम्स (Novozymes) दूसरे तथा अमेरिका की वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स तीसरे स्थान पर है।
- भारत की जैव-प्रौद्योगिकी एवं औषधि कंपनी 'बायोकॉन लिमिटेड' इस सूची में 9वें स्थान पर है। पिछले वर्ष 2016 में भी यह 9वें स्थान पर थी।

- बायोकॉन को अभिनव नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा स्पष्ट दृष्टिकोण के लिए सूची में स्थान दिया गया।
- बायोकॉन की स्थापना वर्ष-1978 में बंगलुरू में की गई थी।
- अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ साइंस विश्व की सबसे बड़ी वैज्ञानिक संस्था एवं वैज्ञानिक पत्रिकाओं की प्रकाशक है जिसकी स्थापना वर्ष 1848 में की गई थी।
- इससे लगभग 250 वैज्ञानिक स्थाएं एवं अकादमी सम्बद्ध हैं।
- यह लाभरहित संस्था विज्ञान नीति, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम तथा विज्ञान-शिक्षा के माध्यम से अपने मिशन 'एडवांस साइंस एंड सर्व सोसाइटी' (Advance Science and Serve Society) को पूरा करती है।

संबंधित लिंक

http://www.sciencemag.org/features/2017/10/top-employers-2017-high-marks-innovation-long-term-vision-and-social-responsibility
https://www.biocon.com/biocon_press_releases_251017.asp

बिहार कृषि रोड मैप, 2017-22

प्रश्न-हाल ही में भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बिहार कृषि रोड मैप का शुभारंभ किस स्थान से किया?

(a) पटना (b) राजगीर (c) गया (d) बक्सर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2017 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पटना में चंपारण आंदोलन के शताब्दी समारोह पर 'बिहार कृषि रोड मैप 2017-22' की शुरूआत की।
- कृषक समुदाय को सशक्त बनाने तथा कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार हेतु तीसरे 'कृषि रोड मैप' का शुभारंभ किया गया।
- पहले कृषि रोड मैप का शुभारंभ वर्ष-2008 में किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि बिहार में चंपारण आंदोलन का शताब्दी समारोह अप्रैल, 2017 से मनाया जा रहा है।
- महात्मा गांधी ने इस आंदोलन के माध्यम से इस बात पर महत्व दिया था कि किसान भारतीय जीवन तथा नीति निर्माण के केंद्र में हैं जो आज भी सत्य है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173341
http://www.newsbharati.com/Encyc/2017/11/9/Bihar-Krishi-Road-map.html

भारत की प्रथम 'एयर डिस्पेंसरी'

प्रश्न-भारत की प्रथम 'एयर डिस्पेंसरी' देश के किस क्षेत्र में स्थापित की जाएगी?

(a) उत्तरी क्षेत्र (b) दक्षिणी क्षेत्र (c) पूर्वोत्तर क्षेत्र (d) पश्चिमोत्तर क्षेत्र



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2017 को केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पीएमओ, कार्मिक, जन शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने घोषणा की कि भारत की पहली 'एयर डिस्पेंसरी' पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। यह हेलीकॉप्टर के माध्यम से संचालित होगी।
- इस योजना के तहत हेलीकॉप्टर को दो स्थलों यथा मणिपुर के इम्फाल और मेघालय के शिलांग में अवस्थित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि इन दोनों ही शहरों में प्रमुख स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान हैं जहां के विशेष डॉक्टर आवश्यक उपकरणों एवं सहायक कर्मचारियों के साथ हेलीकॉप्टर के जरिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी आठों राज्यों के विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर डिस्पेंसरी/ओपीडी सेवा मुहैया करा सकते हैं।
- आरंभ में इम्फाल, गुवाहाटी और डिब्रूगढ़ के आस-पास अवस्थित क्षेत्र में छह मार्गों पर दोहरे इंजन वाले तीन हेलीकॉप्टरों का परिचालन सुनिश्चित किया जाएगा।
- इस सेवा के वर्ष 2018 तक प्रारंभ होने की संभावना है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173438

छत्तीसगढ़ में माओवाद प्रभावित जिलों हेतु सहायता राशि की घोषणा

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के माओवादी उग्रवाद से प्रभावित जिलों के विकास हेतु कितनी राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की गई?

(a) 500 करोड़ रुपये (b) 600 करोड़ रुपये

(c) 700 करोड़ रुपये (d) 750 करोड़ रुपये



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 नवंबर, 2017 को केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के माओवादी उग्रवाद से प्रभावित जिलों के विकास हेतु 700 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।
- यह निर्णय केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।
- विशेष केंद्रीय सहायता योजनांतर्गत तीन वर्षों में यह सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

संबंधित लिंक

http://www.ddinews.gov.in/national/centre-provide-rs-700-crore-development-maoist-affected-districts-chhattisgarh

विश्व की सबसे ऊंची सड़क

प्रश्न-हाल ही में भारत के सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने किस क्षेत्र में प्रोजेक्ट हिमांक के तहत विश्व की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण किया?



(a) खर्दुंग ला (b) लद्दाख (c) चांग्ला वास (d) डोकलाम

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में भारत के सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने लद्दाख क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर) में विश्व की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण किया।
- बीआरओ द्वारा निर्मित यह सड़क वाहन चलाने योग्य है।
- यह सड़क 19,300 फीट की ऊंचाई पर निर्मित की गई है जो उमलिंगा टॉप से होकर गुजरती है।
- इस सड़क का निर्माण प्रोजेक्ट हिमांक के तहत किया गया है।
- सड़क की लंबाई 86 किमी. है।
- यह सड़क लेह से 230 किमी. की दूरी पर स्थित चिसुम्ले और डेमचोक गांव को जोड़ती है।
- यह भारत और चीन की सीमा के निकट स्थित है।
- ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व प्रोजेक्ट हिमांक के तहत 17,900 फीट की ऊंचाई पर खर्दुंग ला और 17,695 Òीट की ऊंचाई पर 'चांग्ला पास' में सड़क का निर्माण किया जा चुका है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/bro-builds-worlds-highest-motorable-road-in-ladakh/1/1080817.html
http://www.tribuneindia.com/news/jammu-kashmir/world-s-highest-motorable-road-ready-in-ladakh/491489.html

मुधोल शिकारी कुत्ता

प्रश्न-मुधोल शिकारी कुत्ता किस राज्य में पाया जाता है?



(a) प. बंगाल (b) असम (c) कर्नाटक (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मुधोल शिकारी कुत्ता पहला भारतीय नस्ल का कुत्ता है जिसे भारतीय सेना में शामिल किया जायेगा।
- मेरठ में सेना की रीमाउंट एंड वेटरनेरी कोर (RVC) सेंटर में देसी नस्ल के 6 मुधोल शिकारी कुत्तों की ट्रेनिंग पूरी कर ली गयी है और इन्हें वर्ष 2017 के अंत तक सेना में शामिल कर लिया जायेगा।

- इन शिकारी कुत्तों की पहली तैनाती जम्मू और कश्मीर में की जाएगी।
- मुधोल शिकारी कुत्ता उत्तरी कर्नाटक में पाया जाता है जो अपनी धैर्य, चपलता (चुस्ती), गति और स्टेमिना के लिए जाना जाता है।
- मुधोल कुत्ता ईरानी, टर्की और स्थानीय प्रजाति का संकर है।
- इसके पहले भारतीय सेना जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर्स और ग्रेट स्विस माउंटेन डॉग्स जैसे विदेशी नस्लों के कुत्तों का इस्तेमाल करती रही है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/canine-breed-mudhol-hound-karnataka-dog-indian-army/1/1080999.html
http://www.thehindu.com/news/national/a-made-in-india-hound-for-the-army/article19940354.ece
http://www.defencenews.in/article/A-Made-in-India-hound-for-the-Army-444177

सर्वाधिक कमाई करने वाले मृतक सेलिब्रिटियों की सूची

प्रश्न-हाल ही में फोर्ब्स पत्रिका द्वारा जारी सर्वाधिक कमाई करने वाले मृतक सेलिब्रिटी की सूची में शीर्ष स्थान पर कौन है?



(a) माइकल जैक्सन (b) एल्विस प्रेस्ली (c) बॉब मारले (d) मर्लिन मुनरो

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2017 को प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स द्वारा जारी सर्वाधिक कमाई करने वाले सेलिब्रिटियों की सूची में माइकल जैक्सन (75 मिलियन डॉलर) लगातार 5वें वर्ष शीर्ष पर रहे।
- माइकल जैक्सन अमेरिकी पॉप सिंगर और डांसर थे जिनकी मृत्यु दिल का दौरान पड़ने के कारण वर्ष 2009 में हुआ था।
- इस सूची में दूसरे स्थान पर गोल्फर अर्नोडल पाल्मर (40 मिलियन डॉलर), तीसरे स्थान पर कार्टूनिस्ट चार्ल्स शूल्ज (38 मिलियन डॉलर), चौथे स्थान पर अभिनेता और गायक एवं संगीतकार एल्विस प्रेस्ली (35 मिलियन डॉलर) और पांचवे स्थान पर गायक एवं संगीतकार बॉब मारले (23 मिलियन डॉलर) रहे।

संबंधित लिंक

https://www.forbes.com/sites/zackomalleygreenburg/2017/10/30/the-top-earning-dead-celebrities-of-2017/#6456441341f5
https://www.forbes.com/pictures/59ee26294bbe6f37dda0f050/highest-paid-dead-celebri/#3f9adc0d324f

पीएफएमएस के अनिवार्य उपयोग का शुभारंभ

प्रश्न-वर्तमान में केंद्रीय क्षेत्र की कितनी योजनाएं भारत सरकार के केंद्रीय क्षेत्र की सभी योजनाओं के लिए सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली' (पीएफएमएस) के दायरे में आ चुकी हैं?

(a) 10 (b) 12 (c) 13 (d) 15

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2017 को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री अरुण जेटली द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भारत सरकार के केंद्रीय क्षेत्र की सभी योजनाओं के लिए सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के अनिवार्य उपयोग का शुभारंभ किया गया।
- इसके माध्यम से क्रियान्वयनकारी एजेंसियों तक धनराशि के होने वाले प्रवाह की निगरानी की जाएगी।
- पीएफएमएस द्वारा धनराशि की निगरानी संभव होने से यह ज्ञात किया जा सकता है कि केंद्र एवं राज्य सरकारों की क्रियान्वयनकारी एजेंसियों द्वारा धनराशि के उपयोग की वास्तविक स्थिति क्या है।
- पीएफएमएस से न केवल धनराशि पर पूर्णतः निगरानी रखने में मदद मिलेगी अपितु इससे समय पर धन का हस्तांतरण भी सुनिश्चित हो सकेगा।
- ज्ञातव्य है कि वर्तमान में केंद्रीय क्षेत्र की 13 योजनाएं पीएफएमएस के दायरे में आ चुकी हैं।
- इसके माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आयेगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=171984
nce-minister-arun-jaitley/articleshow/61278917.cms

कपट जोखिम प्रबंधन-नई पहलें

प्रश्न-हाल ही में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा 'कपट जोखिम प्रबंधन-नई पहलें' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कहां किया गया?

(a) मुंबई (b) नई दिल्ली (c) जयपुर (d) नोएडा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर, 2017 को इंडिया हेबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- इस संगोष्ठी का विषय (Theme) 'कपट जोखिम प्रबंधन-नई पहलें' था।
- यह संगोष्ठी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2017 के एक भाग के रूप में आयोजित हुई।
- संगोष्ठी का उद्घाटन सतर्कता आयुक्त डॉ.टी.एस. भसीन ने किया।

- इस संगोष्ठी के दौरान ईपीएफओ की पहलों और उपलब्धियों के विषय में एक वृत्त-चित्र भी प्रदर्शित किया गया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173208
https://orissadiary.com/vigilance-commissioner-cvc-t-m-bhasin-addressing-national-seminar-fraud-risk-management-new-initiatives/

ग्राहक सड़क कोयला वितरण एप

प्रश्न-हाल ही में 'ग्राहक सड़क कोयला वितरण एप' पीयूष गोयल द्वारा जारी किया गया। वह किस मंत्रालय से संबंधित हैं?



(a) रेल एवं कोयला मंत्रालय (b) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
(c) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (d) कृषि एवं ग्रामीण उद्योग मंत्रालय

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2017 में रेल एवं कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने 'ग्राहक सड़क कोयला वितरण' (Grahak Sadak Koyla Vitaran) एप लांच किया।
- इससे कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के ग्राहक सड़क पर चलने वाले साधन के माध्यम से कोयला उठाने में लाभान्वित होंगे।
- इस 'ग्राहक अनुकूल एप' की सहायता से प्रेषण आपरेशनों में पारदर्शिता आएगी। प्रेषण ऑपरेशन 'पहले आओ पहले जाओ' (First In First Out) सिद्धांत पर आधारित होता है।
- इस एप की मुख्य विशेषता यह है कि इसके माध्यम से तिथि एवं ट्रक के अनुसार आंकड़े प्राप्त किए जा सकते हैं कि कितनी मात्रा में कोयला वितरित किया जा चुका है।
- यह एप डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कोल इंडिया लिमिटेड की पहल है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173288
http://www.thehindubusinessline.com/companies/cil-launches-grahak-sadak-koyla-vitaran-app/article9947000.ece
https://www.coalindia.in/DesktopModules/DocumentList/documents/Hon%E

उर्वरक कपंनियों को बकाया सब्सिडी के भुगतान हेतु मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा वर्ष 2016-17 के दौरान उर्वरक कंपनियों को बकाया सब्सिडी भुगतान हेतु कितनी राशि के विशेष बैंकिंग व्यवस्था के कार्यान्वयन हेतु उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई?



(a) 8,985 करोड़ रुपये (b) 9,969 करोड़ रुपये

(c) 10,000 करोड़ रुपये (d) 12,000 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2017 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा वर्ष 2016-17 के दौरान उर्वरक कंपनियों को बकाया सब्सिडी भुगतान हेतु 10,000 करोड़ रुपये राशि की विशेष बैंकिंग व्यवस्था के कार्यान्वयन हेतु उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को कार्योत्तर मंजूरी प्रदान की गई।
- ज्ञातव्य है कि इस विशेष बैंकिंग व्यवस्था के अंतर्गत सरकार द्वारा बकाया सब्सिडी के भुगतान बिलों के निपटान हेतु भारतीय स्टेट बैंक (SBI) से 9,969 करोड़ रुपये का ऋण लिया गया था।
- सरकार ने उपर्युक्त ऋण राशि को 80.90 करोड़ रुपये की ब्याज देयता के साथ एसबीआई को भुगतान किया था।
- उल्लेखनीय है कि सरकार उर्वरक विनिर्माताओं/आयतकों के माध्यम से सब्सिडी प्राप्त मूल्यों पर किसानों को उर्वरक नामतः यूरिया और पीएंडके (P&K) उर्वरकों की 21 ग्रेडें उपलब्ध करा रही है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=173137
http://www.news18.com/news/business/cabinet-approves-special-banking-arrangement-for-paying-subsidies-to-fertiliser-firms-1564037.html